CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

नई दिल्ली, रविवार 24 अगस्त 2025 राष्ट्रीय संस्करण: वर्ष 23 अंक 142 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

अधिकतम :32°C
न्यूनतम: 25°C

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | भाद्रपद कृष्ण पक्ष 14 विक्रमी सम्वत् 2082 | 29 सफर 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



देश की प्रगति के लिए एक राष्ट्र, एक चुनाव जरूरी: चौहान पेज 2



भारत ने एयर राइफल में दो मिश्रित टीम स्वर्ण जीते खेल टाइम्स



सर्जियो भारत में अमेरिकी राजदूत बने पेज 11



पिता के खिलाफ जाकर एक्ट्रेस बनी वाणी कपूर बॉलीवुड

# उत्तराखंड में नहीं थम रहा आपदा की विभीषिका का दंश

## थराली आबादी क्षेत्र में टुनरी गदेरे ने मचाया गदर, एक की मौत, सीएम धामी कर रहे निगरानी



शाह टाइम्स ब्यूरो

**चमोली /देहरादून।** उत्तराखंड में आपदा का दंश रुकने का नाम नहीं ले रहा है। इस बार के मानसून में ही कुछ दिनों पहले धराली आपदा, फिर स्याना चट्टी की झील और अब थराली कस्बे में आपदा का दर्द सहना पड़ रहा है।

बीती रात तहसील थराली के अंतर्गत टुनरी गदेरे में पानी बढ़ने के कारण तहसील परिसर, चेपड़ो बाजार, कोटदीप बाजार और कुछ घरों में 1 से 2 फीट मलबा घुस गया और कुछ वाहन भी मलबे में दबे है। रा.उ.नि. थराली द्वारा बताया गया कि ग्राम संगवाड़ा में एक मकान में मलबा आने के कारण एक लड़की मलबे में दब गई थी जिसके शव को डीडीआरएफ थराली के जवानों के द्वारा रेस्क्यू किया गया। इसके अलावा अतिवृष्टि के कारण ग्राम चेपड़ो में एक व्यक्ति लापता है जिसकी खोजबीन प्रशासन द्वारा की जा रही है। जिला प्रशासन राहत व बचाव कार्य में जुटा है। जिलाधिकारी संदीप तिवारी स्वयं मौके पर मौजूद रहकर राहत-बचाव कार्यों का निरीक्षण कर रहे हैं। एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और पुलिस बल की टीमें राहत बचाव का कार्य कर रही हैं। शनिवार को मौके पर जिला प्रशासन, तहसील प्रशासन, पुलिस विभाग, डीडीआरएफ के सात जवान, एनडीआरएफ के 27 जवान, एसडीआरएफ के 12 जवान, एसएसबी ग्वालदम के 12 जवान, बीआरओ, स्वास्थ्य विभाग एवं अन्य विभागीय अधिकारियों की तैनाती कर दी गई है।

**तेजी से चल रहे राहत कार्य, प्रशासन के साथ एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, आईटीबीपी व एसएसबी की टीमें जुटीं**

### थराली आपदा : सीएम धामी ने दु:ख जताया

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने चमोली जनपद के थराली क्षेत्र में शुक्रवार देर रात बादल फटने के कारण मलबे में दबने से एक युवती के निधन पर गहरा दु:ख प्रकट करते हुए एक व्यक्ति के लापता होने की सूचना पर उनके सुरक्षित व सकुशल होने की कामना की है। इस बीच मुख्यमंत्री के निर्देश पर पुलिस, आपदा प्रबंधन विभाग और जिला प्रशासन की टीमें मौके पर पहुंचकर बचाव और राहत कार्य में जुट गई हैं।

# मखाना किसानों की दुर्दशा के लिए सरकार दोषी: राहुल

पटना, वार्ता

**लोकसभा में** नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस के नेता राहुल गांधी ने सरकार पर हमला बोला और कहा कि दलित और पिछड़े किसानों, खासकर बिहार के मखाना उत्पादकों की दुर्दशा के लिए सरकार जिम्मेदार है।

श्री गांधी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में लिखा कि वोट चोरी करने वाली सरकार अति पिछड़े, दलित मजदूरों और किसानों की न तो कद्र करती है और न ही उनकी परवाह करती है। वर्तमान सरकार बिहार की गरीब जनता को ना तो न्याय दे रही है और ना ही उनकी आय के साधन बढ़ाने पर ध्यान दे रही है। उन्होंने कहा कि वोट का अधिकार और आजीविका का अधिकार एक ही सिक्के के दो पहलू हैं और हमारा गठबंधन ध्यान रखेगा कि गरीब जनता इसे खो ना दे। श्री गांधी ने बिहार में चल रही वोटर अधिकार यात्रा के दौरान मखाना किसानों से उनके खेतों में मुलाकात की। और उनकी शिकायतें सुनीं।

**वोट चोरी करने वाली सरकार किसानों की कद्र नहीं करती**

### प्रियंका, अखिलेश, स्टालिन व सोरेन यात्रा में होंगे शामिल

**नई दिल्ली।** अध्यक्ष राहुल गांधी की वोट चोरी के खिलाफ बिहार में चल रही वोटर अधिकार यात्रा में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ ही इंडिया गठबंधन के अखिलेश यादव, एम के स्टालिन तथा हेमंत सोरेन जैसे प्रमुख नेता भी शामिल होंगे।

### पुलिस मुठभेड़ में एक लाख का इनामी बदमाश ढेर

**आजमगढ़।** उप्र पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने आजमगढ़ जिले के जहानागंज क्षेत्र में शनिवार तड़के एक सशस्त्र मुठभेड़ में एक लाख रुपये के इनामी बदमाश को मार गिराया। एसटीएफ वाराणसी इकाई को सूचना मिली थी कि लूट और हत्या के मामलों में वांछित एक लाख रुपये का इनामी अपराधी शंकर कनौजिया आजमगढ़ क्षेत्र में अपने गिरोह के साथ किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में है। इस सूचना के आधार पर निरीक्षक पुनीत परिहार के नेतृत्व में उपनिरीक्षक आलोक सिंह, मुख्य आरक्षी अनिल चौरसिया, सुमित सिंह और राजेंद्र पांडेय की टीम ने जहानागंज थाना क्षेत्र में कार्रवाई शुरू की। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तारी के दौरान शंकर कनौजिया ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से गोली चलाना शुरू कर दिया। पुलिस टीम के सदस्य बाल-बाल बच गए। जवाबी कार्रवाई में गोली लगने से शंकर कनौजिया गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे तत्काल नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### पूर्व जज का बयान अपमानजनक: एससीडब्ल्यूएलए

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट महिला वकील संघ (एससीडब्ल्यूएलए) ने सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जज मार्कंडेय काटजू की टिप्पणी को चौंकाने वाला और अपमानजनक बताया है। काटजू ने 20 अगस्त को सोशल मीडिया पर लिखा था कि जिन महिला वकीलों ने मुझे आंख मारी, मैंने उनके पक्ष में फैसला दिया। एससीडब्ल्यूएलए ने शनिवार को कहा कि यह बयान हर महिला वकील की गरिमा, ईमानदारी और पेशेवर पहचान पर सीधा हमला है। ऐसे शब्द महिलाओं की मेहनत और योग्यता को कमतर दिखाते हैं। एससीडब्ल्यूएलए ने कहा एक पूर्व जज, जिन्हें कभी संविधान की रक्षा और न्यायिक मूल्यों को बनाए रखने की जिम्मेदारी सौंपी गई थी, उनसे ऐसी सोच की उम्मीद नहीं थी। ऐसे बयान न्यायपालिका की निष्पक्षता पर सवाल उठाते हैं और समाज में गलत धारणाओं को बढ़ावा देते हैं।

# भारत ने की अमेरिकी पोस्टल सर्विस सस्पेंड

## अब अमेरिका जाने वाले सभी सामानों पर लगेगी ड्यूटी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** ट्रम्प के टैरिफ के जवाब में भारतीय डाक विभाग 25 अगस्त से अमेरिका के लिए सभी तरह के डाक सामानों की बुकिंग सस्पेंड करने जा रहा है। फिलहाल ये फैसला अस्थायी रूप से लागू होगा। शनिवार को डाक विभाग ने एक प्रेस नोट जारी कर इसकी जानकारी दी।

पोस्टल डिपार्टमेंट ने कहा कि 29 अगस्त से अमेरिका जाने वाले सभी अंतर्राष्ट्रीय डाक सामानों पर देश-विशेष इंटरनेशनल इमरजेंसी इकोनॉमिक पावर एक्ट (आईईईपीए) टैरिफ स्ट्रक्चर के अनुसार कस्टम ड्यूटी देनी होगी। चाहे उनकी कीमत कितनी भी हो। हालांकि, 100 डॉलर (करीब 8,700 रुपये) तक की कीमत वाले गिफ्ट आइटम्स को ड्यूटी से छूट मिलती रहेगी। ये फैसला अमेरिकी प्रशासन के 30 जुलाई को जारी किए गए कार्यकारी आदेश के बाद लिया गया है, जिसमें 800 डॉलर (करीब 70 हजार रुपये) तक की कीमत वाले सामान पर दी जाने वाली ड्यूटी-फ्री छूट को खत्म कर दिया गया है। डाक सेवाओं का बंद होना उस समय हो रहा है जब भारत और अमेरिका के बीच बिजनेस टेंशन बढ़ रही है। हाल ही में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने भारत पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाया है। वहीं, रूस से तेल खरीदने की वजह से 25 प्रतिशत एक्स्ट्रा टैरिफ पेनल्टी के रूप में लगाया है। इससे भारत पर टोटल अमेरिकी टैरिफ 50 प्रतिशत हो गया है।



**महज 100 डॉलर तक के गिफ्ट पर छूट मिलेगी**

### भारत-अमेरिका की कट्टी नहीं: जयशंकर

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा कि अभी भी भारत-अमेरिका के बीच ट्रेड को लेकर बातचीत जारी है और उनके बीच कोई 'कट्टी (झगड़ा)' नहीं हुआ है। नई दिल्ली में आयोजित इकोनॉमिक टाइम्स वर्ल्ड लीडर्स फोरम 2025 में शनिवार को बोलते हुए जयशंकर ने कहा कि भारत किसानों और छोटे उत्पादकों के हितों को ध्यान में रखकर फैसले ले रहा है। रूसी तेल खरीद पर उन्होंने कहा कि भारत अपने राष्ट्रीय हित को देखते हुए ही फैसले लेगा।

### जयशंकर ने ट्रम्प को दिखाया आईना कहा: पाकिस्तान के मामले में कभी भी किसी की मध्यस्थता स्वीकार नहीं की

**नई दिल्ली।** भारत-पाकिस्तान संघर्ष विराम कराने का दावा कर रहे अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को विदेश मंत्री डा. एस. जयशंकर ने आईना दिखाया। विदेश मंत्री ने साफ तौर पर कहा कि हमने पाकिस्तान के मामले में कभी भी किसी की मध्यस्थता स्वीकार नहीं की। पाकिस्तान के साथ मध्यस्थता को लेकर भारत का रुख हमेशा स्पष्ट रहा है और आगे भी रहेगा। विदेश मंत्री डा. एस. जयशंकर ने कहा कि भारत-पाकिस्तान संघर्ष के मुद्दे पर हमने 1970 से लेकर अब तक 50 साल में कभी भी किसी की मध्यस्थता स्वीकार नहीं की। भारत में हमेशा से राष्ट्रीय सहमति रही है कि हम पाकिस्तान के साथ अपने संबंधों में मध्यस्थता स्वीकार नहीं करते हैं। जब व्यापार की बात आती है, किसानों के हितों की बात आती है, जब हमारी रणनीतिक स्वायत्तता की बात आती है, जब मध्यस्थता के विरोध की बात आती है, तो सरकार बहुत स्पष्ट है।



# रिलायंस कम्युनिकेशंस पर 2000 करोड़ की बैंक धोखाधड़ी का केस दर्ज

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने कथित बैंक धोखाधड़ी के सिलसिले में शनिवार को रिलायंस कम्युनिकेशंस के खिलाफ मामला दर्ज किया और उसके परिसरों की तलाशी ली। इस धोखाधड़ी से भारतीय स्टेट बैंक को 2,000 करोड़ रुपये से अधिक का नुकसान हुआ है।

उन्होंने बताया कि एजेंसी आरकॉम और उसके प्रमोटर निदेशक अनिल अंबानी से जुड़े परिसरों की तलाशी ले रही है। सीबीआई ने यह कार्रवाई भारतीय स्टेट बैंक की शिकायत के आधार पर की है, जिसने 13 जून को इन संस्थाओं को धोखाधड़ी के रूप में वर्गीकृत किए जाने के बाद एजेंसी से संपर्क किया था। यह कार्रवाई आरबीआई के धोखाधड़ी जोखिम प्रबंधन पर मास्टर निर्देशों और बैंक के बोर्ड द्वारा अनुमोदित धोखाधड़ी के वर्गीकरण, रिपोर्टिंग और प्रबंधन नीति के अनुसार की गई थी। वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने पिछले महीने लोकसभा में एक लिखित उत्तर में कहा था कि 24 जून, 2025 को बैंक ने आरबीआई को धोखाधड़ी के वर्गीकरण की सूचना दी थी और अब वह सीबीआई में शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया चल रही है। उन्होंने बताया था कि आरकाम में एसबीआई के ऋण जोखिम में 26 अगस्त, 2016 से प्रभावी 2,227.64 करोड़ रुपये की निधि-आधारित मूल बकाया राशि (साथ ही अर्जित ब्याज और व्यय) और 786.52 करोड़ रुपये की गैर-निधि-आधारित बैंक गारंटी शामिल है। आरकॉम दिवाला और शोधन अक्षमता संहिता, 2016 के तहत कॉर्पोरेट दिवाला समाधान प्रक्रिया से गुजर रही है। समाधान योजना को लेनदारों की समिति की ओर से अनुमोदित किया गया था और 6 मार्च, 2020 को राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी), मुंबई में दायर किया गया था।



**सीबीआई ने अनिल अंबानी से जुड़े परिसरों की तलाशी ली**

### भारतीय एयरस्पेस पाक के लिए 24 सितम्बर तक बंद

**नई दिल्ली।** भारत ने 24 सितम्बर तक पाकिस्तान के लिए अपना एयरस्पेस बंद रखने का फैसला किया है। भारत ने 22 अप्रैल को हुए पहलगाम आतंकी हमले के बाद एयरस्पेस बंद करने का फैसला लिया था।

# जापान-यूरोप भारतीय स्पेस मिशन को लेकर उत्साहित

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** इसरो ने राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के मौके पर भारत मंडपम में कार्यक्रम का आयोजन किया। द्वितीय अंतरिक्ष दिवस कार्यक्रम में ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला, केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री जितेंद्र सिंह और इसरो अध्यक्ष वी नारायणन ने भाग लिया। अंतरिक्ष दिवस कार्यक्रम में भारतीय अंतरिक्ष यात्री ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला ने कहा कि मैं बहुत उत्साहित हूं कि हम क्या करने की योजना बना रहे हैं।

दो साल पहले हमारे पास यह उत्साह नहीं था। एक साल के अंदर हम यह उत्साह कायम करने में कामयाब रहे हैं। हमारे पास आगे बढ़ने के लिए कई बड़ी महत्वाकांक्षाएं हैं। जैसे गगनयान मिशन, भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन और चंद्रमा पर उतरना। इसके लिए यहां बैठे सभी बच्चों को उत्साहित होना चाहिए। हमें आपकी जरूरत है। उन्होंने कहा कि बड़ी और साहसिक महत्वाकांक्षाओं को पूरा करने के लिए हमें पूरे देश के संसाधनों की आवश्यकता है। यह उत्साह जो मैं यहां देख रहा हूं, वह इस हाल तक सीमित नहीं है। भारत के लिए यह उत्साह पूरी दुनिया में मौजूद है। जापानी और यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसियां हमारे मिशन को लेकर बहुत अधिक उत्साहित हैं। जहां तक अंतरिक्ष अन्वेषण का सवाल है, यह हमारे देश के लिए स्वर्णिम काल है। इससे पहले कार्यक्रम में इसरो अध्यक्ष वी नारायणन ने कहा कि राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के लिए कुछ लोगों को धन्यवाद देना चाहिए।



**अंतरिक्ष दिवस पर भारत मंडपम में कार्यक्रम में बोले भारतीय अंतरिक्ष यात्री ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला**

### भारत अपना स्पेस स्टेशन भी बनाएगा: मोदी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के अवसर पर नई दिल्ली में भारत मंडपम में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान भारतीय अंतरिक्षयात्री शुभांशु शुक्ला के साथ गगनयान मिशन पर जाने वाले अन्य अंतरिक्षयात्री भी मौजूद रहे। साथ ही केंद्रीय विज्ञान और तकनीक मंत्री जितेंद्र सिंह और इसरो के चेयरमैन वी. नारायणन भी कार्यक्रम में मौजूद रहे।

इस कार्यक्रम को प्रधानमंत्री मोदी ने वर्चुअली संबोधित किया। अपने संबोधन में पीएम मोदी ने देशवासियों को दूसरे राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस की बधाई दी। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस बार के अंतरिक्ष दिवस की थीम आर्यभट्ट से गगनयान तक है। इसमें अतीत का आत्मविश्वास भी है और भविष्य का संकल्प भी। आज हम देख रहे हैं कि इतने कम समय में ही राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस हमारे युवाओं के बीच उत्साह और आकर्षण का विषय बन गया है। यह देश के लिए गौरव की बात है।

**अंतरिक्ष क्षेत्र में एक के बाद एक नई उपलब्धि हासिल कर रहा भारत**

मिरगी
घबराएं नहीं उचित इलाज करवाएं

मिरगी कोई भूत-प्रेत, छाया या आत्मा आदि का प्रकोप नहीं है। इसका इलाज नीम-हकीम, फ्कीर और ढोंगी लोग नहीं कर सकते हैं। इसका इलाज केवल उचित दवाओं द्वारा योग्य डाक्टर ही कर सकते हैं। यह एक साधारण रोग है। इसका इलाज संभव है।

मिरगी के लक्षण
- अचानक बेहोश होकर जमीन पर गिर जाना
- आंखे पथराना
- हाथ-पैर ऐंठ जाना
- मुंह से झाग निकलना
- मुंह एक तरफ हो जाना
- जीभ का बाहर व दांतो के बीच आना
- मुट्ठियां कसना
- गर्दन टेढ़ी पड़ना
- अचानक झटका-सा लगना
- घे-घे-औं-औं की आवाज आना



अगर आपमें या आपके आस-पास किसी में इस प्रकार के लक्षण हैं तो विश्व प्रसिद्ध वरिष्ठ मिरगी रोग विशेषज्ञ डा. अय्यूब हसन 'मार्शल' के इलाज से लाभ उठाकर हमेशा के लिए मिरगी से छुटकारा पाएं।

डा. अय्यूब हसन 'मार्शल'
M.B.B.S., G.M.C.S. (U.K.), F.C.G.P., F.A.P.S. (U.S.A.)
M.A.P.A.(U.S.A.), M.R.C.S.M.I.P.S., F.I.P.S., M.I.E.A.(INDIA)

- आजीवन सदस्य भारतीय मिरगी एसोसिएशन
- पूर्व सी.एम.ओ., इरविन अस्पताल, नई दिल्ली
- फैलो ऑफ इंडियन साइकैट्रिक सोसाइटी
- पूर्व सी.एम.ओ., जी.बी. पन्त अस्पताल, नई दिल्ली

मिलने का पता
मार्शल चिकित्सा केन्द्र
निकट चन्द्रा टाकीज़ व सैन्ट्रल बैंक के सामने
मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) मो.: 9997411423, 9358348826

नोट: जांच कराने वाले रोगी बालों को शैम्पू से धोकर आयें
समय 11 बजे से 5 बजे तक मंगलवार अवकाश
असुविधा से बचने के लिए कृपा पहले से समय लेकर मिलें।

## संक्षिप्त समाचार

### चुनाव की गरिमा बनी रहे: विपक्ष के उपराष्ट्रपति कैंडिडेट

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति चुनाव से पहल इंडिया ब्लॉक के उम्मीदवार बी सुदर्शन रेड्डी ने शनिवार को कहा कि वे चाहते हैं कि इस चुनाव की गरिमा बनी रहे और ये अब तक के सभ्य चुनावों में से एक हो। कोई किसी पर पर्सनल अटैक न करे। विपक्ष उम्मीदवार ने कहा- राधाकृष्णन और मेरे बीच कोई निजी लड़ाई नहीं है। हम कभी एक-दूसरे से मिले भी नहीं हैं। इसलिए मैं चाहता हूं कि मुकाबला व्यक्तियों के बीच नहीं बल्कि दो अलग-अलग विचारधाराओं के बीच हो। यह चुनाव दो विचारधाराओं के बीच है। एनडीए उम्मीदवार राधाकृष्णन आरएसएस के सदस्य रहे हैं। मैं उनसे नहीं बल्कि उस विचारधारा से असहमत हूं, जिससे वे जुड़े हैं।

### देश की प्रगति को एक राष्ट्र, एक चुनाव जरूरी: चौहान

**नई दिल्ली।** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शनिवार को यहां 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' को देश की प्रगति के लिए जरूरी बताते हुए देशवासियों से इस अभियान के लिए लोगों में अलख जगाने की अपील की। राष्ट्रीय राजधानी के अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते चौहान ने कहा कि 'एक राष्ट्र-एक चुनाव' को लेकर देशभर में अलग-अलग कार्यक्रम हो रहे हैं, लोग इस अभियान से जुड़ रहे हैं और देश में एक साथ चुनाव होना चाहिए इसके लिए लोगों को जागरूक भी किया जा रहा है। उन्होंने इसका समर्थन करते हुए इसे देश की प्रगति और विकास के लिए आवश्यक बताया। उन्होंने कहा कि बार-बार होने वाले चुनाव देश के संसाधनों, समय और ऊर्जा की बर्बादी के साथ ही इससे विकास कार्य बाधित होते हैं।

### उत्तर प्रदेश न्यायिक सेवा संघ के अधिवेशन में बोले सीएम योगी

# सुशासन के लिए सुगम व त्वरित न्याय जरूरी

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ सीएम ने संघ की स्मारिका का अनवारण भी किया

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सुशासन का लक्ष्य तभी प्राप्त हो सकता है, जब हमारी न्यायिक व्यवस्था सुगम, त्वरित और सुलभ हो। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के संकल्प को साकार करने के लिए विकसित उत्तर प्रदेश का निर्माण आवश्यक है और इसके लिए एक मजबूत और त्वरित न्यायिक व्यवस्था अनिवार्य है।

योगी शनिवार को उत्तर प्रदेश न्यायिक सेवा संघ के 42वें अधिवेशन को संबोधित कर रहे थे। उन्होने न्यायिक अधिकारियों को संबोधित करते हुए न्यायपालिका को सुशासन का रक्षक बताया और कहा कि इसके सुदृढ़ीकरण के लिए उत्तर प्रदेश सरकार की प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर उन्होने संघ की स्मारिका का अनावरण भी किया। योगी ने न्यायिक सेवा संघ के लिए 50 करोड़ रुपए का कॉर्पस फंड देने की घोषणा भी की। मुख्यमंत्री ने उत्तर प्रदेश न्यायिक सेवा संघ के 42वें अधिवेशन को 'न्यायिक अधिकारियों का महाकुंभ' बताते हुए कहा कि यह आयोजन न केवल एकता और परस्पर सहयोग का प्रतीक है, बल्कि व्यावसायिक दक्षता और बेस्ट प्रैक्टिस को बढ़ावा देने का भी मंच है। उन्होंने इस अवसर पर सभी उपस्थित न्यायमूर्तियों, अवकाश प्राप्त न्यायमूर्तियों और प्रदेश भर से आए न्यायिक अधिकारियों का स्वागत करते हुए कहा कि यह अधिवेशन ऐसे समय में आयोजित हुआ, जब भारत अपने संविधान के अमृत महोत्सव वर्ष में प्रवेश कर चुका है। सीएम ने कहा कि यह अधिवेशन न्यायिक अधिकारियों की एकता और उनकी पेशेवर दक्षता को प्रदर्शित करता है। योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में देश का सबसे बड़ा उच्च न्यायालय मौजूद है। प्रयागराज में इलाहाबाद उच्च न्यायालय की मुख्य पीठ और लखनऊ में इसकी बेंच प्रदेश के लिए गौरव का विषय है।

### चंद्रयान-3 मिशन भारत के असीम सामर्थ्य का प्रतीक

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने चंद्रयान-3 अभियान को याद करते हुए देश के वैज्ञानिकों की सराहना की है। उन्होंने कहा कि यह मिशन 'नए भारत' के असीम सामर्थ्य का प्रतीक है। दरअसल आज ही के दिन चंद्रयान 3 की सफलता पूर्वक लैंडिंग हुई थी। योगी ने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर लिखा कि आज ही के दिन वर्ष 2023 में हमारे महान वैज्ञानिकों ने भारत के गौरव 'चंद्रयान-3' की चंद्रमा पर सॉफ्ट लंडिंग कराकर वैश्विक अंतरिक्ष इतिहास में एक अमिट छाप छोड़ी थी। यह मिशन 'नए भारत' के असीम सामर्थ्य का प्रतीक है। उन्होंने लिखा- राष्ट्र की इस अभूतपूर्व उपलब्धि के सम्मान में आदरणीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 23 अगस्त को 'राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस' के रूप में मनाने का निर्णय लिया था, जो हमें भारत की वैज्ञानिक प्रतिभा पर गर्व का अनुभव कराता है। उन्होंने कहा है कि आज 'राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस' पर उन महान भारतीय वैज्ञानिकों का अभिनंदन, जिनकी साधना, अनथक परिश्रम और अद्भुत प्रतिभा ने 'नए भारत' को अंतरिक्ष के शिखर पर स्थापित किया है।सभी को ढेरों बधाई और शुभकामनाएं।

# डिस्कॉम एसोसिएशन के खिलाफ कार्रवाई की मांग

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ विद्युत समिति ने खट्टर को भेजा पत्र

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में विद्युत निजीकरण के खिलाफ आंदोलित अधिकारियों और कर्मचारियों ने शनिवार को भी प्रदेश व्यापी प्रदर्शन किया।

इस बीच विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति ने केंद्रीय विद्युत मंत्री मनोहर लाल खट्टर को पत्र भेजकर मांग की है कि विद्युत वितरण निगमों की डिस्कॉम एसोसिएशन द्वारा समानान्तर सरकार चलाए जाने के विरुद्ध प्रभावी और सख्त कार्रवाई करें। संघर्ष समिति ने आरोप लगाया है कि डिस्कॉम एसोसिएशन न केवल देश के विद्युत वितरण निगमों से चन्दे के रुप में भारी धनराशि की वसूली कर रहा है अपितु नीतिगत मामलों में हस्तक्षेप कर समानान्तर सरकार चला रहा है। संघर्ष समिति के संयोजक शैलेन्द्र दुबे ने केंद्रीय विद्युत मंत्री से मांग की है कि ऑल इण्डिया डिस्कॉम एसोसिएशन के पदाधिकारियों को निर्देशित किया जाए कि वह या तो डिस्कॉम एसोसिएशन छोड़ दें अथवा प्रशासनिक पद छोड़ दें, जिससे पारदर्शिता बनी रहे। संघर्ष समिति ने बताया कि भारत सरकार के पूर्व विद्युत सचिव सेवा निवृत्त आईएएस अधिकारी आलोक कुमार कथित ऑल इण्डिया डिस्कॉम एसोसिएशन के डायरेक्टर जनरल बने हुए हैं। आलोक कुमार ऑल इण्डिया डिस्कॉम एसोसिएशन के पैड पर पूर्व केंद्रीय विद्युत सचिव के नाते देश के विद्युत वितरण निगमों के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशकों को पत्र भेजकर चन्दा भी मांग रहे हैं।

# भाजपा-ईसी व अधिकारी की तिकड़ी डाल रही है वोटों की डकैती: अखिलेश

लखनऊ, वार्ता

समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने एक बार फिर चुनाव आयोग, भाजपा और अधिकारियों पर निशाना साधा है। उन्होंने शनिवार को कहा कि भाजपा-चुनाव आयोग-अधिकारी की 'घपला तिकड़ी' मिलकर 'वोट-डकैती' कर रहे हैं।

यादव ने अपने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि भाजपा-चुनाव आयोग-अधिकारी की 'घपला तिकड़ी' मिलकर 'वोट-डकैती' कर रही है। दरअसल ये वो तीन तिगाड़ा है, जिनकी साठगांठ ने देश का वर्तमान-भविष्य बिगाड़ा है। गौरतलब है कि अखिलेश यादव लगातार भाजपा और चुनाव आयोग पर हर दिन वोट चोरी का आरोप लगा रहे हैं। उन्होंने अपने एक बयान में कहा था कि भाजपा ने सत्ता का दुरुपयोग कर वोटों की डकैती की है। उपचुनाव में भी वोटों की डकैती हुई है। भाजपा गरीबों का वोट कटवा रही है। समाजवादी पार्टी ने 2022 में गलत तरीके से काटे गए वोटों को लेकर आवाज उठाई, तो चुनाव आयोग ने नोटिस भेज दिया था। समाजवादी पार्टी ने वोटर लिस्ट से डिलीट किए गए 18 हजार वोटरों की सूची शपथ पत्र के साथ चुनाव आयोग को भेजी थी, लेकिन चुनाव आयोग ने कोई कार्रवाई नहीं की।



### अन्याय और उत्पीड़न भाजपा का एजेन्डा: अखिलेश

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शनिवार को कहा कि वोट की चोरी कर लोगों का अधिकार छीन रही भारतीय जनता पार्टी का एजेंडा अन्याय और उत्पीड़न है। यादव ने यहां ण्विभिन्न जिलों से आए पीडीए समाज के 65 से अधिक कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। इस अवसर पर उन्होने कहा कि भाजपा लूट का गैंग हैं। इसने संस्थानों और संसाधनों पर कब्जा कर लिया है। भाजपा के झूठ की सीमा नहीं है। यह सबसे झूठी पार्टी है। लोगों के साथ अन्याय और उत्पीड़न भाजपा का एजेन्डा है। इस सरकार में किसी को भी न्याय नहीं मिल रहा है। भाजपा लोगों के अधिकार छीन रही है। चुनावी प्रक्रिया पर डकैती डाला है।

### उत्तर प्रदेश में कई नदियां खतरे के निशान से ऊपर

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के कई जिलों में गंगा, यमुना, घाघरा और शारदा समेत कई प्रमुख नदियां खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। सरकार ने 43 जिलों को बाढ़ प्रभावित घोषित कर दिया है। यूपी राहत आयुक्त कार्यालय द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार प्रदेश के 43 जिलों में एक लाख 44 हजार 945 हेक्टेयर कृषि भूमि सहित दो हजार 505 गांव बाढ़ की चपेट में हैं, जिससे नौ लाख 29 हजार 828 लोग प्रभावित हुए हैं। राहत आयुक्त गोस्वामी ने कहा कि बाढ़ के कारण विभिन्न जिलों में 639 घर क्षतिग्रस्त हुए हैं और 606 मकान मालिकों को मुआवजा दिया गया है। सरकार ने 1,376 बाढ़ आश्रय स्थल स्थापित किए हैं और 91,105 बाढ़ पीड़ितों को आश्रय स्थलों में स्थानांतरित किया गया है।

# देश की प्रतिभा को वापस लाने के लिए संरचनात्मक परिवर्तन करें वीसी: राजनाथ



**लखनऊ।** अमेरिका से टैरिफ को लेकर चल रही तनातनी के बीच रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सभी विश्वविद्यालयों के कुलपतियों, डीन से कहा है कि वे अपने यहां संरचनात्मक परिवर्तन कर प्रोत्साहन दें, जिससे दुनिया भर में फैली भारतीय प्रतिभा देश के लिए काम करने के लिए वापस आ जाए।

उन्होंने कहा कि इससे हमारे रिसर्च डेवलपमेंट तथा इनोवेशन इकोसिस्टम को जो बूस्ट मिलेगा, वह कहीं न कहीं हमे और अधिक ऊंचाइयों पर ले जाएगा। राजनाथ ने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर लिखा- हमारी भारतीय प्रतिभा जो विदेशों में काम कर रही है, उसे वहां असुविधा होने पर किसी दूसरे देश मे जाने के बजाय अपने देश में आए। चुनौतियों से चिंतित होने के बजाय हमे अवसर की ओर देखना चाहिए। जिससे आने वाले वर्षों में हम सब मिलकर भारत को सिर्फ टेक्नोलॉजी का कन्जयूमर नहीं बल्कि टेक्नोलॉजी क्रिएटर और ग्लोबल लीडर बना सकते हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय अर्थ व्यवस्था की जिस रैपिड रेल के हम सहयात्री हैं, उसके अगले दरवाजे पर उन्नति, समृद्धि और खुशियां हैं। उन्होंने कहा कि यह समय भारत की अर्थव्यवस्था से जुड़ने का है। हमें अपनी यूनिवर्सिटी, आईआईटी, रिसर्च एंड डेवलपमेंट लैब, कम्पनी और विचारक में एकेडमिक फ्रीडम के अवसर उपलब्ध कराने होने, जिससे यह प्रतिभा भारत मे आकर काम कर सके। केंद्रीय रक्षा मंत्री ने कहा कि अगर आपकी रक्षा व्यवस्था मजबूत होगी, तो कोई भी शत्रु, कोई भी विरोधी, आपकी समृद्धि पर आंख उठाकर नहीं देखेगा। उसे टारगेट करने की कोशिश नहीं करेगा। इसलिए मैं पूरी जिम्मेदारी के साथ, आप लोगों के सामने कहना चाहूंगा कि रक्षा पर होने वाला खर्च विकास पर होने वाले खर्च का एक हिस्सा है। उन्होंने कहा कि जब देश की सुरक्षा व्यवस्था पर आंच आती है, तो निश्चित तौर पर देश का विकास पीछे जाता है।

## अर्थ व्यापार

सेंसेक्स 81306.85 | निफ्टी 24870.10

सोना रु. 99358 प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

चांदी रु. 113906 प्रति किलो



# यूपी ट्रेड शो में आएंगे 500 विदेशी खरीदार

लखनऊ, वार्ता

■ ग्रेटर नोएडा में 25 से होगा इंटरनेशनल ट्रेड शो

ग्रेटर नोएडा स्थित इंडिया एक्सपो मार्ट में 25 से 29 सितंबर तक आयोजित होने वाले उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो (यूपीआईटीएस) में करीब 80 देशों से 500 से अधिक बायर्स के आने की उम्मीद है।

अधिकृत सूत्रों ने शनिवार को बताया कि इनमें से अब तक 75 देशों के 340 से ज्यादा बायर्स ने आने की पुष्टि भी कर दी है। यह आंकड़ा लगातार बढ़ रहा है और आने वाले दिनों में इसमें और तेजी से वृद्धि की संभावना है। इस तरह यूपीआईटीएस प्रदेश के उत्पादों के लिए वैश्विक बाजार के दरवाजे खोलने वाला साबित होगा। उन्होंने बताया कि यूपीआईटीएस में ओडीओपी उत्पादों की विशेष प्रदर्शनी लगाकर इन्हें वैश्विक खरीदारों से सीधे जोड़ा जाएगा। इससे न केवल स्थानीय कारीगरों और उद्यमियों को फायदा होगा, बल्कि निर्यात और रोजगार के नए अवसर भी पैदा होंगे। यह शो उत्तर प्रदेश को अंतर्राष्ट्रीय व्यापार का हब बनाने की दिशा में बड़ा कदम है। इसका उद्देश्य प्रदेश को निर्यात के मामले में शीर्ष पायदान पर ले जाना और निवेश आकर्षित करना है। सरकार चाहती है कि यूपी के हर जिले का हुनर वैश्विक बाजारों तक पहुंचे और आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार करने में योगदान दे। सूत्रों ने बताया कि दुनिया के नौ प्रमुख रीजंस से इंटरनेशनल बायर्स का आगमन इस आयोजन को और खास बना रहा है। यूरोप और सीआईएस रीजंस से कुल 110 बायर्स के आने की संभावना है, जिनमें से 88 बायर्स (18 यूरोपीय और 6 सीआईएस देशों से) ने पहले ही सहमति दे दी है। वेस्ट एशिया से 100 बायर्स का लक्ष्य रखा गया है, जिसमें से 12 देशों के 76 बायर्स अपनी उपस्थिति सुनिश्चित कर चुके हैं। इसी तरह साउथ ईस्ट एशिया से 80 बायर्स की उम्मीद है, जिनमें से पांच देशों के 10 बायर्स अब तक पुष्टि कर चुके हैं। साउथ एशिया रीजंस से 50 में से 30 बायर्स (3 देशों से) आने वाले हैं। वहीं, लैटिन अमेरिकी देशों से 50 बायर्स की संभावना है, जिनमें से 6 देशों के 27 बायर्स ने सहमति दी है। ओशनिया से 30 बायर्स का लक्ष्य रखा गया है, जिनमें से दो देशों के तीन बायर्स ने अपनी पुष्टि कर दी है। नॉर्थ अमेरिका से 30 बायर्स की उम्मीद है और इनमें से तीन देशों के नौ बायर्स आने को तैयार हैं। अफ्रीका रीजंस से 50 बायर्स का लक्ष्य है, जिनमें 11 देशों के 38 बायर्स पहले ही सहमति दे चुके हैं। इसके अलावा नाफ्टा रीजंस के तीन देशों से 11 बायर्स और ईस्ट अफीका के 8 देशों से 50 बायर्स ने भी यूपीआईटीएस में भागीदारी के प्रति अपनी उत्सुकता दिखाई है।

### इस हफ्ते सोने-चांदी के दाम में रही गिरावट

**नई दिल्ली।** सोने-चांदी के दाम में इस हफ्ते गिरावट देखने को मिली है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार पिछले शनिवार यानी 16 अगस्त को 24 कैरेट सोना 1,00,023 रुपए प्रति 10 ग्राम पर था, जो अब यानी 23 अगस्त को 99,358 रुपए पर आ गया है। यानी इसकी कीमत में 665 रुपए की गिरावट आई है। चांदी की कीमत पिछले शनिवार को 1,14,933 रुपए पर थी, जो अब 1,13,906 रुपए पर आ गई है। यानी इस हफ्ते इसकी कीमत 1,027 रुपए कम हो गई है।

देश के महानगरों दिल्ली में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,00,670 और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,290 रही, जबकि मुंबई में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,00,520 और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,140 थी। कोलकाता में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,00,520 और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,140 रही। चेन्नई में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,00,520 और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,140 थी, वहीं भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,00,570 और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,190 रही। इस साल यानी 1 जनवरी से अब तक 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 76,162 रुपए से 23,196 रुपए बढ़कर 99,358 रुपए पर पहुंच गया है।

# चावल सस्ता, गेहूं महंगा, दालों व खाद्य तेलों में रहा उतार-चढ़ाव, चीनी महंगी

नई दिल्ली, वार्ता

**घरेलू** थोक जिंस बाजारों में शनिवार को चावल की औसत कीमत में कमी देखी गई, जबकि गेहूं के भाव बढ़ गए। चीनी भी महंगी हुई। दालों और खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव देखा गया।

घरेलू थोक जिंस बाजारों में चावल की औसत कीमत करीब 13 रुपए घटकर 3,831.01 रुपए प्रति क्विंटल रही। गेहूं छह रुपए महंगा होकर 2,841.88 रुपए प्रति क्विंटल के भाव बिका। सरसों तेल औसतन 12 रुपए और मूंगफली तेल 92 रुपए प्रति क्विंटल टूट गया। वनस्पति में 69 रुपए तेजी देखी गई। पाम ऑयल की कीमत 14 रुपए प्रति क्विंटल बढ़ गई। सूरजमुखी तेल में 21 रुपए की तेजी रही। सोया तेल 50 रुपए प्रति क्विंटल महंगा हुआ। दाल-दलहनों में मसूर दाल औसतन 10 रुपए प्रति क्विंटल सस्ती हो गई। तुअर दाल 56 रुपए टूट गई जबकि मूंग दाल के दाम लगभग स्थिर रहे। चना दाल तीन रुपए प्रति क्विंटल महंगी हुई। उड़द दाल की कीमत 26 रुपए प्रति क्विंटल गिर गई। गुड़-चीनी : बाजार में गुड़ की औसत कीमत करीब 35 रुपए प्रति क्विंटल बढ़ गई। चीनी की कीमतों में 12 रुपए प्रति क्विंटल की तेजी रही। दाल चना 7963.78 रुपए, मसूर काली 8108.34 रुपए, मूंग दाल 10127.90 रुपए, उड़द दाल 10448.87 रुपए, अरहर दाल 10721.06 रुपए प्रति क्विंटल। अनाज : गेहूं दड़ा 2841.88 रुपए और चावल 3831.01 रुपए प्रति क्विंटल। चीनी-गुड़ : चीनी एस 4314.10 रुपए और गुड़ 4964.77 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल: सरसों तेल 17819.49 रुपए, मूंगफली तेल 17696.78 रुपए रहा।

# दिल्ली से खाटू श्याम हेलीकॉप्टर सेवा शुरू

■ अब मथुरा से वृंदावन के लिए हेलीकॉप्टर सेवा शुरू होगी

**नई दिल्ली।** हेलीकॉप्टर सेवा प्रदान करने वाली स्यंदन एविएशन ने शनिवार को दिल्ली के रोहिणी हेलीपोर्ट से राजस्थान के सीकर जिले में स्थित खाटू श्याम और चुरू जिले में स्थित सालासर बालाजी के लिए दैनिक उड़ान शुरू की।

स्यंदन एविएशन के प्रबंध निदेशक अभिनव सहाय ने इस मौके पर बताया कि कंपनी देश के पूरे एविएशन इको सिस्टम में क्रांतिकारी परिवर्तन लाने का प्रयास कर रहा है। उसका फोकस हेलीकॉप्टर से तीर्थयात्रा पर है- ऐसे स्थलों की यात्रा जो सनातन धर्म से जुड़े हुए हैं। उन्होंने बताया कि इसी साल मथुरा-वृंदावन के लिए भी सेवा शुरू की जाएगी। रोहिणी-खाटू श्याम जी-सालासर बालाजी-रोहिणी का किराया 95 हजार रुपए प्रति व्यक्ति रखा गया है। लोग छह घंटे में दर्शन करके उसी दिन वापस भी आ सकते हैं। पूरी यात्रा की दूरी करीब 700 किलोमीटर है। इसमें हेलीकॉप्टर के किराए के साथ दोनों मंदिरों तक परिवहन सेवा, मंदिर में वीआईपी दर्शन, प्रसाद और खाटू श्याम में आराम की व्यवस्था शामिल है। हेलीकॉप्टर सुबह 9.30 बजे रोहिणी हेलीपोर्ट से उड़ान भरेगा और अपराह्न 2.30 बजे वापस आ जाएगा। पहली उड़ान में जाने-माने कवि एवं पूर्व राजनेता कुमार विश्वास पहले यात्री बने। सहाय ने बताया कि स्यंदन एविशन चारधाम यात्रा पहले ही शुरू कर चुकी है। आज खाटू श्याम और सालासर बालाजी के लिए सेवा शुरू की गई है। अगली सेवा मथुरा और वृंदावन के लिए होगी। उन्होंने बताया कि मथुरा और वृंदावन के लिए योजना काफी आगे तक पहुंच चुकी है और यह जल्द शुरू होगी। उन्होंने बताया कि लॉजिस्टिक्स को लेकर कुछ काम बाकी है और इसके लिए लोगों को अगले साल का इंतजार नहीं करना पड़ेगा। जयपुर-मेहंदीपुर बालाजी मार्ग पर सेवा के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि यह भी पाइपलाइन में है। सभी हितधारकों से बातचीत काफी आगे बढ़ चुकी है। यदि सब ठीक रहा तो हम इस मार्ग पर भी जल्द सेवा शुरू कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि कंपनी देश में एकीकृत हेलीकॉप्टर एंबुलेंस सेवा शुरू करेगी। ऐसे प्रयास पहले भी किए गए हैं, लेकिन वे सफल नहीं रहे हैं, क्योंकि यह काफी चुनौतीपूर्ण परियोजना हैं, जिसमें काफी चीजों में समन्वय स्थापित करने की जरूरत होती है। साथ ही सरकारी संगठनों के साथ बहुत नजदीकी साझेदारी की भी आवश्यकता होती है। न सिर्फ सरकारी विभागों के साथ बल्कि सरकार का सहयोग करने वाले संगठनों के साथ भी।


शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी, जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहे फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।



राव नदीम एडवोकेट जिन्दाबाद
आवाम-ए-हिन्द पार्टी जिन्दाबाद
ऑल इण्डिया
आवाम-ए-हिन्द पार्टी
मिशन-2027
नया विजन-हमारा मिशन
हिन्दू-मुस्लिम साथ चलेगा,
एकता का राज चलेगा।



राव नदीम एड.
राष्ट्रीय अध्यक्ष
साथियों हक और इंसाफ के लिए अपनी आवाज बुलंद करने के लिए आवाम-ए-हिन्द पार्टी से जुड़कर राव नदीम एड. के हाथों को मजबूत करें।
Ph. 9027879829, 9411626066

# एकता कपूर के सीरियल में काम दिलाने के नाम पर लाखों की ठगी, कपल गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दक्षिणी पश्चिमी जिला पुलिस ने टीवी धारावाहिक और फिल्मों में ब्रेक दिलाने के बहाने ठगी करने वाली महिला सहित दो जालसाजों को गिरफ्तार किया है। इन्होंने हाल ही में सिनेमा सिनेमा की एक छात्रा को टीवी सीरियल और फिल्म निर्माता एकता कपूर के धारावाहिक में ब्रेक दिलाने का झांसा देकर 24 लाख रुपये ठगे थे।

दोनों देश के पांच सितारा होटल में बैठकर ठगी करते थे। दोनों पिछले काफी समय से लिव इन पार्टनरशिप में रह रहे थे। पुलिस उपायुक्त अमित गोयल ने बताया कि ठगों की पहचान उत्तरप्रदेश के लखनऊ स्थित निराला नगर निवासी तरुण शेखर और दिल्ली बक्करवाला नांगलोई निवासी आशा सिंह उर्फ भावना के रूप में हुई है। पुलिस ने इनसे ठगी में इस्तेमाल सात मोबा. इल, 10 सिम कार्ड, आठ एटीएम कार्ड, 15 बैंक चेकबुक और पासबुक बरामद की है। डाबरी रघुनगर निवासी एक व्यक्ति ने एनसीआरपी पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई थी।

उन्होंने बताया कि उनकी नाबालिग बेटी टीवी सीरियल निर्माणा एकता कपूर की अकादमी से अभिनय और मॉडलिंग में डिप्लोमा कर रही है। उसने किसी भी टीवी धारावाहिक में काम करने के लिए इंटरनेट पर सर्च किया। यहां एक बड़े चौनल द्वारा प्रसिद्ध धारावाहिक के नए लोगों की आवश्यकता वाला विज्ञापन था। उस पर एक लिंक भी दिया हुआ था। छात्रा ने लिंक पर क्लिक किया। इसके कुछ देर बाद छात्रा के मोबाइल पर पीयूष नाम के युवक ने काल की। उसने खुद को निर्देशक बताया। आरोपित ने पीड़िता को काम दिलाने के लिए एक मोबाइल नंबर दिया। आरोपित ने कहा कि यह नंबर प्रसिद्ध निर्देशक व निर्माता राजन शाही का है, जबकि वह दूसरे जालसाज का था। इस तरह आरोपितों ने पीड़िता से अलग अलग बहानों से 24 लाख रुपये ठग लिये। फिर छात्रा का मोबाइल नंबर ब्लाक कर दिया।

जालसाजों की गिरफ्तारी को लेकर साइबर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर प्रवेश कौशिक के नेतृत्व में टीम ने छानबीन शुरू कर दी। पुलिस की ठगी की मनी ट्रेल का पता लगाया। इस दौरान पता चला कि आरो. पित सिर्फ व्हाट्सएप के माध्यम से ही बात करते थे। पुलिस ने जालसाजों की लोकेशन कर्नाटक के बंगलुरू स्थित एक होटल की मिली। तब पुलिस ने छापेमारी कर होटल से तरुण शेखर और आशा सिंह उर्फ भावना को गिरफ्तार किया। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि यह दोनों ठगी करने के लिए अलग अलग प्रदेश के पांच सितारा होटल में कमरा लेते थे। यहां बैठकर देशभर के लोगों से ठगी करते थे। पूछताछ में दोनों ने बताया कि इनके खिलाफ ठगी की 20 से ज्यादा शिकायतें दर्ज हैं। ये दोनों पिछले नौ साल में एक करोड़ से ज्यादा रुपये की ठगी कर चुके हैं। वह दोनों बंटी और बबली फिल्म के चरित्र से प्रेरित होकर ठगी कर रहे थे। इन्होंने अलग-अलग व्हाट्सएप नंबर से पीड़ितों से बात की। ये गिरफ्तारी से बचने के लिए हर बार मोबाइल नंबर और बैंक खाते बदल देते थे। ये अभी तक ठगी में 15 बैंक खाते व 10 से ज्यादा सिम कार्ड का इस्तेमाल कर चुके हैं। सिम कार्ड के अलग-अलग राज्यों में अलग-अलग पते हैं। ये कई मामलों में वांछित भी थे।

# सीबीआई अधिकारी बताकर डिजिटल अरेसटिंग व नौ लाख की धोखाधड़ी, पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** मनी लॉन्ड्रिंग के नाम पर पीडिघ्त से नौ लाख रुपये की लये डिजिटल अरेस्ट धोखाधड़ी मॉड्यूल में शामिल आरोपी सोनू अंसारी को उत्तरी पश्चिम जिला की साइबर थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी ने पीड़ित को सीबीआई अधिकारी बताया था। आरोपी के बैंक खाते में धोखाधड़ी की पूरी रकम मिली। पुलिस आरोपी के नेटवर्क के बारे में जानकारी लेने की कोशिश कर रही है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बीते आठ अगस्त को पुलिस ने मामला दर्ज किया था। जिसमें पता चला कि केशवपुर में रहने वाले और एमटीएनएल में इंजीनियर के पद से सेवानिवृत्त गणेश दत्त को सीबीआई अधिकारी बताकर उन्हें मनी लॉन्ड्रिंग मामले के नाम पर डिजिटल गिरफ्तारी धोखाधड़ी से नौ लाख रुपये ठगे गए थे। एसीपी राजीव कुमार की देखरेख में एसएचओ दिनेश दहिया के निर्देशन में पुलिस टीम ने शिकायतकर्ता से बैंक व फोन नंबर की डिटेल ली। पता चला कि आरोपी केवल व्हाट्सएप/टेलीग्राम के माध्यम से संपर्क कर रहे थे, व्हाट्सएप, टेलीग्राम और कथित बैंक खाते तक पहुँच के निशान भी अलग-अलग देशों के पाए गए। कथित खाताधारक बैंकिंग रिकॉर्ड या आधार पते के अनुसार दिए गए पते पर भी नहीं पाए गए। इसके अलावा खाता संचालकों के डिजिटल फुटप्रिंट खुले और प्रतिबंधित स्रोतों से उठाए गए और मैनुअल और तकनीकी इनपुट बढ़ाने के बाद, आरोपी सोनू अंसारी की पहचान हुई और उसको उसके ठिकाने पर छापेमारी करके गिरफ्तार किया। पूछताछ करने पर पता चला कि पैसों की जरूरत पडने पर वह प्रतीक दुबे नाम के व्यक्ति के संपर्क में आया। प्रतीक दुबे की सलाह पर, आरोपी सोनू अंसारी ने बैंक ऑफ महाराष्ट्र में एक बैंक खाता खोला और उसे सभी बैंक क्रेडेंशियल सौंप दिए। उक्त खाते का उपयोग बाद में वर्तमान मामले में ठगी गई राशि प्राप्त करने के लिए किया गया था।

# ऑल इंडिया स्पीकर्स कॉन्फ्रेंस की तैयारियों में जुटी दिल्ली विधानसभा, अध्यक्ष ने की समीक्षा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने उपाध्यक्ष मोहन सिंह बिष्ट और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ आगामी ऑल इंडिया स्पीकर्स कॉन्फ्रेंस की तैयारियों का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा, "सम्मेलन की सभी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। यह ऐतिहासिक आयोजन न केवल वीर विट्ठलभाई पटेल की विरासत को सम्मान देता है, बल्कि लो. कतांत्रिक परंपराओं को मजबूत करने और शासन में जवाबदेही बढ़ाने के हमारे संकल्प को भी दोहराता है।"

ऑल इंडिया स्पीकर्स कॉन्फ्रेंस के सम्मेलन में विट्ठलभाई पटेल की स्मृति में एक विशेष प्रदर्शनी केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा उद्घाटित की जाएगी, जिसमें दुर्लभ अभिलेख, तस्वीरें और संसदीय विकास की झलक प्रस्तुत की जाएगी।दिल्ली विधानसभा 24-25 अगस्त 2025 को पहली बार ऑल इंडिया स्पीकर्स कॉन्फ्रेंस और विट्ठलभाई पटेल की जयंती के शताब्दी समारोह की मेजबानी करेगी। इसमें देशभर से विधानसभाओं और राज्य विधान परिषदों के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं वरिष्ठ पदाधिकारी शामिल होंगे।

मुख्य वक्ताओं में माननीय राज्यसभा उपसभापति हरिवंश नारायण सिंह, माननीय केंद्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत, किरेन रिजिजू, पूर्व लोकसभा अध्यक्ष मीरा कुमार सहित अन्य गणमान्य अतिथि शामिल हैं।दो दिवसीय के इस सम्मेलन में विधानसभाओं के संचालन, बेहतर कार्य-प्रणाली, डिजिटल तकनीकों और एआई आधारित उपकरणों के उपयोग जैसे विषयों पर विचार-विमर्श होगा, ताकि पारदर्शिता, दक्षता और जनता से जुड़ाव को और मजबूत किया जा सके।



**ऑल इंडिया स्पीकर्स कॉन्फ्रेंस की तैयारियों कर जायजा लेते हुए विधानसभा अध्यक्ष बिजेंद्र गुप्ता अधिकारियों संग।**

## एक नजर

### कुत्तों को लेकर प्रदर्शन पुलिस ने समझाकर भेजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

शाहबाद डेयरी इलाके में बीते शुक्रवार को कुछ लोगों ने आवारा कुत्ता आश्रय गृह, सेक्टर-27, रोहिणी में डॉग लवर्स ने प्रदर्शन किया। जिसके बारे में पुलिस को मामले जानकारी मिली। पता चला कि विभिन्न गैर-सरकारी संगठनों के सदस्य और पशु प्रेमी आश्रय गृह में एकत्रित हुए और कुत्तों को छोडने की माँग कर रहे थे। उन्होंने आरोप लगाया कि जानवरों के साथ दुर्व्यवहार किया जा रहा है और वे परिसर का निरीक्षण करना चाहते थे।स्थिति को देखते हुए, प्रदर्शनकारियों में से प्रत्येक में 05 सदस्यों के अलग-अलग समूह बनाकर आश्रय गृह का निरीक्षण करने की अनुमति दी गई। निरीक्षण के दौरान, यह पाया गया कि आश्रय गृह में कुल 113 आवारा कुत्ते रखे गए थे, और सभी स्वस्थ पाए गए। क्रूरता या दुर्व्यवहार के कोई लक्षण नहीं पाए गए। केवल एक कुत्ता अस्वस्थ पाया गया, जिसका पहले से ही उचित उपचार चल रहा था। वहाँ उपस्थित लोगों को सारी बातें समझाई गईं, जिसके बाद स्थिति शांत हुई और प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर किया गया।

### उत्तर भारत में किया विस्तार

**नई दिल्ली।** एमएसएमई पर केंद्रित रत्नाफिन ने आज दिल्ली और फरीदाबाद में अपनी शाखाएँ खोलने की घोषणा की, जो उत्तर भारत में कंपनी के रणनीतिक प्रवेश का प्रतीक है। यह विस्तार ऐसे समय में हो रहा है जब कंपनी ने प्रबंधनाधीन परिसंपत्तियों (एयूएम) में 2000 करोड़ से अधिक की महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है , जिससे भारत के उद्यमी समुदाय के लिए एक विश्वसनीय वित्तीय भागीदार के रूप में इसकी स्थिति और मजबूत हुई है । रत्नाफिन के एमडी और सीईओ मालव देसाई ने कहा, ष हम उद्यमशीलता की ऊर्जा से भरपूर इस क्षेत्र के लिए "रत्नाफिन है तो पॉसिबल है" को आगे बढ़ा रहे हैं

### आईआईटी दिल्ली समिट ने तय किया भारत का डीप-टेक दशक

**नई दिल्ली।** आईआईटी दिल्ली के फाउंडेशन फॉर इनोवेशन एंड टेक्नोलॉजी ट्रांसफर ( एफआईटीटी ) का फ्लैगशिप इनोवेशन समिट एफआईटीटी फोरवार्ड- 2025 दो दिवसीय आयोजन में स्टार्टअप्स, निवेशकों, नीति-निर्माताओं और उद्योग जगत को एक मंच पर लेकर आया। यह समिट भारत के आगामी डीप-टेक दशक की लॉन्चपैड के रूप में स्थापित हुआ, जहाँ हेल्थ, मोबिलिटी, रोबोटिक्स और स्मार्ट मटीरियल्स जैसे क्षेत्रों में मार्केट-रेडी समाधान प्रदर्शित हुए। साथ ही, नीति संवाद, निवेशक संपर्क और एसएमई सहयोग भी आयोजित किए गए। दूसरे दिन, एफआईटीटी आईआईटी दिल्ली और एआईसीआईआईटी दिल्ली सोनीपत ने कडेंस के साथ साझेदारी में 24-महीने का इनक्यूबेशन प्रोग्राम लॉन्च किया, जिसका उद्देश्य फैब्लेस सेमीकंडक्टर स्टार्टअप्स को ग्रूम करना है। एफआईटीटी के प्रबंध निदेशक डॉ. निखिल अग्रवाल ने एफआईटीटी फॉरवर्ड में इस पहल की घोषणा की

### चाकू की नोक पर लूटपाट करने वाले चार बदमाश गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** चाकू की नोक पर लूटपाट करने वाले चार बदमाशों को नबी करीम थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से अपराध में इस्तेमाल किया गया चाकू, नकदी व पीड़ित का आधार कार्ड बरामद किया गया है। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान तुषार उर्फ तुस्सी, पंकज उर्फ मयंक, हर्ष उर्फ गांजा और मोहित के रूप में हुई है। सभी आरोपित पहले भी कई आपराधिक मामलों में शामिल रहे हैं। 19 अगस्त को नबी करीम थाने में नीमवाला चौक से डेरी उत्पाद आपूर्तिकर्ता से चाकू की नोक पर 35 हजार रुपये की लूट की शिकायत दर्ज हुई थी। पुलिस ने मामला दर्ज कर इलाके में लगे कई सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल आरोपितों के अपनाए गए रास्ते का पीछा करते हुए नबी करीम, सदर बाजार, उत्तम नगर, नांगलोई, फिल्मिस्तान, करोल बाग, सुल्तानपुरी, कश्मीरी गेट, नई दिल्ली रेलवे स्टेशन, कनॉट प्लेस और आसपास के इलाकों सहित कई जगहों का दौरा किया।फुटेज से आरोपितों की पहचान कर टीम ने मुखबिरों को तैनात किया। उनकी मदद से आरोपितों को नबी करीम इलाके से दबोच लिया गया।

# रॉबर-सह वाहन चोर को गिरफ्तार किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के उत्तरी जिला पुलिस के गुलाबी बाग थाने के स्टाफ ने कुख्यात रॉबर-सह-वाहन चोर को गिरफ्तार किया है।पुलिस ने उसके पास से दी चोरी की बाइक बरामद की है।आरोपी स्थानीय क्षेत्र का एक सक्रिय अपराधी है और डकैती और झपटमारी के चार मामलों में संलिप्त रहा है।

दिल्ली के उत्तरी जिला पुलिस उपायुक्त राजा बाठिया ने बताया कि 21.अगस्त को एक शिकायतकर्ता द्वारा अपनी बाइक की चोरी के संबंध में गुलाबी बाग थाने, के तहत एक ऑनलाइन ईएफआईआर दर्ज कराई गई थी। इसके बाद एसीपी सराय रोहिल्ला अनिल शर्मा की देखरेख में टीम ने जांच शुरू की। जांच के दौरान टीम ने तकनीकी जाँच की और घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज का विश्लेषण किया, जिसमें एक लड़का चोरी की बाइक के आसपास घूमता हुआ दिखाई दिया और कुछ देर बाद उसने बाइक चुरा ली और चोरी की बाइक लेकर भाग गया।

इसके बाद टीम ने सीसीटीवी फुटेज और गुप्त सूचना के आधार पर, आरोपी की पहचान आशीष उर्फ घ्घविष्णु के रूप में की।इसी बीच टीम को सूचना मिली कि आरोपी आशीष उर्फ घ्घविष्णु चोरी की बाइक पर अपराध करने के लिए किशनगंज रेलवे स्टेशन की ओर घूम रहा है। इस पर, टीम ने अपना जाल बिछाकर आरोपी को बाइक के साथ गिरफ्तार कर लिया।पुलिस पूछताछ के दौरान, आरोपी ने बताया कि वह अपनी दैनिक जरूरतों को पूरा करने और आसान कमाई के लिए लूट और झपटमारी जैसे अपराध करने के लिए दोपहिया वाहन चुराता था।

## बुजुर्गों के लिए दिल्ली पुलिस की अनूठी पहल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** वरिष्ठ नागरिकों की सुरक्षा आज समाज की एक अहम जरूरत है, क्योंकि बढ़ती उम्र के साथ वे शारीरिक, मानसिक और सामाजिक रूप से ज्यादा संवेदनशील हो जाते हैं। उनकी सुरक्षा सिर्फ अपराध से बचाव तक ही सीमित नहीं है, बल्कि इसमें स्वास्थ्य, मानसिक शांति और सामाजिक सम्मान भी शामिल है।

इसी के मद्देनजर,पहली बार मध्य जिले के पाँच सब-डिवीजनों में एक व्हाट्सएप ग्रुप बनाया गया है, जिसमें अब तक 1,500 से ज्यादा वरिष्ठ नागरिक जुड़ चुके हैं। इस ग्रुप के जरिए, वरिष्ठ नागरिक अपनी किसी भी समस्या के बारे में जानकारी साझा कर सकते हैं, जो ग्रुप एडमिन डिवीजन के एटीओ, वरिष्ठ नागरिक प्रकोष्ठ और एनजीओ के कार्यकारी तक पहुँचेगी और उसका तुरंत समाधान किया जाएगा।

# हाथों में झुनझुनी हो या धुंधला दिखाई दे, तो तुरंत कराएं जांच

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** अगर आपको युवावस्था में चलने या खाना निगलने में दिक्कत हो रही है, धुंधला दिखाई दे रहा है, हाथों में झुनझुनी हो रही है या फिर आप चीजें भूल रहे हैं, तो तुरंत जांच करवाएं, क्योंकि ये मल्टीपल स्क्लेरोसिस के लक्षण हैं। यह एक ऑटोइम्यून बीमारी है, जिसमें शरीर का अपना ही इम्यून सिस्टम तंत्रिका तंत्र के आसपास के सुरक्षा कवच को नुकसान पहुंचाने लगता है। इससे तंत्रिका संकेतों में रुकावट पैदा होती है। इस बीमारी के बारे में समझ बढ़ाने के लिए मल्टीपल स्क्लेरोसिस सोसाइटी ऑफ इंडिया ने सेलेक्ट सिटी वॉक मॉल में तीन दिवसीय ष्वॉक इन माई शूजष कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसकी शुरुआत शुक्रवार से हुई।

मॉल में आए युवाओं ने सिमुलेशन कियोस्क के जरिए मल्टीपल स्क्लेरोसिस से होने वाली समस्याओं का अनुभव किया। एमएसएसआई के अनुसार, भारत में इस बीमारी के करीब दो लाख मरीज हैं। युवाओं के हाथों में एक गैजेट पहनाया गया, जो तेजी से वाइब्रेट कर रहा था। ऐसे में उन्हें एक पेन दिया गया और लिखने को कहा गया।

## जेल से बाली ने दिए हत्या करने के निर्देश ओयो होटल में रहकर की रेकी, तीन शूटर पकड़े

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** तिहाड़ जेल में बंद गैंगस्टर नवीन बाली गैंग के तीन शूटरों को बवाना पुलिस ने ओयो होटल के एक कमरे से गिरफ्तार किया है। जिनको अपने दुश्मन गैंग के किसी साथी की हत्या करने के निर्देश जेल से गैंगस्टर ने ही दिये थे। आरोपियों की पहचान राजेश कुमार उर्फ सरदार,अंजर आलम और रितिक के रूप में हुई है। आरोपियों के कब्जे से तीन पिस्टल,27 कारत. स,दो मैगजीन,फोन और बाइक जब्त की है। रितिक को टारगेट की रेकी का कार्य सौंपा गया था।अंजार और राजेश को हत्या को अंजाम देना था। हिमांशु भाऊ (विदेश में छिपा हुआ गैंग लीडर) ने अंजार से संपर्क कर 70 हजार रुपये की मदद भेजी थी। सभी आरोपी व्हाट्सएप पर लगातार संपर्क में थे। आरोपियों को किसकी और कहां पर हत्या करनी थी। आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस जेल में बंद नवीन बाली से भी पूछताछ करने की को. शिश कर रही है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बवाना थाने में तैनात हेड कांस्टेबल हरीश ने गश्त करते हुए ओयो होटल के बाहर एक बाइक को काफी समय से खड़ा देखकर होटल मैनेजर से पूछताछ की। पता चला कि बाइक चालक पिछले तीन दिनों से होटल में ठहरा हुआ है। कमरे में तीन युवक मिले,तलाशी लेने पर भारी मात्रा में हथियार मिले। जिसके बाद आला अधिकारियों को मामले की जानकारी दी गई। पता चला कि राजेश बवानिया और नवीन बाली के बीच काफी पुरानी दुश्मनी है।

# भगत सिंह की जीवनगाथा देख भावुक हुए दर्शक

**शाह टाइम्स संवाददाता**




**नई दिल्ली।** दिल्ली की फिजाएँ इन दिनों साहित्य, संगीत और नृत्य की गूँज से सराबोर है। दर्शकों को यह देखने का अवसर मिल रहा है कि कैसे एक ही मंच पर देशभक्ति की भावना और भारतीय संस्कृति की विविधता रंग बिखेर सकती है। जश्न-ए-अदब साहित्योत्सव द्वारा आयोजित 'वंदे मातरम' महोत्सव के पहले दिन की प्रस्तुतियों ने देश की आजादी और सांस्कृतिक विरासत को नए अंदाज में महसूस कराया।

यह भव्य आयोजन 23 और 24 अगस्त को इंडिया इंटरनेशनल सेंटर, नई दिल्ली में हो रहा है। स्वतंत्रता के 78वें वर्ष और जश्न-ए-अदब की 14वीं वर्षगाँठ के अवसर पर सजे इस उत्सव में शास्त्रीय संगीत, गजल, लोकसंगीत, कवि सम्मेलन, मुशायरा, नृत्य और नाट्य प्रस्तुतियों का आयोजन किया जा रहा है।

जश्न-ए-अदब के संस्थापक कुँवर रंजीत चौहान ने कहा, ष्वंदे मातरम का उद्देश्य केवल मनोरंजन करना नहीं है, बल्कि भारतीय संस्कृति, साहित्य और कला की उस जीवंतता को अगली पीढ़ी तक पहुँचाना है, जिस पर हमें गर्व है। यह देखकर संतोष हुआ कि दर्शक हर प्रस्तुति को पूरे मन से अपना रहे हैं।

पहले दिन अस्मिता थिएटर ग्रुप, मास्टर अधिराज चौधरी, विद्या लाल एंड ग्रुप और विद्या शाह ने अपनी प्रस्तुतियों से दर्शकों को बाँधे रखा। विद्या शाह की मोरा जीया, पीहू राग और मोरे पंचायत पे की दमदार प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। वहीं, अस्मिता थिएटर ग्रुप ने भारत माता के सपूत भगत सिंह के जीवन पर आधारित एक नाट्य प्रस्तुति दी, जिसे देखकर हर एक दर्शक भावुक हो गया। साहित्यिक सत्रों में फरहत एहसास, मंगल नसीम, गोविंद गुलशन, सुनील पँवार, जावेद मुशिरी, आजम शाकिरी, रहमान मूसव्वर, बिनोद सिन्हा, गुलजार वानी और पवन कुमार जैसे नामचीन रचनाकारों ने अपने विचार और कृतियाँ साझा कीं।

# विश्व बंधुत्व दिवस पर रक्तदान महा अभियान से बनेगा गिनीज वर्ल्ड रिकार्ड

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** ब्रह्माकुमारीज संस्थान की पूर्व मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी दादी प्रकाशमणि जी की 18वीं पुण्यतिथि (25 अगस्त 2025), जिसे 'विश्व बंधुत्व दिवस' के रूप में मनाया जाता है। इस उपलक्ष्य में पूरे भारत एवं नेपाल में एक विशाल रक्तदान महाअभियान चलाया जा रहा है।



इस महा अभियान का उद्देश्य रक्त की आवश्यकता की पूर्ति करना और समाज सेवा हेतु रक्तदान के क्षेत्र में नया गिनीज वर्ल्ड रिकार्ड स्थापित करना है। इस अभियान का राष्ट्रीय शुभारंभ 17 अगस्त 2025 को ओम शांति रिट्रीट सेन्टर, गुड़गांव में केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्री जे.पी. नड्डा द्वारा किया गया। इसके अंतर्गत 23 से 25 अगस्त तक भारत और नेपाल के 1500 से अधिक ब्रह्माकुमारी सेवा केन्द्रों पर रक्तदान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इस महा अभियान का लक्ष्य 1 लाख (100,000) यूनिट रक्त एकत्रित करना है। आज 23 अगस्त को दिल्ली में ब्रह्माकुमारीज के पश्चिम विहार सेवा केन्द्र पर रक्तदान शिविर का शुभारंभ किया गया। जिसमें स्थानीय निगम पार्षद विनीत वो. हरा, भाजपा मंडल अध्यक्ष संगीता खन्ना, अध्यक्ष एन्टी करप्शन ब्यूरो विनीत अग्रवाल, सेवा केन्द्र संचालिका बी के सुषमा, बी के सरिता, रिलेक्सो फुटवियर के डायरेक्टर सुशील बत्रा, पुनीत ओबेरॉय, लोकेश शर्मा, राम गोपाल गोयल, रेडक्रास सोसायटी से अनुराधा व सुषमा आदि अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे और रक्तदान किया। इस शिविर में आज 55 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया जो कल भी जारी रहेगा

# जश्न-ए-भारत कार्यक्रम में उमड़ी दर्शकों की भीड़

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**स्व. कारी मो. इसहाक सहारनपुरी**



**सूफी साबिर अली उस्मानी**



**फराज़ फानी**

**नई दिल्ली।** एवान-ए गालिब में रहनुमा ट्रस्ट द्वारा आयोजित मुशायरे एवं कवि सम्मलेन जश्न-ए भारत में देश विदेश से आए प्रख्यात शायरों व कवियों ने समां बाँध दिया। रिमझिम बरसते मौसम ने कार्यक्रम को और ज्यादा खुशगवार बना दिया।

मुशायरे में प्रो. वसीम बरेलवी, इकबाल अशहर , विष्णु सक्सेना ,नदीम फर्रुख , बिलाल सहारनपुरी , दुबई से विशेष रूप से पधारे फराज फानी, अमीर इमाम , मनिका दुबे, इब्राहिम अली जीशान, गौरव कुमार, जहाज देव. बंदी , हिमांशी बाबरा , अफजाल अशहर एवं उपासना इबादत ने अपनी प्रस्तुति से सब का मन मोह लिया। खासतौर पर दुबई से आए फराज फानी ने जब अपना कलाम पढ़ा तो तालियों की गड़गड़ाहट से पूरा सभागार गूँज उठा।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में पधारे प्रो. अख्तरुल वासे , जस्टिस शबीहुल हसन के साथ यश आनंद फैसल शहीद उस्मानी , रहनुमा ट्रस्ट के चेयरमेन एवं सेटलर सूफी साबिर अली उस्मानी आदि ने ट्रस्ट के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि उर्दू और मुशायरों का हिन्दुस्तान में एक सुनेहरा दौर रहा है ऐसे में आम लोगों के बीच उर्दू को पहुंचाने और पहचान दिलाने की ट्रस्ट की कोशिशें काबिले तारीफ हैं। रहनुमा ट्रस्ट के चेयरमेन एवं सेटलर सूफी साबिर अली उस्मानी ने उर्दू के फरोग को लेकर रहनुमा ट्रस्ट द्वारा कराए जा रहे कार्यों के बारे में बताते हुए कहा कि स्वर्गीय कारी मो. इसहाक सहारनपुरी की याद में शरू किया गया रहनुमा ट्रस्ट देश-विदेश में उर्दू और मुशायरों की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए निरंतर काम कर रहा है।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎011-41509401-2
फैक्स: 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

भारत माँ के चार सिपाही
हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई
देश को मज़बूत बनाना है तो
भाईचारा मज़बूत बनाएं





फैसल कुरैशी

**भाई मेहरबान**
अध्यक्ष: भाईचारा समिति
दिल्लीप्रदेश 9810024415

# महायोजना 2031 के प्रभावी होने से बढ़ेंगी निवेश की संभावनाएंः अतुल वत्स

## 66 लाख की जनसंख्या के आधार पर तैयार की गई पुनः रीक्षित महायोजना 2031

■ एक्सप्रेक्स-वे के साथ प्रस्तावित किए गए हैं नए औद्योगिक क्षेत्र



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** गाजिाबाद, लोनी एवं मोदी नगर महायोजना 2031 के प्रभावी होने से जिले में अब निवेश की संभावनाएं बढ़ गयी हैं। जिले में औद्योगिककरण एवं वन डिस्ट्रिक वन- प्रोडक्ट (ओडीओपी) को बढावा दिए जाने के उददेश्य से ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस-वे दिल्ली मेरठ एक्सप्रेस वे के समीप नए औद्योगिक क्षेत्र प्रस्तावित किए गए है। इस प्रकार उत्तर प्रदेश सरकार के एक ट्रिलियन अर्थ व्यवस्था के औद्योगिक विकास के लक्ष्य को प्राप्त करने में गाजियाबाद जनपद अपना महत्वपूर्ण योगदान देगा।

ये तमाम बातें गाजियाबाद विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष अतुल वत्स ने प्राधिकरण के सभागार कक्ष में आयोजित संवाददाता सम्मेलन के दौरान दी। उन्होंने बताया कि गाजियाबाद, लोनी एवं मोदी नगर महायोजना 2031 की स्वीकृति होने से जनपद में ट्राजिंट ओरिएंटेड डेवलेपमेंट (टीओडी) नीति के क्रियान्वयन में सुगमता आएगी एवं सुनियोजित विकास को बढावा मिलेगा। इस नीति के अंतर्गत टीओडी कॉरिडोर के पास जन सुलभ सुविधाएं जैसे कि अफार्डेबल हाउसिंग, व्यवसायिक एवं मनोरंजनात्क सुविधाएं विकसित की जा सकेगी।

मास्टर प्लान के तहत टीओडी एवं स्पेशल डेवलपमेंट एरिया (एसडीए ) जोन को मिक्सड यूज कटेगरी के रूप में विकसित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इन क्षेत्रों में उच्च फलोर एरिया रेसीओ (एफएआर) 1.5 से बढाकर 5.0कर दिया गया है। एनसीआरटीसी द्वारा संचालित रैपिड रेल कारिडोर में गाजियाबाद व मोदी नगर क्षेत्र के अंतर्गत 1.5 किलो मीटर के दायरे में लगभग 4200 हेक्टेयर क्षेत्रफल को टीओडी जोन में बनाया जाएगा। साथ ही मेट्रो कारिडोर के रेड लाइन एवं ब्लू लाइन के 500 मीटर के दायरे में लगभग 630 हेक्टेयर क्षेत्रफल को शामिल किया गया है।

इसके अतिरिक्त आरआरटीएस के दुहाई एवं गुलधर स्टेशन के समीप लगभग 900 हेक्टेयर क्षेत्रफल का स्पेशल डेवलपमेंट एरिया (एसडीए) विकसित किया जाएगा। ऐसे क्षेत्रों में मिश्रित भू उपयोग का प्राविधान रखा गया है, जिसके अंतर्गत दो अथवा अधिक भू-उपयोगों का मिश्रण एक ही भवन में होरीजोनटल अथवा वर्टीकली अथवा एक ही स्थान पर विभिन्न उपयोगों के एक से अधिक भवनों में अनुमन्यता प्रदान की जा सकेगी।

विकास क्षेत्र के अंतर्गत महायोजना 2031 में नए विस्तारित महायोजना में दो ट्रांसपोर्ट नगर, दो लॉजिस्टक पार्क एवं चार ट्रक पार्किंग भू उपयोग प्रस्तावित किए गए है, जिससे राजस्व सृजन में सहायता मिलेगी। उन्होंने कहा कि जहां एक ओर जनसामान्य व निवेशकों द्वारा मिश्रित भू उपयोग के अंतर्गत व्यवसायिक एवं आवासीय गति. विधियों का लाभ उठाया जा सकेगा, वहीं आरआरटीएस/मेट्रो कॉरिडोर के संचालन से जनपद में सुगम यातायात को बढ़ावा मिलेगा।

टीओडी जोन्स में जोनल प्लान तैयार किए जाने हेतु प्राधिकरण द्वारा एनसीआरटीसी को एजेंसी घोषित किया गया है, शासन द्वारा महायोजना 2031 स्वीकृत किए जाने के फलस्वरूप एजेंसी द्वारा जोनल प्लान तैयार किए जाने की गति बढेगी। उन्होंने बताया कि महायोजना में 15-15 फीसदी आवासीय एवं व्यवसायिक के साथ लगभग 20 फीसदी एरिया ग्रीन में बढ़ोत्तरी प्रस्तावित किया गया है।

उन्होंने बताया कि उनकी जानक. ारी के अनुसार गाजियाबाद के औद्योगिक शहर के रूप में बसाया गया था। सबसे अधिक खुशी का पहलू ये है कि सबसे पहले रैपिड का प्रोजेक्ट गाजियाबाद को मिला। मेट्रो के तीन नए प्रोजेक्ट पर काम चल रहा है। आने वाले वक्त में गाजियाबाद यूपी का सबसे प्रमुख शहर होगा। गाजियाबाद में विकास की बहुत कुछ संभावनाएं है।

लोनी के निकट लाजिस्टक पार्क विकसित किए जाने के बाद उसमें औद्योगिक के साथ आवासीय गति. विधि प्रस्तावित की जाएगी। गाजियाबाद में प्रस्तावित अंतराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम को जीडीए निर्माण करें अथवा पीपीपी माडल पर निर्माण कराया जाए, इस दिशा में भी प्रयास किए जा रहे है। उन्होंने बताया कि पुनःरीक्षित गजियाबाद, लोनी एवं मोदी नगर महायोजना 2031 को 66 लाख की जनसंख्या के आधार पर तैयार किया गया है। 24 मीटर रोड से लगे भूखंडों के स्वामी उठा सकेंगे नीचे दुकान, उपर मकान की योजना का लाभ।

मीडिया से बातचीत के दौरान प्राधिकरण सचिव राजेश कुमार सिंह ने कहा कि नए बिल्डिंग बायलाज के लागू होने के बाद 24 मीटर रोड से लगे भूखंडों के स्वामी अब एक तरह से नीचे दुकान उपर मकान की योजना का लाभ उठा सकेंगे। इसके लिए ऐसे तमाम भूखंडों के स्वामियों को जिनके द्वारा 24 मीटर रोड से लगे भूखंडों में दुकान अथवा शोरूम का निर्माण कर लिया है, उन्हें बिल्डिंग कम्पाउंड कराने का प्राधिकरण मौका देगा। इसके लिए भूखंड स्वामियों को आवे. दन हेतु मानचित्र लाने होंगे। जो भूखंड स्वामी बिल्डिंग का शमन नहीं कराते है, ऐसे बिल्डिंग स्वामियों के खिलाफ प्राधिकरण कार्रवाई करेगा।

इस बात की प्रसन्नता है कि मौजूदा प्राधिकरण उपाध्यक्ष के अलीगढ़ के कार्यकाल के दौरान अलीगढ के महायोजना को शासन से मंजूरी मिली तथा अब गाजियाबाद के महायोजना को स्वीकृति शासन से प्राप्त हुई है जो कि बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने बताया कि महायोजना में गाजियाबाद में 15 जोन प्रस्तावित किए गए है। अगले सप्ताह जोनल प्लान के लिए आर एफ पी तैयार कर अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।

## पांचवीं पास राकेश करता था करोड़ों के वारे-न्यारे, अंजाम जानकर रह जाएंगे दंग

**गाजियाबाद।** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद की क्राइम ब्रांच की स्वाट टीम और थाना वेवसिटी पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई में एक अंतरराज्यीय गांजा तस्कर को गिरफ्तार किया है। शातिर शिकोहाबाद का रहने वाला है। पांचवीं पास राकेश ने ट्रक ड्राईवर बनने के बाद कब गांजा तश्कर बना बैठा, उसके परिवारों वालों को भी पता नहीं लगा। करोड़ों के वारे न्यारे करने वाला राकेश पुलिस को वर्षों से चकमा दे रहा था लेकिन गाजियाबाद पुलिस की क्राइम ब्रांच के आगे उसके सारे हथकंडे फेल हो गए। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 187 किलो अवैध गांजा बरामद किया है। गांजा कैन्टर में भरा हुआ था। बरामद गांजे की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 75 लाख रुपये बताई जा रही है। 23 अगस्त 2025 को मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने इकला-इनायतपुर रोड से आरोपी को दबोचा। आरोपी उड़ीसा से कैन्टर में प्लास्टिक की तिरपाल के नीचे गांजा छिपाकर दिल्ली-एनसीआर और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में सप्लाई करने आया था। क्राइम ब्रांच के हत्थे चढ़े 42 वर्षीय राकेश ने पुलिस को बताया - वह 5वीं पास है और ट्रक ड्राइवर का काम करता है। उसके पास दो कैन्टर हैं। एक बार पहले भी आरपीएफ शिकोहाबाद उसे तस्करी मामले में जेल भेज चुकी है। करीब छह महीने पहले उसकी मुलाकात सोनू गुप्ता (एटा) और कौशलेन्द्र (फिरोजाबाद) से हुई, जो बड़े गांजा तस्कर हैं।

## नार्थ इंडिया कराटे प्रतियोगिता का आयोजन आज से

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** कराटे वेलफेयर सोसाइटी द्वारा आज नॉर्थ इंडिया कराटे प्रतियोगिता का आयोजन ईश्वर चंद इंटर कालेज में किया जा रहा है। संस्था के महासचिव राजीव मुंडेलवाल ने बताया कि प्रतियोगिता में मेरठ, गाजियाबाद, अलीगढ़, उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, ओडिशा, मध्य प्रदेश, दिल्ली, आदि के 250 महिला एवं पुरुष खिलाड़ी भाग ले रहे है।

संस्था के अध्यक्ष विजय कौशिक ने बताया कि खिलाड़ियों के पुरस्कार रहने एवं भोजन की व्यवस्था पूरी कर ली गई है कराटे वेलफेयर सोसाइटी छत्तीसगढ़ इकाई की टीम को



राज्य खेल मंत्री ने हरी झंडी दिखा कर रवाना कर दिया है।

इस अवसर पर संस्था के संरक्षक बी एल बत्रा के अनुसार प्रतियोगिता का उद्घाटन सुबह 10 बजे एम एल सी विधायक श्रीचंद शर्मा के द्वारा विधिवत् रिबन काट कर किया जाएगा उनके साथ संस्था के पदाधिकारी जिनमें रामावतार जिंदल, सुखपाल सिंह, सुरेंद्र यादव, डॉ पी कुमार, डॉ प्रगति त्यागी, डॉ राजीव त्यागी, कुणाल त्यागी, मास्टर हरीश चावला, लाखन सिंह चौहान आदि उपस्थित रहेंगे एवं सब जूनियर वर्ग के पुरस्कार वितरण पूर्व राज्यमंत्री एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष खेल प्रकोष्ठ राष्ट्रीय लोक दल चौधरी निरपाल सिंह व प्रदेश महासि. चव रविन्द्र चौहान करेंगे एवं प्रतियोगिता का समापन और सीनियर वर्ग के पुरुस्कार वितरण शाम 4 बजे शहर विधायक संजीव शर्मा के द्वारा होगा।

साथ ही उन्होंने बताया कि सोसाइटी आगामी नवम्बर माह में अखिल भारतीय कराटे प्रतियोगिता का आयोजन कराने जा रही है जिसमें देशभर के विभिन्न राज्यों के लगभग 1000 खिलाड़ी भाग लेंगे। इस प्रतियोगिता का मुख्य आकर्षण 20 फीट ऊंची एवं 16 फीट चौड़ी शिल्ड होगी। जो कि अब तक की दुनिया में सबसे बड़ी शिल्ड होगी। जिसे विश्व रिकॉर्ड में दर्ज कराया जाएगा।

आयोजन सचिव तुषार के अनुसार प्रतियोगिता के निर्णायक कमटी में वरुण पांडे, रविन्द्र शर्मा, तरुण त्यागी, अजय कुमार, संदीप परहिया, करण कुमार, मुकेश कुमार, अनमोल गुप्ता, रणवीर रंजन, आदि होंगे। मंच का संचालन शिंदोशी अनिल कौशिक करेंगे। प्रतियोगिता समिति में आशीष सैनी, समीर कुमार, आशीष चौधरी, आकाश ठाकुर, प्रगति सिंह सिसोदिया, सनी, हिमांशु, आफताब आदि रहे।

## दुर्घटना में पत्नी की मौत, पति घायल

**गाजियाबाद।** राजनगर एक्सटेंशन स्थित ऑफिसर सिटी सोसायटी निवासी ट्विंकल वर्मा 21 अगस्त की रात सड़क हादसे का शिकार हो गईं। हादसे के समय वह पति तरुण जिंदल के साथ बाइक पर दिल्ली से लौट रही थीं। साहिबाबाद थानाक्षेत्र के शहीदनगर मेट्रो स्टेशन के पास एक ट्रक की टक्कर से बाइक गिरी और ट्विंकल की मौत हो गई। मामले में महिला के भाई वासु वर्मा की तहरीर पर पुलिस ने ट्रक चालक पर मुकदमा दर्ज किया है। पश्चिमी दिल्ली के मोतीनगर निवासी वासु वर्मा ने दर्ज मुकदमे में बताया कि उनकी बहन ट्विंकल पति तरुण जिंदल के साथ बृहस्पतिवार की रात दिल्ली से राजनगर एक्सटेंशन जा रहीं थीं।

## सेवा परमो धर्म को चरितार्थ करने वाला ही महामानव है: बीके शर्मा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** मोदीनगर निवासी समाज सेवक बी के शर्मा बाल्य काल से समाज सेवा के लिए हर समय तत्पर रहते हैं समाज के हित में उन्होंने कई कार्य किए हैं और युवाओं को जागरूक करने के लिए समय-समय पर तिरंगा यात्रा शहीदों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण करना व गरीबों की सेवा करना अपना धर्म माना। समाजसेवी बीके शर्मा ने कहा कि युग-युगांतर से प्रचलित वाणी सेवा परमो धर्मः को आत्मसात कर चरितार्थ करने वालों को ही भविष्य में महामानव की उपाधि मिलती है।

राष्ट्र सेवा या माता-पिता संग मानव जाति या जीव-जंतुओं की सेवा हो सभी में धर्म की प्राप्ति के साथ-साथ लोगों को आत्म संतुष्टि के बीच जीवन भी सफल होता हे। उन्होंने कहा कि केवल सीमा पर तैनात सैनिक ही देश सेवा के लिए संकल्पित नहीं है, बल्कि राष्ट्र के प्रत्येक नागरिक का दायित्व है किसी न किसी रूप में अपनी मातृभूमि, जन्मभूमि एवं कर्मभूमि की सेवा करना। बाल्य काल से ही बच्चों के अंदर सेवा की भावना पैदा करना चाहिए। यह माता-पिता एवं शिक्षकों का दायित्व है।

वहीं माता-पिता की सेवा परम सेवा है। जन्म देकर बच्चों के भविष्य के लिए कई प्रकार के कंटकाकीर्ण रास्तों से गुजरने वाले माता-पिता का सेवा निःस्वार्थ भाव से होना चाहिए। जो भी व्यक्ति अपने इस कर्घ्तव्य के प्रति उदासीन होकर उनका दुराभाव करता है, वह मानव कहलाने के लायक नहीं। उन्होंने कहा कि सेवा के विभिन्न आयामों में समाजिक सेवा का भी एक महत्वपूर्ण भूमिका है। सेवा भावना से ही एक सफल समाज की स्थापना हो सकती है।

लगातार सामजिक संरचनाओं में आ रहे गिरावट को रोकने के लिए लोगों को अपने अंदर सेवा की भावना उत्पन्न करना होगा। इससे एक सफल परिवार का सपना साकार होने के साथ-साथ व्यक्ति से व्यक्ति का हो रहे दुराव भी कम होगा।

पूर्व में प्रत्येक मनुष्य के अंदर सेवा की अटूट भावना रहती थी। आज उसमें धीरे-धीरे गिरावट आ रही है। और यही कारण है कि परिवार तथा समाज लगातार टूटता जा रहा है। इसको अक्षुण्न तथा सार्थक व सफल रखने के लिए सेवा की भावना अत्यंत ही आवश्यक है।

## सूबेदार फूल सिंह यादव के निधन पर की श्रद्धांजलि अर्पित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** राजस्थान हरियाणा के राजनीतिक शिखर पर पहुंचे पूर्व सांसद वर्तमान विधायक धार्मिक गुरु महंत योगी बालक नाथ के पूज्य दादा सूबेदार फूल सिंह यादव के निधन पर भाजपा नेता व राष्ट्रीय व्यापार मंडल पदाधिकारीयो पंडित अशोक भारतीय, सौरभ यादव, जितेंद्र त्यागी आदि ने राजस्थान के बहरोड के कोहराना गांव में पहुंचकर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर शोक संतृप्त परिवार को अपनी संवेदनाएं प्रकट की तथा योगी बाबा बालक नाथ से आशीर्वाद लिया। इस दौरान गण मान्य और स्थानीय लोगों का श्रद्धांजलि देने के लिए तांता लगा रहा। सूबेदार फूल सिंह यादव ने ही बाल्यकाल में महंत योगी बालकनाथ को संन्यास धारण कर सनातन धर्म एवं राष्ट्र सेवा के लिए प्रेरित किया। सेना में रहे सूबेदार फूल सिंह यादव जी का जीवन अनुशासन, ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा, राष्ट्र एवं समाज सेवा को समर्पित रहा।

## धूमधाम से किया गया श्रीकृष्ण की छठी उत्सव का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** राजनगर एक्सटेंशन स्थित क्लासिक रेजीडेंसी के सनातन धर्म मंदिर में भगवान श्री कृष्ण जी की छठी का आयोजन किया गया।

जिसमें सोसाइटी के श्रदालुओं उपस्थित रहे। मंदिर समिति की अध्यक्षता संजीव मल्होत्रा, मनीष मेहरोत्रा, अशोक भंगेल, अनिल यादव, अनुराग आनंद, संजीव चौहान, शुभम गर्ग, राकेश धींगराजी, दीपेश साहू, वरुण झखडियाजी, यतेंद्र भास्कर आदि उपस्थित रहे।

## कुत्ते को खाना खिला रही महिला पर बरसाए थप्पड़, वीडियो वायरल

**गाजियाबाद।** विजय नगर थाना क्षेत्र के तहत आने वाले सिद्धार्थ विहार के ब्रह्मपुत्र एनक्लेव सोसायटी में आवारा कुत्ते को खाना खिलाने को लेकर एक शख्स ऐसा भड़का कि उसने एक महिला को सरेआम थप्पड़ बरसा दिए। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। विजयनगर थाना पुलिस ने सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो को संज्ञान में लेकर कारवाई की और सुसंगत धाराओं में आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया। पुलिस ने अब आरोपी को हिरासत में लिया है। मामले की छानबीन जारी है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक, यह घटना उस वक्त घटी जब एक डॉग लवर महिला सोसायटी में आवारा कुत्तों को खाना खिला रही थी। इसी दौरान सोसायटी के एक युवक ने महिला को रोकने की कोशिश की। इस दौरान महिला से उसकी बहस हो गई। फिर युवक महिला की किसी बात पर इस कदर भड़क गया कि उस पर ताबड़तोड़ थप्पड़ बरसाने शुरू कर दिए। वायरल वीडियो में युवक महिला पर थप्पड़ बरसाता और यह कहता नजर आ रहा है कि मैंने कहां मारा।

## भोजपुर पुलिस ने किया दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** थाना भोजपुर पर दो दिन पूर्व एक व्यक्ति द्वारा अपनी नाबालिग बेटी के साथ दुष्कर्म करने व ब्लैकमेल करने के आरोप में 2 युवकों पर मुकदमा दर्ज कराया गया था, शनिवार को पुलिस ने नामजद एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस ने बताया कि उक्त व्यक्ति ने मोहित व गौरव को इस मामले में नामजद कराया था पुलिस ने मोहित पुत्र हरेंद्र को गिरफ्तार कर लिया है उसने अपना जुर्म कबूल भी कर लिया है उसे जेल भेजा जा रहा है साथ ही दूसरे आरोपी गौरव की गिरफ्तारी के प्रयास जारी है शीघ्र ही उसे भी अरेस्ट कर लिया जायेगा।

## आईटीएस में कॉम्प्रेहेन्सिव ओरल इंप्लांटोलॉजी कोर्स के पहले मॉड्यूल का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुरादनगर।** आई.टी.एस डेंटल कॉलेज ने 10वें कॉम्प्रेहेन्सिव ओरल इंप्लांटोलॉजी कोर्स के पहले मॉड्यूल का आयोजन सफलतापूर्वक किया गया। यह कोर्स जी.एम.आई. इम्प्लांट्स, बार्सिलोना, स्पेन के सहयोग से संचालित हुआ। चार मॉड्यूल वाले इस विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम में कुल 54 प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिनमें निजी दंत चिकित्सक, कॉलेज के पूर्व छात्र, संस्थान के दंत चिकित्सक, एम.डी.एस. विद्यार्थी और अन्य कॉलेजों के अध्यापक सम्मिलित रहे।



यह कार्यक्रम आई.टी. एस-द एजुकेशन ग्रुप के वाईस चेयरमैन अर्पित चड्ढा के सहयोग से आयोजित किया गया। जिसका उद्देश्य प्रतिभागियों को ओरल इंप्लांटोलॉजी में नवीनतम क्लीनिकल तकनीकों से परिचित कराना था, ताकि वे मरीजों के लापता दांतों को इम्प्लांट्स के जरिए लगा जा सके और मरीजों को समग्र उपचार प्रदान कर सकें। इस पाठ्यक्रम के गेस्ट स्पीकर प्रसिद्ध ओरल इम्प्लांटोलॉजिस्ट डॉ महिजीत सिंह थे, जिन्हें ओरल इंप्लांटोलॉजी के क्षेत्र में व्यापक ज्ञान प्राप्त है और वह नियमित रूप से इस तरह के कोर्स संचा. लित कर रहे है।

कार्यक्रम के दौरान डॉ सिंह ने सभी प्रतिभागियों को ओरल इंप्लांटोलॉजी के उपचार की प्रक्रियाओं के बारे में पूर्ण रूप से जानकारी प्रदान की। डॉ सिंह ने सभी प्रतिभागियों को व्यापक रूप से इम्प्लांट किट के परिचय के साथ-साथ सर्जिकल प्रोटोकॉल और सही इम्प्लांट सिस्टम चुनने के बारे में ज्ञान दिया। डॉ. सिंह ने पहले और दूसरे दिन एम.डी.एस. के विद्यार्थियों और अन्य दंत चिकित्सकों को ओरल इंप्लांटोलॉजी उपचार की प्रक्रियाओं के बारे में गहन जानकारी दी तथा इसके अतिरिक्त उन्होंने सभी प्रतिभागियों के लिए जी.एम.आई. इम्प्लांट किट का उपयोग करके सी.बी.सी.टी. पर हैंड्स ऑन, डमी मेंडीबल्स पर ऑस्टियोटॉमी हैंड्स ऑन एवं मरीज पर डिले इम्प्लांट प्लेसमेंट करके एक लाइव डेमोंस्ट्रेशन किया। इस कार्यक्रम के माध्यम से सभी प्रतिभागियों को ओरल इंप्लांटोलॉजी के बारे में नवीनतम ज्ञान प्राप्त हुआ जिसके लिये सभी ने आई.टी.एस-द एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन डॉ. आर.पी. चड्ढा तथा वाईस चेयरमैन अर्पित चड्ढा को धन्यवाद दिया।

# मैं आसुरी शक्ति से डरने वाली नहीं हूं मेरा संकल्प और मजबूत हुआ: रेखा गुप्ता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता का कहना है कि अपने ऊपर हुए हमले के बावजूद उनकी हिम्मत और संकल्प पहले से और मजबूत हुआ है। उनका यह भी कहना है कि मुझे तूफान से लड़ने की आदत है और वह आसुरी शक्ति से डरने वाली नहीं हैं।

मुख्यमंत्री ने अपने ये मजबूती व संकल्प से भरे विचार आज दिल्ली विश्व. विद्यालय के प्रसिद्ध कॉलेज श्रीराम कॉलेज ऑफ कॉमर्स (एसआरसीसी) में व्यक्त किए। वार्षिक समारोह में कॉलेज के शिक्षकों, विद्यार्थियों और पूर्व छात्रों के साथ उन्होंने अपने कॉलेज के दिन भी याद किए और कहा कि कि देश की राजधानी दिल्ली को विश्वस्तरीय शैक्षणिक हब बनाना उनकी प्राथमिकता में शामिल है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने एसआरसीसी कॉलेज परिसर में अपने कॉलेज के दिनों को याद करते हुए उसे आज की घटनाओं से जोड़ा और कहा कि कॉलेज के दिनों में डूसू की अध्यक्ष के दौरान एक प्रदर्शन में उन्हें गंभीर चोटें आई थीं। उस समय भी उन्होंने हिम्मत नहीं हारी और आज भी वही जज्बा उनके साथ है। मैं अब और भी दृढ़ संकल्प के साथ काम कर रही हूं। मुख्यमंत्री ने अपने इरादों को जाहिर करते हुए कहा कि मैं किसी आसुरी शक्ति से डरने वाली नहीं हूं।

मुझे तूफानों से लड़ने की आदत है और दिल्ली की जनता मेरी सबसे बड़ी ताकत है। आज मेरे पास दिल्ली की जनता का स्नेह और आशीर्वाद है। मैं और भी दृढ़ संकल्प के साथ काम कर रही हूं। उन्होंने कहा कि मैं किसी भी ताकत से डरकर रुकने वाली नहीं हूं। जब तक दिल्ली को उसके अधिकार नहीं मिल जाते, मैं लगातार संघर्ष करती रहूंगी। न डरूंगी, न थकूंगी और न ही हार मानूंगी। उन्होंने यह भी कहा कि अपने ऊपर हुए हमले के बावजूद उनकी हिम्मत और संकल्प पहले से और मजबूत हुआ है।

अपने संबोधन में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने अपनी प्राथमिकताओं और विकसित दिल्ली के संकल्प को भी दोहराया और कहा कि दिल्ली को विश्वस्तरीय शैक्षणिक हब बनाना उनकी प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में हमारे पास इतने अच्छे कॉलेज और यूनिवर्सिटीज हैं। अब जरूरत है कि हम बेहतरीन इंफ्रास्ट्रक्चर, आधुनिक सुविधाएं और विश्वस्तरीय फैकल्टी उपलब्ध कराएं, ताकि छात्र विदेश जाने के बजाय यहीं रहकर अपने करियर और देश का भविष्य संवारें।

## बवाना की जर्जर पाइप लाइन बदली जाएंगी: रविन्द्र इंद्राज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार के समाज कल्याण मंत्री रविन्द्र इंद्राज सिंह ने बवाना विधानसभा क्षेत्र के वार्ड 31 अंतर्गत नांगल ठाकरान स्थित माजरा डबास एवं बुढ़नपुर माजरा के लिए नई पानी की पाइपलाइन बिछाने के कार्य का शुभारम्भ किया। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि बवाना क्षेत्र के कई गांवों में पानी की लाइनें 35-40 साल पुरानी हो चुकी हैं, जिनकी वजह से पेयजल आपूर्ति प्रभावित हो रही है। ये सभी जर्जर पाइपलाइनें बदली जाएंगी। जिन गांवों और जे जे कॉलोनियों में अब तक लाइनें नहीं बिछाई गई हैं, वहाँ भी अंतिम छोर तक पाइपलाइन पहुंचाकर हर घर को पेयजल उपलब्ध कराया जाएगा। समाज कल्याण मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के निर्देश हैं कि दिल्ली के गांवों को निर्बाध बिजली और पानी की आपूर्ति मिले। गांवों और जे जे कॉलोनियों का विकास सरकार की प्राथमिकता हैं। रविन्द्र इंद्राज ने दिल्ली जल बोर्ड के अधिकारियों को निर्देश दिए कि पुरानी पाइपलाइनों की जगह उच्च गुणवत्ता वाली डीआई (डक्टाइल आयरन) पाइपलाइन का नेटवर्क तैयार किया जाए।

# कई राज्यों में धोखाधड़ी करने वाला धोखेबाज गोवा से पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** कई राज्यों में धोखाधड़ी के करीब 20 मामलों में शामिल सीरियल धोखेबाज ज्ञानेश्वर कौशिक उर्फ ज्ञान को अपराध शाखा ने दस साल बाद गिरफ्तार किया है।

आरोपी ने निवेश योजनाओं के नाम पर एक महिला को भी ठगा था। एसीपी विक्रम सिंह की देखरेख में इंस्पेक्टर अक्षय गहलोत के नेतृत्व में पुलिस टीम ने उत्तरी गोवा के पोरवोरिम स्थित एक आवासीय भवन में ज्ञानेश्वर कौशिक को गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी से बचने के लिए अनिल जायसवाल नाम बदलकर रह रहा था। पूछताछ करने पर आरोपी से पता चला कि उसके पिता दिल्ली विश्वविद्यालय में लाइब्रेरियन के पद पर कार्यरत थे। शुरूआत में उसने टेली-कॉलर के रूप में बीमा बेचने से शुरुआत की और धीरे-धीरे लोगों को फर्जी निवेश योजनाएं बताकर ठगने लगा। उसने धोखाधड़ी के उद्देश्य से अपने नाम से एक कंपनी भी खोली। द्वारका इलाके में एक महिला को निशाना बनाया और उससे एक लाख रुपये से अधिक की ठगी की। उसने अपने कॉल सेंटर में काम करने वाले अपने साथियों के साथ मिलकर पूरे भारत में कई लोगों को ठगा है और उसके खिलाफ कई मामले दर्ज हैं।

कानूनी कार्यवाही से बचने के लिए, वह दिल्ली से भाग गया और गोवा में रहने लगा। 2023 में उसे पीओ घोषित कर दिया। इसी तरह के एक धोखाधड़ी के मामले में, उसे 2016 में पश्चिम विहार पूर्व पुलिस थाने ने गिरफ्तार किया था। उसके खिलाफ फरीदाबाद, हरियाणा, हैदराबाद, तेलंगाना, चंडीगढ़, जैसलमेर, राजस्थान, भरूच, गुजरात, रायगढ़ और मुंबई, महाराष्ट्र, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश आदि में भी धोखाधड़ी के मामले दर्ज हैं।

# कुत्तों को लेकर एमसीडी बनाएगा एनसीआर के निगमों संग रणनीति

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली-एनसीआर से आवारा कुत्तों को लेकर अब दिशा- निर्देश को देखते हुए दिल्ली के महापौर राजा इकबाल सिंह ने एनसीआर के निगमों के साथ मिलकर इस कार्ययोजना पर काम करने का निर्णय लिया है।

सभी निगमों के चुने हुए प्रति. निधियों के साथ निगम आयुक्तों व पशु चिकित्सा से जुड़े डॉक्टरों व विशेषज्ञों को आमंत्रित किया जाएगा। जिसका उद्देश्य नियमों में एकरुपता के साथ ही शेल्टर होम बनाने एक माडल स्थापित करना होगा। ताकि शेल्टर होम में रखे जाने वाले कुत्तों को दिक्कत भी न हो। दिल्ली के महापौर राजा इकबाल सिंह ने बताया हम सुप्रीम कोर्ट के निर्णय का स्वागत करते हैं। निगम ने पूर्व में सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के बाद कुछ कार्य शुरू किया था। इसमें हमने प्राथमिकता पर खूंखार कुत्ते उठाने के साथ ही शेल्टर होम का निर्माण करने के लिए स्थान के चिह्नित करने की प्रक्रिया शुरू की थी।

हमने जो जो काम शुरू किया था शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट के आदेश में लगभग वहीं काम करने के निर्देश एनसीआर के निगमों को दिए गए हैं लेकिन हम इसमें फिर भी पारदर्शिता से काम करना चाहते हैं। साथ ही जो भी मानक संचालक प्रक्रिया (एसओपी) बने वह समान रहे। अगर, अलग-अलग तरीके से निगम काम करेंगे तो संभवत: कई कानूनी अचड़ने भी आ सकती है। इसलिए हम एनसीआर के निगमों के साथ बैठेंगे और शेल्टर होम, फीडिंग प्वाइंट, खूंखार कुत्तों को पकड़ने जैसे काम के एसओपी तैयार करेंगे। महापौर ने बताया कि जब सभी निकाय एक साथ बैठेंगे तो वह अपने-अपने अनुसार तैयारी की जानकारी देंगे तो जरुर ऐसी बातें निकलेगी जिससे इस काम को और बेहतर किया जा सकें। उन्होंने बताया कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देश में कई चीजे नई आई हैं। जैसे खूंखार कुत्तों को शेल्टर होम में डालने की बात हैं, चाहे शेल्टर होम बनाने की बात है।




**दिल्ली विश्वविद्यालय के कॉलेज श्रीराम कॉलेज ऑफ कॉमर्स ( एसआरसीसी ) के वार्षिक समारोह में भाग लेते हुए मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता।**

# सीरियल वाहन चोर गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के द्वारका जिला पुलिस की एएटीएस टीम ने कुख्यात सीरियल वाहन चोर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके पास से दो चोरी की बाइक बरामद कीं है। आरोपी पहले छत्तीस आपराधिक मामलों में संलिप्त रहा है।

दिल्ली के द्वारका जिला पुलिस उपायुक्त अंकित सिंह ने बताया कि जिले में एएटीएस टीम को एमवीटी और सड़क अपराधों के खिलाफ कार्रवाई तेज करने का काम सौंपा गया था। इस दौरान टीम ने अपराध स्थलों का दोबारा दौरा कर मार्गों पर लगे सीसीटीवी फुटेज का विश्लेषण किया गया। इसके तहत एसीपी ऑपरेशन राम अवतार की देखरेख में इंस्पेक्टर मनीष यादव, प्रभारी एएटीएस के नेतृत्व में टीम मेट्रो यार्ड लाइन के अंतर्गत ककरोला रोड के पास गश्त पर थी।इसी बीच बिना हेलमेट पहने बाइक चला रहे एक संदिग्ध ने पुलिस को देखकर भागने की कोशिश की, लेकिन उसे रोक लिया गया। वह वैध दस्तावेज या वाहन के कब्जे का कोई कारण नहीं बता सका। सत्यापन से पता चला कि बाइक चोरी की गई थी।आगे की पूछताछ और सीसीटीवी फुटेज की जाँच से टीम ने एक और चोरी की बाइक बरामद की है।इसके बाद पुलिस ने आरोपी जावेद (30) को गिरफ्तार कर लिया।

# भारत की परंपरागत चिकित्सा पद्धतियां विश्वभर में पहचान बना रही: मुख्यमंत्री

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा है कि अर्धनारीश्वर चिकित्सा-न्यूरोथेरेपी जैसी परंपरागत चिकित्सा पद्धतियां भारत की प्राचीन धरोहर हैं। इनका महत्व आज और भी बढ़ गया है क्योंकि यह उन बीमारियों का भी उपचार करती हैं, जहां आधुनिक चिकित्सा कई बार असफल हो जाती है।

मुख्यमंत्री ने यह विचार आज आरोग्य पीठ के 14वें वेलनेस न्यूरोथेरेपी दिवस कार्यक्रम में व्यक्त किए। यह कार्यक्रम श्री गुरु रामराय उदास. ीन आश्रम सभागार, आराम बाग, में आयोजित किया गया था। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली सरकार चाहती है कि न्यूरोथेरेपी के लिए दिल्ली में बेहतर सुविधाएं विकसित हों, नए केंद्र स्थापित किए जाए और अधिक से अधिक लोग इस चिकित्सा का लाभ उठा सकें। सरकार इस पर आपके सुझावों के आधार पर ठोस कदम उठाएगी।

उन्होंने कहा कि आरोग्य पीठ द्वारा किए जा रहे कार्य समाज के स्वास्थ्य और कल्याण के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। दिल्ली सरकार इस दिशा में ऐसी कल्याणकारी संस्थाओं की हरसंभव सहयोग करेगी।

# 38.5 लाख के हाईप्रोफाइल शेयर बाजार घोटाले के मुख्य आरोपी को धर-दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** भोले-भाले लोगों का विश्वास जीतकर उनको मोटा मुनाफा कमाने का लालच देकर 38.5 लाख के ऑनलाइन शेयर बाजार घोटाले के मुख्य आरोपी जतिन को अपराध शाखा ने गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपी के पूरे नेटवर्क के बारे में पता करके उनको भी पकडने के लिये छापेमारी कर रही है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि एसबीआई बैंक से सवानिवृत्त अधिकारी को

उनके व्हट्सएप पर अंजान नंबर से मैसेज आया था। मैसेज को पढने के बाद जब आरो. पियों से संपर्क किया। जिसमें उसे ब्लिंकएक्स, स्टैंडर्ड चार्टर्ड एलीट और ब्लिंकएक्स मैक्स जैसे नकली स्टॉक ट्रेडिंग एप्लिकेशन इंस्टॉल करने के लिए लुभाया गया था। उनको कुछ ऐसी फर्जी पिक्चर दिखाई दी,जिसमें लोगों को अच्छा खासा मुनाफा हो रहा था। उन्हें एक धोखाधड़ी वाले निवेश सुझाव समूह में भी जोड़ा गया, जहाँ उन्हें धीरे-धीरे आईपीओ फंडिंग और लाभ निकासी के नाम पर निवेश करने के लिए प्रेरित किया गया। कई व्यक्तिगत बैंक खातों में आईएमपीएस/एनईएफटी/यूपीआई के माध्यम से भुगतान किए गए थे। जब उन्होंने अपने रुपये निकालने की कोशिश की। धोखेबाजों ने धमकी और धमकी का सहारा लिया और पैसे ऐंठ लिए। एसीपी अनिल शर्मा की देखरेख में इंस्पेक्टर संदीप सिंह के निर्देशन में पुलिस टीम ने बैंक खातों और फोन नंबर आदि की डिटेल लेकर आरोपी जतिन को उसके ठिकाने पर छापेमारी करके गिरफ्तार कर लिया। आरोपी अपनी पहचान छिपाने के लिए नकली सिम कार्ड और जाली दस्तावेजों का इस्तेमाल कर रहा था। यह भी पता चला है कि जतिन इसी तरह के एक मामले में गुरुग्राम पुलिस को वांछित है।

पूछताछ करने पर पता चला कि वहएक निजी फिटनेस ट्रेनर के रूप में काम करता है। लालच में आकर, वह सुनील नाम के एक व्यक्ति के संपर्क में आया, जिसने उसे 50 हजार रुपये कमाने का वादा करके एक चालू बैंक खाता खोलने के लिए राजी किया। उसने अपने बैंकिंग क्रेडेंशियल सुनील को सौंप दिए, जो फिलहाल फरार है। जांच में पता चला है कि एनसीआरपी पर आधा दर्जन शिकायतें मिली है।

## संसद भवन के गज द्वार पर खड़ा पेड़ परिसर के भीतर ही किया जाएगा स्थानांतरित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** संसद भवन के छह द्वारों में से एक गज द्वार पर खड़े एक अकेले पेड़ को एसपीजी द्वारा सुरक्षा बाधा के रूप में चिन्हित किया गया है और जल्द ही इसे परिसर के भीतर ही स्थानांतरित किया जाएगा। एसपीजी ने पूर्ण विकसित तबेबुइया अर्जेन्टिया वृक्ष को वीवीआईपी मार्ग में संभावित बाधा के रूप में चिह्नित किया था। संख्या 01 वाले इस पेड़ को प्रत्यारोपित करने की प्रक्रिया जल्द ही शुरू होगी। एक अधिकारी ने बताया कि पेड़ को अगले सप्ताह स्थानांतरित किए जाने की संभावना है।

सीपीडब्ल्यूडी द्वारा एसपीजी की सुरक्षा चिंताओं का हवाला देते हुए किए गए अनुरोध के बाद, दिल्ली वन विभाग द्वारा कड़ी शर्तों के अधीन अनुमति दिए जाने के साथ, संख्या 01 वाले इस पेड़ के स्थानांतरित की प्रक्रिया जल्द ही शुरू होगी। चुना गया स्थान प्रेरणा स्थल है, जहां राष्ट्रीय प्रतीकों और स्वतंत्रता सेनानियों की मूर्तियाँ स्थापित हैं, जो पहले परिसर में विभिन्न स्थानों पर थीं। करीब सात वर्ष पुराना यह वृक्ष तेजी से बढ़ता है। इसे कम देखभाल की आवश्यकता होती है और यह पूर्ण सूर्यप्रकाश व अच्छी जल निक. ासी वाली मिट्टी में पनपता है। यही कारण है कि इसे आमतौर पर बगीचों, सड़कों के किनारे और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर देखा जाता है।



**संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री कपिल मिश्रा फिक्की लेडीज ऑर्गेनाइजेशन द्वारा आयोजित एफएलओ जॉब फेयर 2025 का शुभारंभ श्री गुरु तेग बहादुर खालसा कॉलेज में करते हुए।**

## सरकार रोजगार को पुनर्जीवित करने के लिए ठोस एक्शन प्लान पर काम कर रही : कपिल मिश्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** फिक्की लेडीज ऑर्गेनाइजेशन द्वारा आयोजित एफएलओ जॉब फेयर 2025 -दिल्ली एडिशन का आज भव्य शुभारंभ श्री गुरु तेग बहादुर खालसा कॉलेज, में हुआ।

इस अवसर पर दिल्ली सरकार के कला, संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री कपिल मिश्रा ने मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित युवाओं को संबोधित किया।

अपने संबोधन में कपिल मिश्रा ने इस पहल को दिल्ली के युवाओं के लिए एक महत्वपूर्ण कदम बताया। उन्होंने कहा कि यह अत्यंत शानदार प्रयोग और पहल है, जिसका दिल्ली में आयोजन होना ही चाहिए था। उन्होंने आयोजकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के रोजगार मेलों से युवाओं के लिए अवसरों के नए द्वार खुलेंगे।

कपिल मिश्रा ने दिल्ली में रोजगार की स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा पिछली सरकार की गलत नीतियों की वजह से दस सालों में हालत यह हो गई है कि नौकरी के लिए दिल्ली के युवाओं को गुरुग्राम और नोएडा जाना पड़ रहा है। हम चाहते हैं कि दिल्ली का युवा अपने ही शहर में काम करे और अपने ही शहर में उसे रोजगार मिले ना कि उसे गुरुग्राम और नोएडा जाना पड़े।

# लिफ्ट देने के बहाने जालसाजों ने की आईबी अधिकारी की पत्नी से ठगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** मंदिर मार्ग इलाके में कार सवार बदमाशों ने आइबी (इंटेलिजेंस ब्यूरो) अधिकारी की पत्नी को लिफ्ट देने के बहाने गहने और नकदी ठग लिए। उनकी शिकायत पर मंदिर मार्ग थाने में मामला दर्ज कर पुलिस आरोपितों की तलाश में जुटी है।

पीड़िता की पहचान अनीता देवी के रूप में हुई है जो मूल रूप से रायबरेली (यूपी) की रहने वाली हैं और अपने परिवार के साथ पंचकुइयां रोड स्थित सरकारी आवास में रहती हैं। उनके पति उदयराज आइबी के एमटीएस विभाग में कार्यरत हैं। अनीता ने बताया कि 19 अगस्त की सुबह करीब 10:30 बजे वह कोटला मुबारकपुर जाने के लिए मंदिर मार्ग स्थित वाल्मीकी बस स्टैंड पर बस का इंतजार कर रही थीं। काफी देर बस न आने पर एक बुजुर्ग व्यक्ति उनके पास आकर खड़ा हो गया।

इसी बीच 30 से 35 साल का एक युवक आया और बात. चीत के दौरान अनीता देवी और बुजुर्ग को पास आकर खड़ी एक कार में लिफ्ट लेने के लिए राजी कर लिया। कार में पहले से तीन लोग बैठे थे। थोड़ी देर बाद कार गोल मार्केट और आरके आश्रम होते हुए कनॉट प्लेस की ओर बढ़ी। रास्ते में कार सवारों ने खुद को सरकारी कर्मचारी बताकर कहा कि आगे पुलिस की चेकिंग चल रही है, इसलिए जो भी कीमती सामान है उसे लिफाफे में डाल दें।

भरोसा दिलाने के लिए कार में बैठे एक युवक और बुजुर्ग ने भी अपने-अपने सामान लिफाफे में रख दिए। अनीता देवी ने भी अपने सोने के झुमके और 2,100 रुपये नकद उसमें डाल दिए। इसके बाद कार सवारों ने उन्हें कनाट प्लेस सुपर बाजार के पास उतार दिया और लिफाफा वापस कर दिया।

# महरौली दादाबाड़ी जैन मंदिर में जन्मशताब्दी मेला 30 व 31 को

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** महरौली स्थित श्री जैन मंदिर दादाबाड़ी तीर्थधाम में खरतरगच्छीय जैनाचार्य 1008 श्री मणिधारी दादा गुरुदेव श्री जिनचन्द्र सूरि जी महाराज की 888वीं जन्मशताब्दी के उपलक्ष्य में 30 और 31 अगस्त को दो दिवसीय भव्य मेला आयोजित किया जाएगा।

दादाबाड़ी प्रबंधक मुनिश भंसाली ने बताया कि देशख्रविदेश से आने वाले श्रद्धालुओं के साथ अनेक प्रमुख राजनेता भी यहाँ आकर आशीर्वाद प्राप्त करते रहे हैं। पहला दिन (30 अगस्त, शनिवार): भगवान आदिनाथ व दादा गुरुदेव की शोभा यात्रा, 101 किलो लड्डू अर्पण, विशेष पूजा-अर्चना तथा भव्य रात्रि जागरण होगा। इसमें बीकानेर, इंदौर, कोलकाता और जयपुर के ख्यातनाम कलाकार भक्ति प्रस्तुतियाँ देंगे। दूसरा दिन (31 अगस्त, रविवार): दादाबाड़ी प्रांगण से शोभा यात्रा एवं बड़ी पूजा के साथ विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित होंगे।

राष्ट्रीय अध्यक्ष, ऑल इंडिया 'वेतांबर स्थानकवासी जैन कॉन्फ्रेंस अतुल जैन ने कहा "महरौली दादाबाड़ी वह दिव्य भूमि है, जहाँ दादा गुरुदेव की कृपा आज भी सजीव है। यह केवल एक मंदिर नहीं, बल्कि ऐसी पुण्यख्रभूमि है जहाँ से आत्मशक्ति और आध्यात्मिक ऊर्जा प्रवाहित होती है।

# 6 हफ्ते में पांच हजार कुत्ते पकड़ना एमसीडी के लिए चैलेंज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सामान्य या स्वस्थ कुत्तों को पकड़कर शेल्टर होम में कैद करने के बजाय उनकी नसबंदी और टीकाकरण के बाद छोड़ने के निर्देश दिए। 11 अगस्त के आदेश में 8 हफ्ते में 5000 ऐसे कुत्तों को पकड़ने के आदेश में कोई परिवर्तन नहीं किया है। इस समय सीमा के दो सप्ताह बीत चुके हैं। ऐसे में एमसीडी के पास आदेश का क्रियान्वयन करने के लिए महज छह सप्ताह ही बचे हैं। इस चुनौती से पार पाना एमसीडी के लिए बेहद कठिन इम्तिहान साबित होगा।

एमसीडी के अधिकारियों का कहना है कि इस आदेश के बाद रणनीति बदलनी पड़ी है। उसके पास खूंखार, आक्रामक और बीमार कुत्तों के बारे में रोजाना करीब 100 शिकायतें मिल रही हैं। हालांकि परेशानी यह है कि इनमें से कई शिकायतें बार-बार उन्हीं कुत्तों को लेकर आती हैं। यानी अलग-अलग जगह से नए-नए खूंखार कुत्तों का डेटा जुटाना कठिन हो जाएगा। इस वजह से 5000 की संख्या पूरी करना उनके लिए आसान नहीं है।

एमसीडी ने अब वार्डवार विशेष टीमें बनाने का निर्णय लिया है। ये टीमें न सिर्फ शिकायतों पर तुरंत कार्रवाई करेंगी बल्कि अपने स्तर पर भी इलाके में सक्रिय कुत्तों का पता लगाकर उन्हें पकड़ेंगी। फोकस उन इलाकों पर रहेगा जहां से सबसे ज्यादा शिकायतें आ रही हैं। एमसीडी ने छह सप्ताह का एक खाका तैयार किया है। इसके तहत प्रत्येक वार्ड टीम को दैनिक लक्ष्य दिया जाएगा और उनकी प्रगति पर मुख्यालय नजर रखेगा। स्थानीय स्तर पर मोहल्ला समिति, आरडब्ल्यूए और एमसीडी के स्वास्थ्य विभाग के बीच समन्वय भी बढ़ाया जाएगा, ताकि शिकायतों की पुष्टि तुरंत हो सके और कार्रवाई में देरी न हो।

एमसीडी के सामने चुनौती संख्या की नहीं, बल्कि प्रक्रिया की भी है। एक ओर नागरिक लगातार कुत्तों के हमलों से परेशान हैं, दूसरी ओर कोर्ट के आदेश के कारण एमसीडी को सीमित दायरे में ही कार्रवाई करनी है। ऐसे में यह देखना दिलचस्प होगा कि एमसीडी अपनी योजना को जमीनी स्तर पर किस तरह उतारती है।

एमसीडी के अनुसार, उसके पास 750 कुत्ते हैं। इनमें से 100 कुत्तों को खतरनाक श्रेणी में रखा गया है और इन्हें शेल्टर में ही रखा जाएगा। बाकी 650 की नसबंदी हो चुकी है और इन्हें उनके पुराने इलाकों में वापस छोड़ा जाएगा। उन्हें खाना उपलब्ध कराने का स्थान रिहायशी इलाकों से कुछ दूरी पर बनाया जाएगा।

## दिल्ली टीचर्स अवॉर्ड के लिए आवेदन शुरू, 5 सितम्बर को मिलेगा अवॉर्ड

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार के शिक्षा निदेशालय ने इस साल स्टेट टीचर्स अवॉर्ड 2025 के लिए आवे. दन आमंत्रित किए हैं। यह अवॉर्ड हर साल शिक्षक दिवस 5 सितंबर को उन शिक्षकों को दिया जाता है जिन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में बेहतरीन काम किया हो। इस वर्ष आवेदन प्रक्रिया 20 अगस्त से शुरू होकर 25 अगस्त तक चलेगी। दिल्ली के सरकारी, एडेड और मान्यता प्राप्त स्कूलों के प्रिंसिपल, वाइस-प्रिंसिपल और शिक्षक अब स्टेट टीचर्स अवॉर्ड 2025 के लिए आवेदन कर सकते हैं। आवेदन मकनकमस.दपब.पद पोर्टल पर ऑनलाइन किया जाएगा, जबकि जरूरी दस्तावेजों की हार्ड कॉपी संबंधित जिला कार्यालय में जमा करनी होगी।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**खुली ई-निविदा सूचना**

**खुली ई-निविदा सूचना संख्या : SRDEE-TRD-IZN-2025-26-T14 Date - 21.08.2025**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/टीआरडी, पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु "खुली" ई-निविदा आमंत्रित करते है। कार्य का नाम : इज्जतनगर मंडल के लालकुआं यार्ड में इलेक्ट्रिक लोको ट्रिप शेड के निर्माण कार्य और टनकपुर यार्ड में रोलिंग स्टॉक के रखरखाव के लिए कोच केयर सेंटर में बुनियादी सुविधाओं के वृद्धि और सेवा भवन के संवर्धन में ओएचई से संबंधित कार्य। टेंडर रिफरेंश नं. **SRDEE-TRD-IZN-2025-26-T14,** कार्य का अनुमानित लागत रूपया में: 78,43,032.02, अमानत राशि/बिड सिक्यूरिटी: 1,56,900.00, निविदा प्रपत्र का मूल्य रूपया में : 00, निविदा बंद होने की तिथि एवं समय : 15.09.2025, 11:00, कार्य पुरा करने की अवधि : 12 Months ● खुली ई-निविदा दिनांक 15.09.2025 को 11:00 बजे तक जमा कर सकेंगे। ● पूर्ण विवरण जानने हेतु एवं निविदा की प्रस्तुति करने के लिए कृपया भारतीय रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखें।

**वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/टीआरडी/ इज्जतनगर**

**मुजाधि/विद्युत -125**

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।

# हिस्ट्रीशीटर पुत्र ने पिता को उतारा मौत के घाट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** बाबूगढ़ थाना क्षेत्र के गांव नूरपुर में शुक्रवार की देर शाम एक हिस्ट्रीशीटर और दिल्ली पुलिस के भगोड़े सिपाही अजीत ने अपने 83 वर्षीय पिता राममेहर सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी। यह हत्या 17 बीघा ज़मीन को ठेके पर देने को लेकर हुए विवाद के बाद हुई।

मिली जानकारी के अनुसार गांव नूरपुर निवासी राममेहर सिंह अपनी पत्नी, बहू और पोते के साथ रहते थे। उनके सबसे छोटे बेटे, अजीत जो अविवाहित हैं। बाबूगढ़ थाने के हिस्ट्रीशीटर और दिल्ली पुलिस के भगोड़े सिपाही हैं। राममेहर सिंह के नाम 17 बीघा ज़मीन थी। जिसे उन्होंने हाल ही में किसी किसान को ठेके पर दे दिया था। जब अजीत को इस बात का पता चला, तो वह बहुत नाराज़ हो गया। शुक्रवार शाम अजीत अपने गाँव आया और पिता के साथ घर में बैठकर शराब पीने लगा। इसी दौरान ज़मीन को ठेके पर देने की बात पर दोनों के बीच विवाद शुरू हो गया। जो जल्द ही एक तीखी बहस में बदल गया। गुस्से में आकर अजीत ने अपनी अंटी से तमंचा निकाला और राममेहर सिंह पर गोली चला दी, जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गई। गोली की आवाज़ सुनकर परिवार के लोग और ग्रामीण मौके पर पहुँचे और तुरंत पुलिस को सूचना दी। घटना की सूचना मिलते ही सीओ सिटी जितेंद्र शर्मा और थाना प्रभारी महेंद्र सिंह भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुँचे। पुलिस ने शव को तुरंत कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल से सबूत इकट्ठा किए, जिसमें तमंचे का खोखा और अन्य चीज़ें शामिल थीं। पुलिस ने आरोपी अजीत को



मृतक राममेहर का फोटो

पकड़ने के लिए कई टीमें बनाई हैं और संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही है। पुलिस के मुताबिक अजीत का आपराधिक रिकॉर्ड लंबा और गंभीर है। वह बाबूगढ़ थाने का हिस्ट्रीशीटर है और दिल्ली पुलिस का भगोड़ा सिपाही भी है। उसके खिलाफ कई आपराधिक मामले



दर्ज हैं। वर्ष 2006 में रालोद नेता बबली त्यागी की हत्या में शामिल होने का आरोप, गढ़मुक्तेश्वर में सरसों तेल व्यापारी पर गोलीबारी और लूटपाट, मुजफ्फरनगर के मंस. ूरपुर थाने में हत्या का मामला, वर्ष 2008 में बुलंदशहर के अनूपशहर में हत्या का मामला। वर्ष 2016 में बाबूगढ़ में हत्या के प्रयास का मामला, वर्ष 2020 में बुलंदशहर के बीबीनगर थाने में हत्या का मामला जैसे आपराधिक मुकदमे दर्ज है। एएसपी विनीत भटनागर ने बताया कि पुलिस आरोपी को गिरफ्तार करने का प्रयास कर रही है। जल्द ही हत्यारोपी को गिरफ्तार कर लिया

## रजिस्ट्री कार्यालय के स्थानांतरण को लेकर अधिवक्ताओं का प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** धौलाना तहसील में रजिस्ट्री कार्यालय को कहीं और स्थानांतरित करने के प्रस्ताव का विरा. ेध किया जा रहा है। इस विरोध प्रदर्शन में अधिवक्ता, बैनामा लेखक संघ, और स्टाम्प वेंडर शामिल हैं। अधिवक्ताओं का कहना है कि यह स्थानांतरण अधिवक्ताओं और आम जनता दोनों के हितों के खिलाफ है। उनका तर्क है



कि इससे न केवल अधिवक्ताओं का काम प्रभावित होगा बल्कि ग्रामीण क्षेत्र के हजारों लोगों को भी भारी परेशानी झेलनी पड़ेगी। उन्होंने चेतावनी दी है कि अगर यह निर्णय वापस नहीं लिया गया तो वे तहसील में तालाबंदी करके सड़कों पर आंदोलन करेंगे। प्रदर्शन की सूचना मिलते ही धौलाना की एसडीएम रेनू सिंह मौके पर पहुंचीं। अधिवक्ताओं ने उन्हें एक ज्ञापन सौंपा। एसडीएम ने उन्हें आश्वासन दिया है कि उनके ज्ञापन पर गंभीरता से विचार किया जाएगा और उनकी आपत्तियों को उच्च अधिकारियों तक पहुँचाया जाएगा। इस दौरान बार अध्यक्ष विनोद शिशोदिया सचिव मोहम्मद फहीम, उपाध्यक्ष अरविंद वर्मा, वरिष्ठ अधिवक्ता अमरपाल सिंह, राम प्रकाश राणा, राहुल तोमर, संजीव सागर, रविंद्र यादव, सचिन शर्मा, मोहम्मद अकरम, प्रवीण तोमर, सुमित राणा, पवन राणा, नीरज कुमार, मनीष तोमर, अनुज राणा, मनवीर नगर, रणदीप राघव सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता और स्टाम्प वेंडर मौजूद रहे।

# मंदिर के सामने मीट की दुकान से भक्तों में आक्रोश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** नगर कोतवाली क्षेत्र के गढ़ दिल्ली रोड पर स्थित भैरो मंदिर, शाकम्भरी देवी मंदिर और मां कैला देवी मंदिर के सामने मीट की दुकान को लेकर श्री भैरों बाबा क्षत्रिय कांस्यकार ठठेरान मन्दिर समिति के पदाधिकारियों ने डीएम अभिषेक पांडेय को एक ज्ञापन सौंपते हुए मंदिरों के सामने से मीट की दुकान हटाने की मांग की है।

डीएम को दिए गए ज्ञापन में कहा गया कि गढ़ दिल्ली रोड पर भैरो मंदिर, शाकम्भरी देवी मंदिर व मां कैला देवी मंदिर में भक्तो को प्रवेश करते समय उन्हें मांस की दुर्गंध का सामना करना पड़ता है। यह स्थिति हिंदुओं की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचा रही है। इन मंदिरों में बड़ी संख्या में भक्त दर्शन और पूजा के लिए आते हैं। तीनों मंदिरों के सामने करीब 50-60 मीटर की दूरी पर गढ़ दिल्ली रोड पर ट्रक यूनियन के बराबर में अलबशीर मुस्लिम होटल है जिस पर होटल मालिक साजिद पुत्र बाबू या व उसके तीन चार साथी सुबह से ही रात करीब 11.00 बजे तक मीट का पकाकर लोगों को खिलाता है। लोग अलबशीर होटल पर मीट खाकर मीट की हडडीयो को इधर उधर फैकते है जिससे मदिर में पूजा करने वाले श्रद्धालुओं की आस्था को ठेस पहुंचती है तथा पूजा बाधित होती है। ज्ञापन में कहा गया कि अललबशीर होटल वालो ने अपनी दुकान से ज्यादा अपनी दुकान के बाहर नाले पर अवैध अतिक्रमण किया हुआ है। जिससे वह दुकान के बाहर मीट के भगोने रखकर अपनी



मनमानी करता है। इस समस्या के समाधान के लिए श्री भैरों बाबा क्षत्रिय कांस्यकार ठठेरान मन्दिर समिति के पदाधिकारियों ने डीएम को ज्ञापन देते हुए मंदिर के पास से मीट की दुकान हटाने की मांग की है।

# जीएस कॉलेज में छात्राओं के लिए जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जीएस कॉलेज ऑफ नर्सिंग में छात्राओं के लिए एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका मुख्य विषय नर्सो की अस्पताल एवं सामाजिक जिम्मेदारियां रखा गया। इस अवसर पर बीएससी नर्सिंग एवं जीएनएम पाठ्यक्रम की सभी छात्राओं ने बड़े उत्साह और पूरे मनोयोग से भाग लिया। साथ ही कॉलेज के समस्त शिक्षकगण भी अपनी पूरी संख्या के साथ उपस्थित रहे। जिससे कार्यक्रम का महत्व और भी बढ़ गया।

कार्यक्रम में डिप्टी नर्सिंग सुपरिंटेंडेंट दीपु एस ने छात्राओं को संबोधित करते हुए बताया कि नर्सिंग के क्षेत्र में संचार कौशल, पेशेवर दक्षता, नेतृत्व क्षमता, नैतिक मूल्यों और कानूनी जिम्मेदारियों का



विशेष महत्व है। उन्होंने कहा कि एक प्रशिक्षित नर्स न केवल अस्पताल के मरीजों की देखभाल करती है बल्कि समाज में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाने में भी अग्रणी भूमिका निभाती है। इस अवसर पर उप निदेशक मनोज शिशोदिया ने छात्राओं को समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का बोध कराते हुए कहा कि आज के समय में नर्सिंग पेशे से जुड़े लोगों को जल प्रबंधन, जल संरक्षण, पौधारोपण अभियान में सहयोग, और समाज में जागरूकता फैलाने जैसे कार्यों में सक्रिय योगदान देना चाहिए। कार्यक्रम में कॉलेज की प्राचार्य क्रिस्टिना जॉर्ज, उपप्राचार्या हिमांशी कलिता, ज्ञानेश्वर शिखा भावना एवं सदाब की गरिमामयी उपस्थिति रही। शिशोदिया ने बताया ऐसे कार्यक्रम छात्राओं में आत्मविश्वास बढ़ाते हैं और उन्हें अपने पेशेवर जीवन में और अधिक संवेदनशील एवं जागरूक बनाते हैं।

# खाद्यान्न की कालाबाजारी मामले में ट्रक ड्राइवरों, परिवहन ठेकेदार व ढाबा मालिकों पर मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधि. नियम के तहत ज़रूरतमंदों के लिए वितरित होने वाले गेहूँ और चावल की कालाबाज़ारी करने और वजन पूरा करने के लिए पानी मिलाने का मामला सामने आया है। इस मामले में, जिला खाद्य विपणन अधिकारी कौश देव की तहरीर के आधार पर हापुड़ कोतवाली नगर में आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के तहत 8 ट्रक ड्राइवरों, परिवहन ठेकेदार, और एक ढाबे के मालिकों के ख़िलाफ़ मुकदमा दर्ज किया गया है।

गौरतलब है कि 20 अगस्त को भारतीय खाद्य निगम हापुड़ डिपो से गाज़ियाबाद के लिए 15 ट्रक खाद्यान्न भेजे गए थे। इन ट्रकों का परिवहन मैसर्स बुलंद लॉजिस्टिक्स लिमिटेड नामक ठेकेदार कर रहा था। उसी दिन शाम 7 बजे, इनमें से 8 ट्रक हापुड़-मोदीनगर रोड पर चौधरी ढाबा, बदनौली के पास संदिग्ध परिस्थितियों में खड़े पाए गए। एसडीएम सदर हापुड़ के नेतृत्व में एक संयुक्त टीम ने ट्रकों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान, टीम ने पाया कि खाद्यान्न के कट्टों पर एफसीआई का टैग तो था, लेकिन ड्राइवर दस्तावेज़ों के बारे में संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए। इसके अलावा, खाद्यान्न के कट्टे पानी से भीगे हुए थे, जिससे घटतौली का संदेह पैदा हुआ। इसके बाद, सभी 8 ट्रकों को नवीन मंडी, हापुड़ ले जाया गया। जाँच उनकी तोल की गई। पुलिस द्वारा पूछताछ किए जाने पर ड्राइवरों ने मौखिक रूप से स्वीकार किया कि वे कम मज़दूरी के कारण कुछ कट्टे चौधरी ढाबा के मालिकों, हनी चौधरी और सनी चौधरी को बेच देते थे। हालांकि ड्राइवरों ने लिखित बयान देने से इनकार कर दिया। यह जाँच 21 अगस्त की शाम तक पूरी हुई। सम्बन्धित मामले में जिला विपणन अधिकारी की शिकायत पर पुलिस ने ट्रक चालक दिनेश, इंदजीत, विजेंद्र, प्रवीण, बिजेंद्र, नाजिम, आमिर, और शहजाद, ठेकेदार मैसर्स बुलंद लॉजिस्टिक्स लिमिटेड, गाज़ियाबाद, ढाबा मालिक हनी चौधरी और सनी चौधरी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

# ट्यूशन जा रही छात्राओं पर बंदरों ने किया हमला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** नगर पालिका परिषद की उदासीनता के चलते हापुड़ में रोजाना बंदरों व कुत्तों का आंतक बढ़ता ही जा रहा है। मंडी में टयूशन पढ़ने साईकिल पर जा रही तीन छात्राओं को सैकड़ों बंदरों ने बंधक बनाकर उन पर हमला कर काटते रहे और उनके कपड़े फाड़कर घायल कर दिया। दिल दहलाने वाली इस घटना से लोगों के रोंगटे खड़े हो गए। लोगों ने आक्रोश जताते हुए बंदर व कुत्तों को पकड़ने की मांग की है।



जानकारी के अनुसार हापुड़ के पक्का बाग स्थित मंडी में आर्य कन्या इंटर कॉलेज की तीन छात्राएं टयूशन पढ़ने के लिए सुबह साईकिल से आ रही थी, तभी टयूशन स्थल के निकट तीनों छात्राओं पर बंदरों ने हमला बोल दिया। पीड़ित छात्राओं मोनिका, अंकिता व रूचि के अनुसार बंदरों ने उनकी साईकिल गिरा दी और उनके पीछे पड़ गए। जिस कारण वह एक खाली प्लाट में घुस गई। जहां सैकड़ों बंदरों ने उन्हें घेर बंधक बना लिया। बंदर का झुंड चोरों तरफ से उन पर हमला करने लगा और काटते हुए कपड़े फाड़ने लगा। जिस कारण वे जोर जोर से रोने व चिल्लानें लगी। सुबह के समय मंडी में कोई व्यक्ति ना होने के कोई उन्हें बचाने नहीं आया। उसी समय चीख-पुकार की आवाज सुनकर सामने रह रहे युवा व्यापारी निखिल जिंदल मौके पर पहुंचे और कड़ी मशक्कत के बाद छात्राओं को बंदरों से बचाकर अपने घर ले आए। जहां प्राथमिक उपचार के बाद छात्राओं के परिजनों को बुलाकर उन्हें सौंप दिया। घटना की सूचना मिलते ही सैकड़ों व्यापारी मौके पर पहुंचे और भारी आक्रोश व्यक्त करते हुए डीएम व नगर पालिका से बंदरों व कुत्तों को पकड़वाने की मांग की है।

## एक नजर

### ट्रेन की चपेट में आने से युवक की दर्दनाक मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** देहात थाना क्षेत्र के इंदरगढ़ी रेलवे फाटक के पास ट्रैन की चपेट में आने से एक 26 वर्षीय युवक की दर्दनाक मौत हो गई। सूचना मिलते ही देहात थाना प्रभारी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और युवक के शव को कब्ज़े में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

मिली जानकारी के अनुसार देहात थाना क्षेत्र के फूलगढ़ी निवासी 26 वर्षीय शनि पुत्र धर्मेंद्र किसी काम से जा रहा था इसी दौरान रेलवे फाटक को क्रॉस करते समय ट्रेन की चपेट में आने से उसकी दर्दनाक मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही युवक के परिवार में कोहराम मच गया और घटनाक्रम पर भीड़ जमा हो गई। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। मामले की सूचना मिलते ही देहात थाना प्रभारी विजय गुप्ता पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंच गए और मामले की जांच पड़ताल में जुट गए। देहात थाना प्रभारी विजय गुप्ता ने बताया कि पुलिस एक युवक के ट्रेन की चपेट में आने से मौत की सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचकर पुलिस ने युवक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और पुलिस पूरे मामले की गहनता से जांच कर रही है।

### आवास बनाने के लिए लोन दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी करने वाली महिला सहित चार गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना हापुड़ नगर पुलिस ने खाली पड़ी जमीन पर आवास बनाने के लिए लोन दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी करने के मामले में फरार चल रहे महिला सहित चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

थाना हापुड़ नगर पुलिस द्वारा आवास बनाने के लिए लोन दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी करने के मामले में फरार चल रहे मधु उर्फ कैला पुत्री राजकुमार उर्फ रामकुमार, ऋषभ उर्फ कक्कू पुत्र हरिओम, दीपक उर्फ राहुल शर्मा पुत्र शिवनारायण शर्मा और अनुज तोमर उर्फ अर्जुन पुत्र अरविन्द को गिरफ्तार किया है जिनपर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

### सोशल मीडिया पर फेमस होने की चाहत में स्कॉर्पियो से स्टंट करना पड़ा भारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** युवाओं में सोशल मीडिया पर लाइक्स और फॉलोअर्स की होड़ लगातार बढ़ रही है। इसी होड़ में कई बार नौजवान लापरवाही की हद पार कर देते हैं और अपनी जान के साथ-साथ दूसरों की जान भी जोखिम में डाल देते हैं। ऐसा ही एक मामला थाना हापुड़ देहात क्षेत्र में सामने आया, जहाँ एक युवक ने अपनी स्कॉर्पियो कार से बीच सड़क पर खतरनाक स्टंट किए। जानकारी के अनुसार युवक अपने दोस्तों के साथ मोबाइल कैमरे से वीडियो शूट कर रहा था। उसका मकसद इस वीडियो को इंस्टाग्राम और फेसबुक पर वायरल करना था। स्टंट के दौरान स्कॉर्पियो तेज रफ्तार में इधर-उधर घूम रही थी, जिससे सड़क पर अफरा-तफरी मच गई और कई राहगीर हादसे से बाल-बाल बचे। जैसे ओवरस्पीडिंग, बिना सीट बेल्ट ड्राइविंग, नंबर प्लेट पर कवर और खतरनाक तरीके से गाड़ी घुमाना। पुलिस ने सख्ती दिखाते हुए मौके पर ही 28,500 का चालान काट दिया। स्थानीय नागरिकों ने इस घटना पर नाराज़गी जताई। उनका कहना है कि इस तरह के स्टंट सड़क पर चल रहे निर्दोष लोगों के लिए जानलेवा साबित हो सकते हैं। यातायात प्रभारी छविराम ने स्पष्ट संदेश दिया कि नियमों की अनदेखी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सड़क स्टंट के नाम पर लापरवाही करने वालों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। विशेषज्ञों का कहना है कि युवाओं को फॉलोअर्स की चाह में अपनी और दूसरों की जिंदगी खतरे

# व्यापारियों की समस्याओं को लेकर थाना हापुड़ देहात पर अधिकारियों ने ली बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना हापुड़ देहात पर एसडीएम इला प्रकाश की अध्यक्षता में व्यापारियों की समस्याओं पर एक बैठक हुई। इस बैठक में नई मंडी क्षेत्र की सुरक्षा, ट्रैफिक जाम और अन्य व्यापारिक मुद्दों पर चर्चा की गई। बैठक में व्यापारियों ने विभिन्न समस्याओं के समाधान की अधिकारियों से मांग की।

व्यापारियों ने नई मंडी में सुरक्षा व्यवस्था को मज़बूत करने की मांग की गई। देवनंदनी पुल से ततारपुर चौराहा तक पुलिस गश्त बढ़ाने का सुझाव दिया गया। स्वर्गाश्रम रोड पर लगने वाले जाम को कम करने के लिए स्कूलों की छुट्टी के समय में 10 मिनट का अंतर रखने का प्रस्ताव रखा गया। बड़े व्यापारिक प्रतिष्ठानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाना अनिवार्य करने की मांग की गई। साथ ही समस्याओं के नियमित समाधान के लिए हर महीने बैठकें आयोजित करने का निर्णय लिया गया। जो एक माह हापुड़ देहात थाने में और अगले माह शहर कोतवाली में होगी। एसडीएम इला प्रकाश, सीओ ट्रैफिक राहुल यादव और थाना प्रभारी विजय गुप्ता ने व्यापारियों को आश्वासन दिया है कि उनकी समस्याओं का तुरंत समाधान किया जाएगा।

# सरस्वती इंस्टीट्यूट में मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** पिलखुवा के अनवरपुर स्थित सरस्वती इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज अस्पताल एवं मेडिकल कॉलेज के मानसिक रोग विभाग द्वारा विबगियोर इंटरनेशनल स्कूल, पिलखुवा में मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व विभागाध्यक्ष डा. प्रकाश चंद्र ने किया। इस अवसर पर वरिष्ठ चिकित्सक डा. जितेन्द्र सिंह, डा. योगी राणा एवं डा. गौरव केन्तुरा भी उपस्थित रहे।

विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों के बीच प्रचलित मानसिक समस्याओं जैसे पढ़ाई का तनाव, अत्यधिक मोबा. इल एवं गैजेट्स का उपयोग, गुस्सा एवं चिड़चिड़ापन, ध्यान व एकाग्रता की कमी, पढ़ाई में अरुचि



पर विस्तारपूर्वक चर्चा की तथा उनके व्यावहारिक समाधान बताए। इस अवसर पर मैनेजर जय कुमार एवं विबगियोर इंटरनेशनल स्कूल के प्रिंसिपल एनपी सिंह ने भी विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि मानसिक स्वास्थ्य बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए उतना ही आवश्यक है जितना शारीरिक स्वास्थ्य। संस्थान के चेयरमैन डा. जे. रामचंद्रन एवं वाइस चेयरपर्सन राम्या रामचंद्रन ने इस आयोजन के लिए पूरी टीम को बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं। इसके साथ ही प्रिंसिपल डा. बर्खा गुप्ता, सीनियर एडवाइजर डा. आरके सहगल, जनरल मैनेजर एन. वारधराजन, आदि ने भी कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए पूरी टीम को हार्दिक बधाई प्रेषित की।

# शनि अमावस्या पर गंगा में लाखों श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** गढ़मुक्तेश्वर के तीर्थ नगरी ब्रजघाट में शनि अमावस्या पर लाखों श्रद्धालुओं ने गंगा में आस्था की डुबकी लगाई। साथ ही भक्तों ने अपने पित. रों की आत्मा की शांति के लिए पूजा-अर्चना की और सुख-शांति की कामना की।



दान-पुण्य के महत्व को समझते हुए, कई श्रद्धालुओं ने गरीबों और असहाय लोगों को भोजन कराकर दान-पुण्य भी किया, जिससे बृजघाट की पवित्र भूमि पर धार्मिक माहौल और रौनक देखते ही बन रही थी। शुक्रवार देर रात से ही हरियाणा, दिल्ली, पंजाब और पश्चिमी उत्तर प्रदेश से श्रद्धालुओं का बृजघाट पहुँचना शुरू हो गया था। पुलिस प्रशासन ने भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुख्ता इंतजाम किए थे। नेशनल हाइवे-9 पर यातायात जाममुक्त रहा, जिससे पुलिस को ही नहीं, बल्कि श्रद्धालुओं को भी किसी तरह की असुविधा का सामना नहीं करना पड़ा। पुलिस ने घाटों और आसपास के क्षेत्रों में भी सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर रखी थी, ताकि भक्त सुरक्षित और निर्बाध रूप से अपनी पूजा-अर्चना कर सकें। तीर्थ पुरोहित राहुल शुक्ला ने बताया कि शनि अमावस्या का विशेष धार्मिक महत्व है। इस दिन गंगा स्नान, पिंडदान और तर्पण करना अत्यंत शुभ माना जाता है। मान्यता है कि शनि अमावस्या पर गंगा स्नान से न केवल पितरों की आत्मा को शांति मिलती है, बल्कि शनि ग्रह के दुष्प्रभाव भी शांत होते हैं। इस दिन दान-पुण्य और गरीबों की सेवा को बहुत महत्वपूर्ण माना गया है, क्योंकि इससे जीवन में सुख-समृद्धि आती है। शनि अमावस्या के अवसर पर बृजघाट के घाटों पर सुबह से ही भक्ति और आस्था का अद्भुत नजारा देखने को मिला। श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान के बाद घाटों पर बैठकर हवन, पूजन और तर्पण किए। कई भक्तों ने ज़रूरतमंद लोगों को भोजन, वस्त्र और अन्य सामग्री भी दान की। यह पर्व न केवल धार्मिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण है, बल्कि सामाजिक एकता और परोपकार का भी संदेश देता है।

# आज होगा कांग्रेस की संगठन सृजन कार्यशाला का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** शुक्रवार को दिल्ली रोड स्थित जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यालय पर कांग्रेस ने एक प्रेसवार्ता का आयोजन किया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश त्यागी ने प्रेसवार्ता के माध्यम से पत्रकारों को बताया कि 24 अगस्त 2025 दिन रविवार को हापुड़ शहर में स्वर्ग आश्रम रोड स्थित आरजी सुमंगलम फार्म हाऊस में कांग्रेस की संगठन सृजन कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यशाला में जनपद हापुड़ से सैकड़ो की संख्या में कांग्रेसी पदा. धिकारी गण मौजूद रहेंगे। राकेश त्यागी ने बताया कि 24 अगस्त को होने जा रही कार्यशाला में पश्चिमी उत्तर प्रदेश जोन संगठन सृजन अभियान के प्रभारी और पूर्व सांसद कुंवर दानिश अली भी कार्यक्रम में मौजूद रहेंगे। जिसमें वे संगठन के समस्त पदाधिकारियो की बैठक लेंगे और ब्लॉक कमेटी, मंडल अध्यक्षों व मंडल कमेटी को भी लेकर जिला अध्यक्ष व शहर अध्यक्ष से रिपोर्ट मांगी जाएगी। जिलाध्यक्ष राकेश त्यागी ने बताया है कि जनपद हापुड़ की चारों ब्लॉक की कमेटियां बनाकर लखनऊ प्रदेश कांग्रेस कार्यालय को भेज दी गई है साथ ही चारों ब्लॉकों के मंडल अध्यक्षों की भी नियुक्ति कर दी गई है। 50प्रतिशत मंडल कमेटियों का गठन अब तक कांग्रेसी पदाधिकारियों द्वारा किया जा चुका हैं। शहर अध्यक्ष इरफान कुरैशी ने बताया है कि 24 अगस्त की तैयारी के लिए जनपद में समस्त कांग्रेसी कार्यकर्ताओं, पदा. धिकारियों को मैसेज भेजे जा रहे हैं उन्हें फोन किया जा रहा है ताकि अधिक से अधिक संख्या में संगठन के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को इस कार्यशाला में लाया जा सके। कांग्रेसी पदाधिका. रियों की ओर से यह भी दावा किया जा रहा हैं कि कार्यशाला की बैठक में हिस्सा लेने के लिए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय भी आ सकते हैं। इस दौरान पूर्व शहर अध्यक्ष दिनेश चंद शर्मा, जिला प्रवक्ता एडवोकेट शहजाद चौधरी, जिला महासचिव गौरव गर्ग, भरतलाल शर्मा, खुशनुद अली आदि पदाधिकारी गण मौजूद रहे।

# वाहन चोरी करने वाले गैंग का भंडाफोड़

■ दो गिरफ्तार, 15 गाड़ियां बरामद



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नोएडा।** थाना फेस 1 पुलिस ने दो पहिया वाहन चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए 02 बदमाशों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से 15 दो पहिया वाहन जिसमें 11 मोटर साइकिल और 4 स्कूटी बरामद की गई है। इनके नाम बंटी और नसीम उर्फ कंचन है। इन दोनों को झुंडपुरा बार्डर सेक्टर-8 से गिरफ्तार किया गया। इनकी निशानदेही पर बरामद की गई बाइक नोएडा, दिल्ली एनसीआर से चोरी की गई थी।

डीसीपी यमुना प्रसाद ने बताया कि बंटी गैंग का सरगना है। ये नोएडा एनसीआर की कालोनियों, सोसाइटियों व कंपनियों से वाहन चोरी करने में माहिर है। ये दोनों पहले सेक्टर व कंपनियों के बाहर रेकी करते है। रेकी करने के बाद कंपनी, फैक्ट्री व पार्क के आस पास खड़ी बाइक व स्कूटी का लॉक तोड़कर चोरी करके ले जाते है। इसके बाद सुरक्षित स्थानों पर छिपा देते है। बाद में मौका पाकर मोटर साइकिल स्कूटी को अपने साथियों के साथ मिलकर सस्ते दामों में बेच देते है। इससे मिले पैसों से अपना खर्चा चलाते थे।

**पांच सेकेंड में तोड़ते है लॉक:** इनके लॉक तोड़े बिना भी मास्टर की के जरिए कई बाइक को ऑन कर फरार हो जाते है। इनको लॉक तोड़ने में महज 5 से 10 सेकेंड का समय लगता है। ये बाइक को राह चलते लोगों को या कबाडियों को बेच देते है। इसमें बंटी पर 9 और नसीम पर 9 मुकदमे दर्ज है। इनकी जानकारी अन्य जनपद और राज्यों को भेजी जा रही है।

## पति-पत्नी को लोहे के पाइप से पीटा अस्पताल में भर्ती

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर कोतवाली क्षेत्र के हतेवा गांव में एक दंपती पर हमला हुआ है। घटना में रामकिशन और उनकी पत्नी देवकी घायल हो गए हैं।

घटना उस समय हुई जब एक व्यक्ति रामकिशन के घर की छत से होकर बिजली के पोल पर तार लगा रहा था। रामकिशन ने इसका विरोध किया। इस पर आरोपी ने गालीगलौज करते हुए लोहे के पाइप से उन पर हमला कर दिया। पति को बचाने आई पत्नी देवकी पर भी आरोपी ने हमला कर दिया।

दोनों घायलों को जिम्स अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पीड़ित रामकिशन ने बुधवार को पुलिस को शिकायत दी। लेकिन दो दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस ने मामला दर्ज नहीं किया है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है।

# मनी लॉन्ड्रिंग केस में फंसाने की धमकी देकर बुजुर्ग महिला से ठगे 40 लाख

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** साइबर ठगों ने ग्रेटर नोएडा के कासना की रहने वाली वरिष्ठ नागरिक ए लक्ष्मी को तीन दिन डिजिटल अरेस्ट कर 40 लाख रुपये ठग लिए। पीड़िता 16 अगस्त को कथित दूरसंचार कर्मी के फोन से ठगों के संपर्क में आई। ठगों ने नरेश गोयल मनी लांड्रिंग केस में नाम आना बताकर डराया।किसी को नहीं बताने की शर्त पर तीन दिन डिजिटल अरेस्ट कर जानकारी जुटाई। पीड़िता की जमा पूंजी की जांच करने के नाम रकम ट्रांसफर कराई। रकम वापस नहीं मिलने पर पीड़िता को ठगी का अहसास हुआ। पीड़िता ने साइबर क्राइम थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। वरिष्ठ नागरिक ए लक्ष्मी 2015 तक एक प्राइवेट कंपनी में काम करती थीं। उनके बच्चे विदेश में रहते हैं। उनके पास 12 अगस्त की दोपहर सवा 12 बजे कथित वरुण कुमार ने दूरसंचार कर्मी बन फोन किया था। उनका सिम दो घंटे में बंद होने की बात बोली थी। यह सुनकर पीड़िता ने पूछा तो उसने बताया कि उनकी आइडी पर एक सिम लिया गया है। उससे अश्लील काल की जा रही हैं। आइडी पर मुबंई थाने में 15 जुलाई को मामला दर्ज हुआ है। इसके बाद पीड़िता की बात मुंबई क्राइम ब्रांच से कराई गई। चार पुलिसकर्मियों ने आनलाइन ही चार घंटे तक पूछताछ की। महिला का आधार देखा। महिला का नाम नरेश गोयल के मनी लॉन्ड्रिंग केस में आना और केनरा बैंक खाता खोल दो करोड़ की धोखाधड़ी करना बताया। गंभीर अपराध होने का हवाला देते हुए गिरफ्तारी होने की बात कहकर डराया। पीड़िता के खुद को निर्दोष बताया। ठग ने किसी को नहीं बताने और सहयोग करने पर जल्द छुटकारा दिलाने की बात कहकर प्रभाव में लिया।

ठग 12 से 14 अगस्त तक पीड़िता से पूछताछ कर निजी जानकारी हासिल करते रहे। सभी एफडी को तुड़वाकर रकम उनके बचत खाते में एकत्रित कराई। जांच के नाम पर महिला से 40 लाख रुपये 14 अगस्त को ट्रांसफर करा लिए। तीन दिन में पैसा वापस आने की बात कही। ऐसा नहीं होने पर पीड़िता को अपने साथ ठगी होने का अहसास हुआ। पीड़िता ने साइबर क्राइम थाने में शिकायत की। एनसीआरपी पोर्टल पर भी शिकायत दर्ज कराई।

**मुंबई की यस बैंक की शाखा में गई रकम:** पीड़िता ने बताया कि ठगों ने मुंबई साकी नाका स्थित यश बैंक की शाखा के खाते में रकम ट्रांसफर कराई। जानकारी करने पर पता चला कि यह खाता जालोर फिनटेक टेक्नोलाजी नाम की फर्म के नाम पर है।

# नोएडा-ग्रेनो में खूंखार कुत्तों के लिए होंगे तगड़े इंतजाम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** गौतमबुद्धनगर जिले में खूंखार और बीमार कुत्तों के लिए पांच शेल्टर होम बनाए जाएंगे। इनमें दो नोएडा और तीन ग्रेटर नोएडा में होंगे। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण कुत्तों की नसबंदी और टीकाकरण के लिए एक और केंद्र भी बनाएगा। नोएडा और ग्रेटर नोएडा में पांच शेल्टर होम बनाए जाएंगे। इसका प्रस्ताव बनाकर निविदा जारी कर दी गई है।

नोएडा और ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के निर्देशों के मुताबिक पशु प्रेमी लावारिस कुत्तों को सोसाइटी के मुख्य द्वार, सीढ़ियों, खेल के मैदान आदि सार्वजनिक स्थानों पर भोजन नहीं खिला सकेंगे। प्राधिकरण ने इस संबंध में कार्यालय आदेश जारी कर आरडब्ल्यूए और एओए से सोसाइटी परिसर में लावारिस कुत्तों की संख्या, खाना खिलाने के लिए चिह्नित स्थान समेत विस्तृत रिपोर्ट मांगी थी। नोएडा प्राधिकरण के महाप्रबंधक एसपी सिंह ने कहा कि जिन क्षेत्रों में कुत्तों द्वारा लोगों को काटा जा रहा है, उनमें टीमें भेजकर खूंखार कुत्तों को उठाया जाएगा। कुत्तों को 15 दिनों तक शेल्टर होम में रखकर उनके आक्रामक व्यवहार को शांत किया जाएगा।

**नसबंदी केंद्र के लिए जगह की तलाश:** वहीं ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के महाप्रबंधक स्वास्थ्य आरके भारती ने कहा- लावारिस कुत्तों के लिए तीन शेल्टर होम बनाने की तैयारी है। इसके लिए निविदा जारी कर दी गई है। नसबंदी और टीकाकरण केंद्र की संख्या एक से बढ़ाकर दो की जाएगी। नसबंदी केंद्र बनाने के लिए जगह की तलाश की जा रही है।

नोएडा और ग्रेटर नोएडा में पहले से नियम दरअसल सुप्रीम कोर्ट ने लावारिस कुत्तों के संबंध में शुक्रवार को जो नया आदेश दिया, वह व्यवस्था नोएडा और ग्रेटर नोएडा में पहले से लागू है। नसबंदी और टीकाकरण के बाद लावारिस कुत्तों को उसी स्थान पर ले जाकर छोड़ दिया जाता है, जहां से उन्हें उठाया गया था।

**क्या कहते हैं ग्रेनो के आंकड़े?:** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण क्षेत्र में पिछले दो से तीन सालों से लावारिस कुत्तों के लिए नसबंदी की व्यवस्था लागू है। प्राधिकरण से प्राप्त आंकड़ों के मुताबिक अब तक पांच हजार से अधिक लावारिस कुत्तों की नसबंदी और टीकाकरण किया जा चुका है।

**नोएडा में 8169 कुत्तों का रजिस्ट्रेशन:** ग्रेटर नोएडा के सेक्टर स्वर्णनगरी में एक नसबंदी और टीकाकरण केंद्र संचालित किया जा रहा है, जिसकी क्षमता प्रतिदिन 15 कुत्तों की नसबंदी करने की है। इसका संचालन एक एनजीओ कर रही है। अधिकारी के मुताबिक एक और नसबंदी केंद्र स्थापित किया जाएगा।

# पति ने पत्नी को जिंदा जलाया, वीडियो वायरल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** कासना कोतवाली क्षेत्र के गांव सिरसा में विवाहिता की जलाकर हत्या के आरोप में पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार किया है। मामले में मृतका की बहन ने ससुराल पक्ष पर गंभीर आरोप लगाते हुए विवाहिता के ऊपर ज्वलनशील पदार्थ डालकर उसकी बहन को आग के हवाले करने का आरोप लगाते हुए केस दर्ज कराया था। पुलिस ने मामले में आरोपी पति समेत चार नामजद आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया था। मामले में महिला को जलाने का वीडियो भी सामने आया था। इसके अलावा एक अन्य वीडियो में मृतका के पुत्र को यह करते हुए सुना जा सकता है कि उसके पापा ने मम्मा को लाइटर से जलाया।

रूपबास गांव के रहने वाले भिकारी सिंह ने बताया कि उनकी पुत्री कंचन (29) और निक्की (27) की शादी दिसंबर 2016 में सिरसा गांव के रहने वाले रोहित ओर विपिन से हिन्दू रीति-रिवाज से बिना दान-दहेज के हुई थी। शादी में स्कॉर्पियो गाड़ी और सभी सामान दिया था। लेकिन उसके बावजूद शादी के बाद से ही ससुराल के लोग 35 लाख रुपये दहेज की मांग करने लगे। इस बीच एक कार ओर दी थी, लेकिन उसके बाद भी आरोपियों की डिमांड कम नहीं हुई। उनकी दोनों पुत्रियों के साथ ससुराल के लोग मारपीट करते थे। कई बार पंचायत कर समझौता किया। लेकिन आरोपी ने समझौता नहीं माना।वहीं मृतका की बड़ी बहन कंचन का आरोप है कि गुरुवार की शाम करीब 5:30 बजे उसकी सास दया ने अपने पुत्र विपिन के साथ मिलकर घटना को अंजाम दिया। आरोप है कि सास दया ने अपने हाथ में ज्वलनशील पदार्थ लिया और विपिन को पकड़ाया।

जिसके बाद विपिन ने पीड़ित की बहन निक्की के ऊपर डाल दिया। साथ ही बहन के गले पर हमला किया। जिसके बाद उनकी बहन बेहोश हो गई। जब कंचन ने इसका विरोध किया तो उसके साथ भी मारपीट की गई। इस दौरान कंचन का पति रोहित भाटी और ससुर सत्यवीर मौके पर मौजूद थे। गंभीर हालत में निक्की को पड़ोसियों की मदद से फोर्टिस हॉस्पिटल एच्छर ग्रेटर नोएडा ले जाया गया। हालत बिगड़ने पर उसे दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल रेफर कर दिया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

**पेट्रोल डालकर लगाई आग:** कंचन का आरोप है कि जिस दौरान उनकी बहन की हत्या की वह मौके पर थी, लेकिन वह चाहकर भी कुछ नहीं कर सकी। बहन की मौत से गुस्साई कंचन ने ससुरालियों पर दहेज हत्या का आरोप लगाते हुए शुक्रवार को कासना कोतवाली पहुंचकर आरो. पियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। परिजन ने पेट्रोल डालकर जलाकर मारने का आरोप लगाया है।

**बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल:** पिता का कहना है कि निक्की का एक पुत्र अविश (6) है। निक्की का पति शराब पीकर आए दिन लड़ाई करता है। वहीं कंचन की एक पुत्री लाव्या (7) व बेटा विनीत (4) है। पुत्री की मौत से परिवार में मातम छाया है। मां की मौत से पुत्र का रो-रोकर बुरा हाल है। उसने घटने को अपनी आंखों के सामने होते हुए देखा है। वहीं एडिशनल डीसीपी ग्रेटर नोएडा सुधीर कुमार ने बताया कि महिला के पति विपिन को पकड़ा है। पुलिस टीम का गठन किया गया है। अन्य आरोपियों की शीघ्र ही गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाएगी।

## एक नजर

### महिला ने दुपट्टे से फंदा लगाकर की आत्महत्या

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** बिसरख कोतवाली क्षेत्र के इकोविलेज-1 सोसाइटी में रहने वाली महिला ने शुक्रवार शाम दुपट्टे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि पिंकी वर्मा (40) अपनी 10 वर्षीय बेटी के साथ किराये के फ्लैट में रहती थी।

शुक्रवार शाम करीब सात बजे बेटी को पड़ोस की एक महिला के घर सब्जी लेने का बहाना बनाकर छोड़कर गई थी। रात नौ बजे तक महिला के नहीं आने पर पड़ोसियों ने फोन किया लेकिन फोन नहीं उठा। पड़ोसी फ्लैट पर पहुंचे तो दरवाजा बंद मिला। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने फ्लैट की खिड़की का शीशा और दरवाजा तोड़कर अंदर प्रवेश किया तो महिला फंदे से लटकी मिली। महिला को फंदे से उतारकर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस जांच में पता चला कि महिला की शादी गया प्रसाद से 11 वर्ष पूर्व हुई थी। मृतका का गया प्रसाद से एक 10 वर्षीय बेटा और छह वर्षीय बेटी है। महिला करीब तीन वर्ष से अपने पहले पति को छोड़कर दूसरे पति संदीप उपाध्याय के साथ इको विलेज वन सोसाइटी के एक फ्लैट में रह रही थी। पुलिस ने बताया कि घटनास्थल से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। मामले में कोई शिकायत पत्र नहीं मिला है।

### पैरामाउंट गोल्फ फॉरेस्ट सोसायटी में लिफ्ट फंसी, आधे घंटे तक कैद रहे निवासी

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** ग्रेटर नोएडा के सूरजपुर थाना क्षेत्र की पॉश हाउसिंग सोसायटी पैरामाउंट गोल्फ फॉरेस्ट में शनिवार को लिफ्ट खराब हो गई। 4 मंजिल पर अचानक लिफ्ट रुक जाने से उसमें सवार कई लोग फंस गए। करीब आधे घंटे तक लोग लिफ्ट में कैद रहे। कड़ी मशक्कत के बाद मेंटेनेंस टीम के कर्मचारियों ने फंसे लोगों को बाहर निकाला। लिफ्ट फंसने की घटना के बाद निवासियों ने जमकर हंगामा किया।

लिफ्ट में फंसे लोगों की ओर से बार-बार अलार्म बजाए जाने और मदद के लिए पुकारे जाने के बावजूद सोसायटी का मेंटेनेंस स्टाफ समय पर नहीं पहुंचा। निवासियों ने स्थिति की गंभीरता को समझते हुए खुद ही प्रयास कर लिफ्ट का दरवाजा खोला और अंदर फंसे लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला। हालांकि कुछ देर बाद मेंटेनेंस कर्मचारी भी मौके पर पहुंच गए।

**वीडियो हुआ वायरल:** घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है जिसमें लिफ्ट में फंसे लोगों की घबराहट और परेशानी साफ देखी जा सकती है। सोसायटी के निवासियों ने इस लापरवाही पर नाराजगी जताते हुए कहा कि लिफ्ट मेंटेनेंस की जिम्मेदार एजेंसी पूरी तरह से उदासीन बनी हुई है।

**पहले भी हो चुकी घटना:** निवासियों का कहना है कि यह पहली बार नहीं है जब इस तरह की घटना हुई हो। पहले भी लिफ्ट में तकनीकी खराबी और सुरक्षा उपायों की कमी को लेकर कई बार शिकायत की जा चुकी है लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। सोसायटी निवासी अंकित अग्रवाल ने बताया हम अपने बच्चों और बुजुर्गों के साथ यहां रहते हैं। इस तरह की घटनाएं न सिर्फ डरावनी है बल्कि भविष्य में किसी बड़े हादसे का कारण बन सकती है।

### स्कूल कैंटीन के खाने में मिलने से हंड़कंप

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट के एक निजी स्कूल की कैंटीन के खाने में कीड़ा निकलने का आरोप है। एक अभिभावक का आरोप है कि पीटीएम के दौरान वो कैंटीन में छोले-भटूरे खाने पहुंचे थे। भटूरे पर कीड़ा मिला। उन्होंने इसकी शिकायत सोशल मीडिया पर प्रशासन से की है। वहीं खाद्य विभाग ने जानकारी से इंकार किया है। अफसरों का कहना है कि शिकायत मिली तो जांच कर कार्रवाई की जाएगी। निवासियों ने बताया कि शनिवार को स्कूल में पीटीएम थी। बड़ी संख्या में अभिभावक पहुंचे थे। तभी कुछ अभिभावक बच्चों के साथ कैंटीन में खाना खाने चले गए। एक अभिभावक ने कैंटीन में छोले भटूरे का ऑर्डर दिया। आरोप है कि जब छोले भटूरे उनकी टेबल पर पहुंचे तो भटूरे के ऊपर कीड़ा था। जो मरा हुआ था। साथ ही वहां पर साफ सफाई की व्यवस्था भी अच्छी नहीं थी। अभिभावकों का कहना है कि बड़ी संख्या में रोजाना बच्चे कैंटीन में खाना खाते हैं। अगर गंदगी रहेगी और साफ सफाई का ध्यान नहीं रखा जाएगा तो बच्चों के बीमार होने का खतरा रहेगा। अभिभावकों ने सोशल मीडिया पर इसकी शिकायत की। वहीं सहायक आयुक्त द्वितीय खाद्य सर्वेश मिश्रा का कहना है कि अभी किसी ने इसकी शिकायत नहीं की है।

# जिलाधिकारी ने विभागों के अधिकारियों को शिकायतों का गुणवत्ता के साथ निस्तारण के दिए कड़े निर्देश



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** जिलाधिकारी मेधा रूपम की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट कार्यालय कक्ष में आईजीआरएस पोर्टल की समीक्षा बैठक संपन्न हुई, जिसमें आईजीआरएस पोर्टल पर दर्ज शिकायतों के निस्तारण की प्रगति एवं फीडबैक की स्थिति की विस्तृत समीक्षा की गयी।

समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने असंतुष्ट फीडबैक एवं डिफॉल्टर श्रेणी में आने वाले प्रकरणों पर गहरी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) अतुल कुमार को निर्देशित किया कि जिन विभागों में 70 प्रतिशत से अधिक असंतुष्ट फीडबैक प्राप्त हुए हैं तथा जो विभाग डिफॉल्टर श्रेणी में दर्ज किए गए हैं, उनके संबंधित अधिकारियों का अग्रिम आदेशों तक वेतन रोका जाए। साथ ही बैठक में बिना किसी पूर्व सूचना के अनुपस्थित रहने वाले विभागीय अधिकारियों का एक दिन का वेतन रोका जाए एवं उनके विरुद्ध स्पष्टीकरण जारी किया जाए।

जिलाधिकारी ने कहा कि आईजीआरएस पोर्टल की समीक्षा शासन स्तर पर प्रतिदिन की जाती है और उसी के आधार पर जनपद की रैंकिंग निर्धारित होती है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि इस कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। प्रत्येक अधिकारी को यह सुनिश्चित करना होगा कि शिकायतकर्ता की समस्याओं का त्वरित और गुणवत्तापूर्ण समाधान उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि सभी अधिकारी शिकायतकर्ता से दूरभाष पर वार्ता करें तथा निर्धारित समयावधि में शिकायतों का निस्तारण करें। साथ ही कहा कि प्रतिदिन अधिकारीगण अपने-अपने कार्यालय में आइजीआरएस पोर्टल की मॉनिटरिंग स्वयं करें।

बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अतुल कुमार, अपर जिलाधिकारी भू0अ0 राजेश कुमार, उप जिलाधिकारी जेवर अभय सिंह, उप जिलाधिकारी दादरी अनुज नेहरा, डिप्टी कलेक्टर वेद प्रकाश पांडे, मुख्य कोष अधिकारी शिखा गुप्ता तथा प्राधिकरण एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# निवेश के बहाने कोरियाई से ठगे 90 लाख रुपये

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** शेयर बाजार और विभिन्न कंपनियों में निवेश कर प्रतिमाह लाखों रुपए का मुनाफा कमाने का झांसा देकर साइबर अपराधियों ने ग्रेटर नोएडा में रेस्त्रां चलाने वाले दक्षिणी कोरिया के नागरिक के साथ 90 लाख रुपए की ठगी कर ली। पीड़ित पर जब ठग और रकम निवेश करने का दबाव बनाने लगे तब उसे ठगी की जानकारी हुई। पीड़ित की शिकायत पर साइबर क्राइम थाने की पुलिस ने अज्ञात ठगों के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

दक्षिणी कोरिया निवासी सांगसू काफी लंबे समय से भारत में रह रहे हैं। वह ग्रेटर नोएडा में कोरियन रेस्त्रां चलाते हैं। उनके परिवार के कई अन्य सदस्य भी जिले में ही रह रहे हैं। कुछ समय पहले सांगसू को सोशल मीडिया के माध्यम से एक मैसेज मिला। इसमें निवेश पर कम समय में दो से तीन गुना मुनाफा कमाने की बात कही गई। जब उन्होंने इसमें रुचि दिखाई तो ठगों ने उन्हें एक वॉट्सऐप ग्रुप में जोड़ लिया। इसमें कई अन्य सदस्य पहले से ही जुड़े हुए थे, जो लगातार मुनाफे का स्क्रीनशॉट साझा कर रहे थे।

**ग्रुप में मिलती थी कंपनियों की जानकारी:** ग्रुप में एक व्यक्ति रोजाना स्टॉक और विभिन्न कंपनियों के बारे में जानकारी दे रहा था। उसकी बताई कंपनियों और स्टॉक में निवेश करने पर ग्रुप के लोगों को लगातार मुनाफा हो रहा था। शुरुआती चरण में कोरियाई नागरिक ने जब निवेश किया तो उसे मुनाफा हुआ। साथ ही ठगों ने उसे मुनाफे समेत रकम निक. ालने की अनुमति भी दे दी। ठगों के जाल में फंसने के बाद मुनाफे के चक्कर में पीड़ित ने कई बार में 90 लाख रुपए ठगों द्वारा बताए गए खाते में ट्रांसफर कर दिए। मुनाफे समेत यह रकम कई करोड़ रुपए की हो गई।

**ऐप पर और बढ़ती दिखी रकम:** इस दौरान ठगों ने पीड़ित से एक ऐप भी डाउनलोड कराया। इसमें उसकी रकम मुनाफे समेत बढ़ती हुई दिख रही थी। पीड़ित ने रकम पांच अगस्त से 16 अगस्त के बीच में ट्रांसफर की । आवश्यकता पड़ने पर जब पीड़ित ने अपनी रकम निकालनी चाही तो ठग विभिन्न करों का हवाला देते हुए उसपर और रकम ट्रांसफर करने का दबाव बनाने लगे। और पैसे ट्रांसफर करने में कोरियाई नागरिक ने जब असमर्थता जताई तो ठगों ने उसे ग्रुप से बाहर कर दिया। पीड़ित का जो खाता ठगों ने खुलवाया था उसे भी बंद कर दिया गया।

# बाढ़ से प्रभावित 150 परिवारों को बांटी राहत सामग्री

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** जिला प्रशासन ने शनिवार को यमुना नदी के डूब क्षेत्र में बाढ़ से प्रभावित परिवारों को राहत सामग्री बांटी। सेक्टर 150 के पास दादरी विधायक तेजपाल नागर और एसडीएम सदर आशुतोष गुप्ता ने 150 परिवारों को राहत सामग्री किट दी। जिसमें राशन से लेकर अन्य उपयोगी चीजें शामिल हैं। वहीं जेवर तहसील की टीम बाढ़ से फसल के नुकसान का आकलन कर रही हैं। ताकि किसानों को क्षतिपूर्ति दी जा सके। हथिनीकुंड बैराज से लगातार पानी छोड़ने के कारण दिल्ली एनसीआर में यमुना का जल स्तर बढ़ गया था। इसका असर गौतमबुद्ध नगर में भी रहा था। डूब क्षेत्र में बांध तक पानी लग गया था। जलस्तर बढ़ने से खेतों के साथ-साथ अवैध फार्म हाउसों में पानी भर गया था। वहां रहने वाले लोग बाहर आ गए थे। सभी ने पुश्ता पर रहकर पानी कम होने का इंतजार किया। वहीं प्रशासन ने भी उनको खाना उपलब्ध कराया। अब शनिवार को तहसील सदर में बाढ़ से प्रभावित 150 परिवारों को राहत सामग्री दी गई है। दादरी विधायक तेजपाल नागर भी मौजूद रहें। एसडीएम सदर आशुतोष गुप्ता ने बताया कि सभी को एक-एक राशन किट दी गई। जिसमें दाल, चावल, आटा, तेल और मसाले आदि सामान था।

# बंद कार में मिली हार्डवेयर इंजीनियर की लाश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के ईकोटेक-3 कोतवाली क्षेत्र में एक हार्डवेयर इंजीनियर ने कार में जहरीला पदार्थ खा लिया। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने उन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई।

मूलरूप से सिंकदरपुर गांव कन्नौज के अखिल शुक्ला (36) पत्नी और बेटी के साथ अरीना सोसाइटी में रहते थे। उनकी सेक्टर-63 में कंपनी है। पेश से हार्ड वेयर इंजीनियर का हार्ड वेयर के सामान की खरीद-फरोख्त करते थे।

शुक्रवार सुबह वह सोसाइटी से कंपनी जाने के लिए निकले थे। लेकिन दोपहर करीब ढाई बजे वह गौतमबुद्ध बालक इंटर कॉलेज के पास अपनी ऑल्टो कार में बेहोश मिले। काफी देर तक एक ही जगह पर कार के खड़े होने के बाद उसमें व्यक्ति के बेहोश पड़े होने पर लोगों ने इसकी सूचना डायल-112 पर फोन कर दी। राहगीरों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने किसी तरह का कार शीशा तोड़ने के बाद कार का दरवाजा खोला और अखिल को पीसीआर में डालकर बिसरख सीएचसी पहुंचाया। वहां कुछ प्राथमिक उपचार के दौरान उन्होंने अपने एक दोस्त का नंबर दिया। पुलिस ने दोस्त को फोन करने के बाद अखिल के परिजनों को सूचना दी। इसी दौरान हालत बिगड़ने पर डॉक्टरों ने उन्हें जिला अस्पताल सेक्टर-39 नोएडा के लिए रेफर कर दिया।

# पुलिस मुठभेड़ में ठगी के आरोपी को लगी गोली



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा में पुलिस ने एटीएम धोखाधड़ी करने वाले एक बदमाश को मुठभेड़ के बाद दबोच लिया। आरोपी की पहचान सन्नी उर्फ नितेश बाबू के रूप में हुई है, जो मूल रूप से औरैया का रहने वाला है और इन दिनों गौतमबुद्धनगर के मामूरा में रहता है।

शुक्रवार रात इकोटेक-3 थाना पुलिस याम्हा कट पर चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान मोटरसाइकिल पर सवार सन्नी को रुकने का इशारा किया गया। वह भागने की कोशिश में गिर पड़ा और घिरता देख पुलिस पर फायर कर दिया। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में वह घायल हो गया और गिरफ्तार कर लिया गया।

आरोपी के पास से .315 बोर का तमंचा, एक खोखा कारतूस, एक जिंदा कारतूस और तीन एटीएम कार्ड बरामद हुए हैं। साथ ही घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल भी जब्त की गई है।

**एटीएम धोखाधड़ी का तरीका:** सन्नी एटीएम मशीन में कार्ड डालने वाली जगह पर फेविकोल चिपका देता था। कार्ड फंसने पर उसके साथी सुमित और संजय पीड़ित को नकली हेल्पलाइन नंबर देते थे। सन्नी फोन पर पीड़ित से पिन नंबर पूछता और बैंक जाने को कहता। जैसे ही पीड़ित बैंक पहुंचता, उसके साथी प्लास से कार्ड निकालकर खाते से पैसे उड़ा लेते थे। सुमित और संजय पहले ही पकड़े जा चुके हैं और जेल में बंद हैं, जबकि सन्नी अब पुलिस की गिरफ्त में है।

शाह टाइम्स

आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।

प्रवेश सिंह दतानियां

जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा

ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर

9810967541, 8920145356

Email : parveshnoida@gmail.com

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# डॉक्टर का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी, हत्या की आशंका

## घटना से परिजनों में मचा कोहराम, पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की खंगाली फुटेज



मृतक का फाइल फोटो





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** नगर के कोताना रोड़ पर सुबह एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। जहाँ एक डॉक्टर का शव संदिग्ध परिस्थितियों में बिजलीघर के पास से बरामद हुआ है। घटना बड़ौत कोतवाली क्षेत्र के कोताना रोड की है। जहां लोकनायक अस्पताल दिल्ली में कार्यरत डॉक्टर परवेज का शव सड़क पर पड़ा मिला। सुचना पर मोके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वही डॉक्टर के परिजनों ने मोके पर पहुंचकर हत्या की आशंका जताते हुए हंगामा किया। बताया जा रहा है कि राहगीरों ने आज सुबह शव को देखा और तत्काल पुलिस को सूचना दी। घटनास्थल के पास से पुलिस ने सिरिंज, नीडिल और डॉक्टर के हाथ पर कैनुला मिलने से मामला और भी रहस्यमयी हो गया है। वही परिजनों ने इस घटना को हत्या करार देते हुए कहा कि डॉक्टर परवेज की किसी से कोई दुश्मनी नहीं थी। फिर भी उसकी संदिग्ध परिस्थिति में मौत कई सवाल खड़े कर रही है। उनका आरोप है कि हत्या के बाद शव को सुनसान इलाके में लाकर फेंका गया है। वही पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है और संदिग्धों से पूछताछ भी शुरू कर दी गई है। परवेज दिल्ली के लो. कनायक में पिछले 10 साल से प्रैक्टिस कर रहे थे व यहां कैसे पहुंचे और हत्या किसने की यह गुत्थी भी उलझ गई है। बताया जा रहा है कि बडौत नगर के रहने वाले अली मोहम्मद के बेटे परवेज ने एमबीबीएस एमडी की डिग्री भी कर रखी है। इस संबंध में कोतवाली प्रभारी मनोज कुमार चाहल का कहना है कि परिजनों की तहरीर पर जांच शुरू कर दी गई है। जल्द घटना का खुलासा कर दिया जायेगा।

## संदूक व अलमारी का ताला खोलकर की लाखों की चोरी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** सिसाना गांव में चोरों ने मकान में घुसकर कमरे में रखे संदूक व अलमारी का ताला खुलकर 50 हजार रुपये की नगदी सहित लाखों के सोने-चांदी के आभूषण चोरी कर ले गए। पीड़ित ने कोतवाली पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

कोतवाली क्षेत्र के सिसाना गांव निवासी अंकित ने शनिवार की सुबह करीब साढे नौ बजे जानकारी देते हुए बताया कि वह अपने परिवार के साथ कमरे के बाहर सो रहे थे। रोजाना की कमरे के गेट लगाकर सो गए। शनिवार की सुबह करीब पांच उठे तो चोरी की घटना का पता चला। पीड़ित ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर जांच पड़ताल की। उधर कोतवाली प्रभारी दीक्षित कुमार त्यागी का कहना है कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

## घटनाओं पर अंकुश लगाने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर के दिल्ली रोड स्थित कांग्रेस कार्यालय पर शहर अध्यक्ष रामहरि पवार ने प्रेस वार्ता करते हुए कहा कि जनपद बागपत में आएं दिन चोरी की घटनाएं मर्डर की घटनाएं हो रही है।

एक गहरी चिंता का विषय बनता जा रहा है। उन्होंने एसपी से बढ़ते अपराधों पर अंकुश लगाने की मांग की। उन्होंने कहा कि एक तरफ तो प्रदेश सरकार अपराधों पर अंकुश लगाने की बात करती है। वही लगातार प्रदेश स्तर पर अपराध बढ़ते जा रहे हैं। शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रामहरि पवार ने अपराधियों पर लगाम कसने चोरियो कीबढ़ती घटनाओं पर अंकुश लगाने की मांग पुलिस प्रशासन से की है।

उन्होंने कहा कि अपराधियों के हौसले जनपद बागपत में बुलंद होते जा रहे हैं। इन पर अंकुश लगा अब बेहद जरूरी हो गया है। इस मौके पर प्रेस वार्ता में मीडिया प्रभारी ओंकार दत्त शर्मा जोनमाना वरिष्ठ समाजसेवी राम रंग पवार शहर उपाध्यक्ष विजेंद्र शर्मा संजीव कुमार मौजूद रहे।

## पशुओं से भरा टेम्पो पकड़कर ग्रामीणों ने पुलिस को सौंपा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** लहचौड़ा गांव के समीप ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस-वें पर ग्रामीणों ने एक पशुओं से भरा टेम्पो पकड़ा जिसके बाद ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। थानें में पशुओं को ले जा रहे व्यक्तियों के खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम के तहत मुकदमा कायम किया गया है।

लहचौड़ा गांव के ग्रामीण गांव में चोरी न हो इसे लेकर रात्रि में पहरा लगा रहे थें तभी उन्हें गांव के समीप ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस-वें पर टोर्च जलती दिखायी जिसके बाद ग्रामीण इखट्ठा होकर वहा पहुंचे और देखा तो पीक अप टेम्पो में दस पशुओं को भरा हुआ था जिससे देख ग्रामीण आक्रोशित हो गये। टेम्पो चालक टायर पंचर होने के बाद एक्सप्रेस-वें पर टायर बदल रहा था। पशु ले जाने वाले इकराम पुत्र बाबू इकबाल पुत्र बक्शी, बिलाल पुत्र युसूफ जलालाबाद थाना भवन निवासी ने बताया की वह जींद हरियाणा से पशु लेकर गाजिपुर मंडी जा रहे थे। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची ने आरोपीयों को पकड़ थाने ले आयी जहा उनके खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम के तहत मुकदमा कायम किया गया है।

## एक नजर

### नाबालिक युवती के साथ में परिवार के ही एक युवक ने किया दुष्कर्म

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छपरौली।** क्षेत्र के एक गांव में देर शाम एक नाबालिक युवती के साथ में परिवार के ही एक युवक ने बहला फुसलाकर रेप की घटना को अंजाम दे डाला। यह मामला एक ही समुदाय के एक ही परिवार से जुड़ा हुआ है। नाबालिक यवती के साथ जबरन इस घटना को अंजाम दिया गया। यूवती के परिजनों ने मामले की जानकारी थाना छपरौली को दी। जानकारी मिलते ही तुरंत छपरौली थाना पुलिस गांव में पहुंची पुलिस ने यूवती के बयान दर्ज किया। युवक घटना को अंजाम देकर गांव से फरार हो गया। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी हुई है।

### भारी बारिश के कारण एक बार फिर छपरौली की सड़कें जलमग्न



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छपरौली।** कस्बे में शनिवार को हुई भारी बारिश के कारण एक बार फिर सड़के जलमग्न हो गई है। कस्बे के मुख्य बाजार में जाने वाली मुख्य सड़क तरणताल बन गई जिसमें बाइक पर आने जाने वाले कई लोग चोटिल होने से बच गए। भारी बारिश के कारण नालों का पानी सड़कों पर आ गया जिससे गंदगी के अंबार हो गए। कई दुकानों में नालो का पानी भी घुस गया। दुकानदार भी अपनी दुकान से आगे डंडे लेकर कूड़े कचरे को बाहर निकलने में लग गए। बरसात होने पर नलों से निकलकर सड़क पर आ जाता है। वहीं शहर के दुकानदारों ने नालों की सफाई करने की मांग नगर पंचायत से की है।

## बधाई को लेकर किन्नरों के दो गुटों में हुआ खूनी संघर्ष, आधा दर्जन घायल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** शनिवार को मलकपुर गांव में किन्नरो का एक गुट बधाई मांगने के लिए गया हुआ था। दूसरे गुट को उसकी जानकारी मिली तो दूसरा गुट भी इस गांव में पहुंच गया। बधाई के बंटवारे को लेकर दोनों गुटों में जमकर गाली गलौज मारपीट हुई गांव में लोगों का जमावड़ा लग गया। दोनों गुटों में खूनी संघर्ष हुआ दोनों गुटों का मामला हिंदू मुस्लिम में बट गया। एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप लगाए गए किन्नरो दोनों गुटों ने एक दूसरे के खिलाफ कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। एक पक्ष की काजल लैला भगत गुरु फकरु राघव राहुल घायल हो गए। दूसरे पक्ष में अनीश असगर बिट्टू सपना गुड़िया गुल्लू मुस्कान काजल रुस्तम फुरकान शाहरुख घायल हो गए। सभी घायलों का नगर की सीएचसी में पुलिस द्वारा उपचार कराया गया। दोनों पक्षों की तहरीर के आधार पर प्रशासन द्वारा कार्यवाही की जा रही है। इससे पूर्व में भी कई बार बंटवारे को लेकर किन्नरों विवाद हो चुका है। यह मामला बंटवारे को लेकर चल रहा है। किन्नरो ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र का इलाका आपस में बटा हुआ है जब एक दूसरे के इलाके में एक दूसरा किन्नर बधाई लेने के लिए चला जाता है तो इसी वजह से खूनी संघर्ष होता है। आज शनिवार को मलकपुर गांव में किन्नरो के दो गुटों में जब खूनी संघर्ष हुआ तो ग्रामीण भी तमासहिन बन रहे। गांव के लोगों ने दोनों गुटों का बीच बचाव किया तब जाकर किन्नरो को गांव से ग्रामीणों ने भगाया कोतवाली प्रभारी मनोज कुमार चाहल ने बताया कि मामला दोनों गुटों का बंटवारे को लेकर हुआ है। तहरीर के आधार पर कार्रवाई की जा रही है।

## पुलिस ने किया लग्जरी बस से पटाखों की तस्करी का भंडाफोड़




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खेकड़ा।** कोतवाली पुलिस ने चे. कंग अभियान के दौरान एक लग्जरी बस से पटाखों की तस्करी का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने बस से 200 किलोग्राम अवैध पटाखे बरामद किए हैं। इस मामले में दो तस्करों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

एसपी सूरज कुमार राय के निर्देशन में चल रहे विशेष चेकिंग अभियान के दौरान पुलिस को एक संदिग्ध लग्जरी बस दिखाई दी। पुलिस ने बस को रोकने का प्रयास किया। चालक ने बस की रफ्तार बढ़ा दी। पुलिस ने घेराबंदी कर बस को रोका और तलाशी ली। पुलिस ने मेरठ निवासी शाहनवाज पुत्र शकील और हापुड़ निवासी उजैर पुत्र इकराम को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपी लग्जरी बस से पुलिस को चकमा देकर पटाखों की तस्करी कर रहे थे। खेकड़ा कोतवाली प्रभारी प्रभाकर केन्तुरा ने बताया कि आरोपियों से पटाखों के साथ तस्करी में प्रयुक्त लग्जरी बस भी जब्त की गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## समाजसेवी सुभाष चंद कश्यप ने की दोषियों को फांसी की सजा दिए जाने की मांग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खेकड़ा।** हरियाणा में मनीषा हत्याकांड मामले में समा. जसेवी सुभाष चंद कश्यप ने खेकड़ा तहसील पहुंचकर एसडीएम अभिनव कुमार को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने राष्ट्रपति और राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन में मामले की सीबीआई जांच की मांग की है।

कश्यप ने कहा कि मनीषा की हत्या के आरोपी अभी तक गिरफ्तार नहीं हुए हैं। मामले की जांच भी आगे नहीं बढ़ी है। इसके विपरीत, इस मामले पर सवाल उठाने वालों पर कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने मांग की है कि इस मामले को फास्ट ट्रैक कोर्ट में चलाया जाए। दोषियों को फांसी की सजा दी जाए। साथ ही गिरफ्तार मीडियाकर्मियों को तुरंत रिहा किया जाए। उनका कहना है कि मीडियाकर्मियों का काम समाज को आईना दिखाना है। समाजसेवी ने चेतावनी दी है कि अगर उनकी मांगें जल्द नहीं मानी गईं, तो वे धरना-प्रदर्शन करेंगे। इसकी जिम्मेदारी हरियाणा प्रशासन की होगी।

## योगी सरकार की लापरवाही ने किसानों की कमर तोड़ दी: ओमबीर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** शनिवार को आप जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में सैकड़ो कार्यकर्ताओं ने बागपत एसडीएम कार्यालय पर पहुंचकर प्रदर्शन कर पांच सूत्रीय मांग को लेकर राज्यपाल के नाम एसडीएम को ज्ञापन दिया। उन्होने कहा कि मांगे जल्द पूरी की जाए।

ज्ञापन देते हुए उन्होने कहा कि प्रदेश में खाद की भारी किल्लत के कारण किसानों को घंटों लाइन में लगने के बावजूद खाद नहीं मिल पा रही है। यह सरकार की घोर नाकामी और किसानों के साथ किया जा रहा अन्याय है। इसी गंभीर मुद्दे पर आम आदमी पाटी के कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया। जिलाध्यक्ष ओमबीर सिंह ने कहा कि योगी सरकार की लापरवाही ने किसानों की कमर तोड़ दी है। खेती का मौसम चल रहा है और किसानों को खाद उपलब्ध न कराना सीधे-सीधे उनकी आजीविका पर हमला है। यह प्रदेशव्यापी आंदोलन सांसद व यूपी प्रभारी संजय सिंह के निर्देशानुसार प्रदेश के सभी तहसील मुख्यालय पर किया गया। जिलाध्यक्ष ओमबीर सिह ने कहा कि यह शर्मनाक है कि किसान अपनी ही धरती पर अन्न उपजाने के लिए बुनियादी सुविधा के लिए तरस रहे हैं। प्रदेश सरकार केवल बड़े उद्योगपतियों की जेब भरने में लगी है, जबकि अन्नदाता दर-दर भटकने को मजबूर है। प्रदर्शन कराने वालों में ब्रहमसिंह, सचिन, फिरोज आदि मौजूद रहे।

## गांव में युवाओं की हुई अहम बैठक आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छपरौली।** लूम्ब गांव में युवाओं की एक अहम बैठक आयोजित हुई, जिसमें 25 अगस्त को दिल्ली में होने वाली महाप. ंचायत को लेकर गहन चर्चा की गई। बैठक में गांव के युवा कार्यकर्ताओं ने आगामी पंचायत को ऐतिहासिक और सफल बनाने का संकल्प लिया। सभी ने एकजुट होकर पंचायत में अधिक से अधिक संख्या में भागीदारी सुनिश्चित करने की रणनीति बनाई।

बैठक के दौरान युवाओं ने कहा कि यह महापंचायत केवल एक सभा नहीं होगी, बल्कि किसानों, मजदूरों और आम जनमानस की आवाज को सरकार तक पहुंचाने का एक मजबूत मंच साबित होगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस बार पंचायत में गांव से हजारों लोग शामिल होंगे ताकि दिल्ली की धरती पर लूम्ब गांव की गूंज सुनाई दे। गांव के युवाओं ने अपनी जिम्मेदारियां भी तय कीं। कुछ युवा पंचायत में लोगों को ले जाने के लिए वाहन प्रबंधन संभालेंगे तो कुछ गांव-गांव जाकर लोगों को पंचायत के लिए जागरूक करेंगे। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि पंचायत तक पहुंचने से पहले रास्ते में काफिला बनाकर जोश और उत्साह के साथ दिल्ली पहुंचा जाएगा। युवाओं ने कहा कि वर्तमान समय में किसानों की समस्याएं, महंगाई, बेरोजगारी और सरकार की नीतियों को लेकर लोगों में आक्रोश है। ऐसे में यह महापंचायत जनभावनाओं की सशक्त अभिव्यक्ति का कार्य करेगी। उन्होंने ग्रामीणों से भी अपील की कि वे अपने-अपने स्तर पर पंचायत को सफल बनाने के लिए सक्रिय योगदान दें। इस मौके पर उपस्थित युवाओं ने कहा कि लूम्ब गांव की एकता और मजबूती पूरे क्षेत्र में मिसाल पेश करेगी। उनका विश्वास है कि 25 अगस्त की दिल्ली महापंचायत आने वाले समय में एक ऐतिहा. सिक आंदोलन की नींव बनेगी। इस मोके पर भारतीय किसान यूनियन आजाद के युवा प्रदेश उपाध्यक्ष अकिंत चौधरी, मीडिया प्रभारी सालिम खान, बबला, मुदा पहलवान, जोनी, बिट्टू, शाहरुख चौधरी, आशु चौहान ,आशिफ, अबुजर पठान, आयन, बबलू आदि मौजद रहे।

## सड़क निर्माण को लेकर ग्रामीणों ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** देहात क्षेत्र के गांव असोड़ा के अमन कॉलोनी के ग्रामीणों ने सड़क निर्माण को लेकर डीएम अभिषेक पांडेय से मुलाक़ात की और उन्हें एक ज्ञापन सौंपते हुए जल्द ही समस्या का समाधान कराने की मांग की है। डीएम को दिए गए ज्ञापन में कहा गया कि मेरठ रोड हापुड़ से गांव असोड़ा के अमन कालोनी को जाने वाला रास्ता कच्चा, जर्जर और सड़क में गहरे गड्डे हो गये हैं। जिनमें अधिकतर गंदा पानी भी भरा रहता है। जिस कारण वहां से गुजरने वाले लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि रास्ते की स्थिति इतनी खराब है कि बारिश होने पर सड़क पर जल भराव हो जाता है। पानी की निकासी न होने के कारण जलभराव होने से वहां से निकलने वाले लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

## एशियन शूटिंग चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतकर लौटी वंशिका का किया स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिनौली।** कजाकिस्तान में हुई एशियन शूटिंग चैंपियनशिप में पदक जीतकर लौटी शूटर वंशिका का माखर गांव में ढोल-नगाड़ों के साथ फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया। ग्रामीणों ने शूटर वंशिका को मिठाई खिलाकर व शाल ओढ़ाकर बधाई दी।

जौहड़ी की दादी चंद्रो शूटिंग रेंज पर शूटिंग का प्रशिक्षण लेने वाली माखर की वंशिका चौधरी ने कजाकिस्तान में जूनियर एशियन शूटिंग चैंपियनशिप में टीम और मिक्स्ड स्पर्धा में दो स्वर्ण पदक जीतकर देश का नाम रोशन किया था। वंशिका गांव में पहुंचीं तो लोगों ने गाड़ी में बैठाकर पूरे गांव में घुमाया। फिर महिलाओं ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। शूटर वंशिका को शाल ओढ़ाकर और स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। कहा कि वंशिका ने दो स्वर्ण पदक जीतकर गांव का नाम रोशन किया है। इससे पहले दिल्ली एयरपोर्ट पर भी वंशिका का स्वागत किया गया। इस दौरान विनोद तोमर, सुमित राठी, शैफाली तोमर, सचिन सोलंकी, मो. हित सोलंकी, बिट्टू प्रधान आदि मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस पर बच्चों ने दिखाया अपना हुनर




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** उच्च प्राथमिक विद्यालय निवाड़ा में माय भारत यूथ क्लब एवं युवक मंगल निवाड़ा के समन्वय से राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के अवसर पर बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस वर्ष की थीम आर्यभट से गगनयान प्राचीन ज्ञान से अनंत संभावनाएँ पर आधारित पोस्टर पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें बच्चों ने अपनी रचनात्मकता और अंतरिक्ष के प्रति जिज्ञासा को प्रदर्शित किया।

पोस्टर पेंटिंग प्रतियोगिता में भाग लेने वाले बच्चों ने अपने अद्वितीय चित्रों के माध्यम से अंतरिक्ष की दुनिया को जीवंत कर दिया। बच्चों की कल्पनाशीलता और रचनात्मकता ने सभी को प्रभावित किया। यूथ क्लब अध्यक्ष इनाम उल हसन ने बच्चों को शुभकामाएं दी और उन्हें ऐसी रोचक गतिविधियों में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की गतिविधियाँ बच्चों में वैज्ञानिक सोच और रचनात्मकता को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। युवक मंगल दल निवाड़ा के अध्यक्ष इनाम उल हसन ने उत्कृष्ट प्रदर्शन और सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए छात्र-छात्राओं बुशरा, अरहमा, इकरा, इंशा, निशा, प्राची, नईम को सम्मानित किया। इस

**सूचना**

मेरे पुत्र का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते मै अपने पुत्र अंकित कुमार से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगा।

रविंद्र पुत्र कालूराम निवासी बिनौली रोड़ शिव विहार थाना व तहसील बडौत जनपद बागपत।

**सूचना**

मेरे पासपोर्ट में मेरे पिता का नाम MUBARAK ALI दर्ज है जो कि गलत है जबकि मेरे आधार कार्ड में मेरे पिता का नाम MARAK ALI दर्ज है जोकि सही है।

मिजाज अली पुत्र मारक अली निवासी ग्राम निवाडा तहसील व जनपद बागपत।

# पुरानी रंजिश में जेसीबी से मकान तोड़कर कीमती सामान चोरी

## मवाना खुर्द गांव का मामला, पीड़ित परिवार संग गया था अपनी रिश्तेदारी में

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मवाना।** थाना क्षेत्र के मवाना खुर्द गांव में बीती रात पुरानी रंजिश के चलते कुछ लोगों ने एक बंद मकान का गेट और चहारदीवार जेसीबी से ध्वस्त कर दी। आरोप है कि आरोपियों ने मकान में रखा कीमती सामान और कागजात चोरी कर लिए। पीड़ित ने थाने में नामजद तहरीर देते हुए कार्रवाई की मांग की है।

पीड़ित आयुष त्यागी पुत्र ईश्वर त्यागी निवासी मवाना खुर्द ने बताया कि वह अपने परिवार के संग शुक्रवार को एक रिश्तेदारी में गया हुआ था और मकान पर ताला लगा था। देर रात पुरानी रंजिश के चलते गांव के कुछ लोगों ने जेसीबी से उसके मकान गेट, चहारदीवारी व कमरा ध्वस्त कर दिया। आरोप है कि आरोपियों ने उसके मकान में रखा कीमती सामान और मुकदमों से संबंधित कागजात चोरी कर लिए। सूचना मिलने के बाद पीड़ित गांव में पहुंचा और छह आरोपियों को नामजद करते हुए तहरीर दी है।


पीड़ित आयुष त्यागी।



### चर्चा: 50 हजार में मिला था तोड़फोड़ का ठेका

इस मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस ने मवाना खुर्द से जेसीबी भी बरामद कर ली है, जिससे यह घटना की गई है। चर्चा है कि आरोपियों ने इस काम के लिए दो खनन माफिया को जेसीबी से तोड़फोड़ करने की ऐवज में 50 हजार रुपए दिए थे। पुलिस इस लाइन पर भी काम करने में जुट गई है। पुलिस जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लेगी।

# छात्रा से छेड़छाड़ के आरोप के बाद मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** क्षेत्र के एक गांव में स्कूल से लौटते समय छात्रा से छेड़छाड़ का आरोप है। छात्र के परिजनों ने थाने में तहरीर दी। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लिया और आरोपी के खिलाफ तुरंत मुकदमा दर्ज कर जांच में जुट गई। परिजनों ने बताया कि वो गांव में ही स्थित एक स्कूल में पढ़ती है। आरोप है कि गांव का ही एक मनचला उसे परेशान कर रहा है। उसने स्कूल से वापस लौटते समय छात्रा को बीच रास्ते में रोका और छेड़छाड़ की। इतना ही नहीं उन्होंने युवक पर छात्रा को मोबाइल नम्बर देने व उस पर बात करने का दबाव का आरोप भी लगाया। परिजनों के अनुसार आरोपी ने फोन पर बात न करने पर उसे उठाकर ले जाने की धमकी भी दी।

# फलावदा में धार्मिक भावना भड़काने पर हंगामा, पार्षद पति ने दी तहरीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फलावदा।** कस्बे में स्थित धार्मिक स्थल में धर्म के आधार पर भीड़ को भड़काने का मामला प्रकाश में आया है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे इस प्रकरण की आलोचना हो रही है। नगर पंचायत की महिला सभासद के पति ने थाने में तहरीर देकर साम्प्रदायिक सद्भाव को पलीता लगाने का प्रयास करने वाले तत्वों के खिलाफ कार्यवाही किए जाने की मांग को लेकर तहरीर दी है। नगर पंचायत के वार्ड संख्या एक की सभासद अनुराधा तोमर के पति मोहित तोमर ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि नगर में स्थित धार्मिक स्थल में कस्बे के व्यक्ति ने भीड़ को भड़काने में कोई कसर नहीं छोड़ी। धार्मिक स्थल में सांप्रदायिक बातें करके लोगों को भड़काने का प्रयास किया। धार्मिक स्थल को सियासी अखाड़ा बनाए जाने को लेकर संभ्रांत लोगों की भौंहें तन रही है। भड़काऊ भाषण का वीडियो वायरल हो रहा है। सोशल मीडिया पर इस कृत्य की आलोचना भी की जा रही है। सभासद पति मोहित तोमर ने पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया है कि धार्मिक स्थल से भड़काऊ भाषण देकर माहौल खराब करने की साजिश की जा रही है। आरोपी के खिलाफ सख्त कार्यवाही की मांग की गई है। प्रार्थना पत्र में एक राजनीतिक दल को निशाना बनाए जाने का भी आरोप है। धार्मिक स्थल से एक सियासी पार्टी तथा दूसरे संप्रदाय पर अमर्यादित टिप्पणी किए जाने को लेकर रोष व्याप्त हो रहा है। गौरतलब है कि कस्बे में आपसी भाईचारे की मिसाल कायम है, लेकिन कुछ लोग दूसरे धर्म व पार्टियों पर घटिया बयानबाजी कर रहे हैं जिससे समाज में नफरत बढ़ने लगी है। कस्बेवासियों का मानना है कि अगर पुलिस प्रशासन ऐसे लोगों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही करे तो क्षेत्र में अमन चैन कायम रहेगा।

- घटना सोशल मीडिया पर हो रही है वायरल
- आरोपियों पर कार्रवाई करे पुलिस: ग्रामीण

# कार्यशाला में अच्छा प्रदर्शन करने वाले बच्चों को किया पुरस्कृत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मवाना।** नगर के कृषक इंटर कॉलेज में शनिवार को टीएलएम पर आधारित अंग्रेजी प्रोजेक्ट कार्यशाला आयोजित की गई। प्रधानाचार्य देवेंद्र कुमार ने फीता काटकर कार्यशाला का उद्घाटन किया। प्रोजेक्टर अवलोकन के बाद प्रधानाचार्य ने बच्चों का उत्सावर्धन करते हुए उन्हें कार्यशाला की उपयोगिता बताई। विजेता छात्रों में 9 ई 1 से जोया ने यूचर टैंस पर प्रथम, विधि राणा ने टैंस पर द्वितीय, फिजा ने पार्टी ऑफ स्पीच पर तृतीय, कक्षा 10 ई1 से पलकश्री ने राबर्ट फ्रोस्ट पर प्रथम, कनम ने विलियम शेक्सपीयर पर द्वितीय व शगुन भारद्वाज ने द क्लाउज पर तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेता बच्चों को प्रधानाचार्य ने पुरस्कृत किया। कार्यक्रम का संचालन अंग्रेजी अध्यापक डॉ. केशव कुमार ने किया।



# फलावदा थाने में ग्रामीणों ने सुनीं समस्या

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फलावदा।** थाने पर आयोजित समाधान दिवस में थाना प्रभारी दिनेश प्रताप सिंह नायाब तहसीलदार मवाना ने जन समस्याएं सुनीं। पीड़ित उमेश चंद ने बताया कि उसकी तीन बीघे जमीन पर गांव के ही दबंग लोगों ने कब्जा कर रखा है। उसे हटवाने के संबंध में प्रार्थना पत्र दिया है, तथा कुलभूषण खाता ने मकान गली से छज्जा हटवाने के संबंध में, अनिल कुमार नगला हरेरू ने बीच रास्ते पर रेम्प बना दिया है। उसे हटवाने के संबंध में ग्राम प्रधान फतेह शर्मा मन्दवाड़ी ने गांव के रास्ते को चौड़ीकरण कराने के संबंध में शिकायत की।

# दौराला रोड श्मशान की सड़क बनवाने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** दौराला रोड स्थित शमशान के मुख्य मार्ग की हालत काफी खराब है। हर समय सड़क पर पानी भरा रहता है। जिस कारण शवयात्रा लेकर आने वाले लोगों को परेशान होना पड़ रहा है। शनिवार को मुक्तिधाम सेवा ट्रस्ट ने ईओ को ज्ञापन सौंपकर समस्या के समाधान की मांग की। मुक्तिधाम सेवा ट्रस्ट का प्रतिनिधि मंडल ईओ दीपिका शुक्ला से शनिवर को मिला। उन्होंने ईओ को बताया कि सरधना दौराला रोड से शमशान को जाने वाले रास्ते की स्थिति बहुत ही खराब है।

रास्ते में पानी भरा रहता है जिससे वहां को निकलना बहुत ही मुश्किल हो रहा है। कई बार की गई शिकायत के बाद भी सुनवाई नहीं हो रही है। उन्होंने ईओ से इस रास्ते का भराव कराकर तथा रास्ते के दोनों तरफ नालियां बनवाकर समस्या के समाधान की मांग की। ईओ ने जल्द समाधान का आश्वासन दिया गया। इस अवसर पर ट्रस्ट के अध्यक्ष मनमोहन त्यागी, मंगू प्रधान, कर्मेन्द्र चौधरी, नागेन्द्र राठी, पवन, संदीप शर्मा मौजूद थे।



# वी गेम्स ने वी ऐप पर लॉन्च किया गैलेक्सी शूटर्स फ्रीडम फेस्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** भारत के अग्रणी दूर-संचार सेवा प्रदाता वी ने एक्सक्लुजिव रूप से वी ऐप में वी गेम्स पर गैलेक्सी शूटर्स के फ्रीडम फेस्ट एडिशन का लॉन्च किया है। यह स्पेशल एडिशन 31 अगस्त तक ऐप पर लाईव रहेगा, जहां उपभोक्ता गेमिंग, एंटरटेनमेंट और एक्सक्लुजिव रिवॉर्ड्स के रोचक संयोजन का आनंद उठा सकते हैं। यह घोषणा ऐसे समय में की गई है जब भारत का मोबाइल गेमिंग मार्केट तेजी से विकसित हो रहा है, एक अनुमान के मुताबिक, यह मार्केट 2025 तक 7.5-8.75 बिलियन डॉलर के आंकड़े तक पहुंच जाएगा। शूटर गेम्स सबसे लोकप्रिय श्रेणियों में शामिल हैं, ऐसे में वी ऐप पर इस टाइटल को शामिल करना उपभोक्ताओं को बेहतर अनुभव और बेहतर मनोरंजन प्रदान करने की वी की डिजिटल पेशकश की पुष्टि करता है।

# सरकार की कठपुतली है चुनाव आयोग: गिरीश मथुरिया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** चुनाव आयोग द्वारा जारी एसआईआर का शनिवार को विरोध हो गया। समाजवादी पार्टी के प्रदेश महासचिव गिरीश मथुरिया ने कहां की चुनाव आयोग सरकार की कठपुतली बन चुका है विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत जो करोड़ों लोग प्रभावित हो रहे हैं उनके मतों के अधिकार को खत्म करने की यह साजिश है। इस विषय पर समाजवादी पार्टी के नेता अभिषेक भाटी ने राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी उत्तर प्रदेश में ऐसे ही फर्जी वोटिंग करके सत्ता हड़पना चाहती है लेकिन समाजवादी पार्टी इसे कतई बर्दाश्त नहीं करेगी इसके अलावा मेरठ में भी वोटिंग लिस्ट में खेल हो रहा है जिसको जल्द ही उजागर करने का काम किया जाएगा। इस दौरान गिरीश मथुरिया, बोबी, नितिन गर्ग, फैजान अंसारी और अमित पंडित आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# मनोज शर्मा बने परशुराम सेना संगठन के प्रदेश सचिव, दी बधाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** परशुराम सेना संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेंद्र नाथ त्रिपाठी के द्वारा मेरठ में एक सम्मेलन आयोजित हुआ। जिसमें नगर के रहने वाले मनोज शर्मा को उनके कार्य प्रणाली को देखते हुए पश्चिम उत्तर प्रदेश का सचिव बनाया गया। वहीं रामराज निवासी जितेंद्र शर्मा को विधानसभा अध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया गया है।

इनके नियुक्त होने पर पंडित समाज के लोगों ने फोन पर बधाई दी है। बतादे कि एक माह पूर्व नगर के नवजीवन इंटर कॉलेज में नगर के रहने वाले मनोज शर्मा ने ब्राह्मण समाज के लोगों को एकत्र कर संगठन को मजबूत करने एवं समाज में फैली कुरीतियों को दूर करने के लिए महाकुंभ किया गया था। जिसमें परशुराम सेना संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेंद्र नाथ त्रिपाठी ने मनोज शर्मा को प्रदेश सचिव तथा जितेंद्र शर्मा को विधानसभा अध्यक्ष बनाया गया है। इस मौके पर विजेंद्र शर्मा, दिनेश शर्मा, अनुज शर्मा, अनु शर्मा, सुबोध शर्मा, देवेंद्र शर्मा, राजू शर्मा, अनील शर्मा समसपुर, प्रदीप शर्मा, अजय शर्मा, सरवन शर्मा आदि ने बधाई दी है।



# रियलमी ने पेश की रियलमी पी 4 सीरीज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** भारतीय युवाओं के सबसे लोकप्रिय स्मार्टफोन ब्रांड रियलमी ने अपनी रियलमी पी 4 सीरीज पेश करते हुए इसमें दो बेहतरीन स्मार्टफोन रियलमी पी4 प्रो और रियलमी पी4 लॉन्च किए। इन स्मार्टफोंस में फ्लैगशिप इनोवेशन दिए गए हैं। यह सीरीज ऑलराउंडर फीचर्स के साथ डयुअल चिप पॉवर्ड परफॉर्मेंस प्रदान करती है। इसमें प्रो. गेड की इमेजिंग , सिनेमेटिक डिस्प्ले और पूरे दिन बेहतरीन प्रदर्शन करने वाली बैटरी दी गई है। इन स्मार्टफोन में समर्पित हाईपर विजन एआई चिप, स्नैपड्रैगन 7 जेन 4 प्रोसेसर, डयुअल 50 मेगापिक्सल का एआई कैमरा , 144 हर्ट्ज का हाईपर ग्लो एमोलेड डिस्प्ले, 7000 एमएएच की शक्तिशाली बैटरी हैं। जिनकी मदद से रियलमी पी4 सीरीज इस मूल्यवर्ग में यूजर्स को अपनी अपेक्षाओं से बेहतर स्मार्टफोन पेश कर रही है।

# खाद की किल्लत के विरोध में आप कार्यकर्ताओं का प्रदर्शन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने डीएम के माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन सौंपा। जिलाध्यक्ष अंकुश चौधरी का कहना था कि प्रदेश में खाद की भारी किल्लत व काला बाजारी के खिलाफ यह विरोध प्रदर्शन किया गया है। किसान प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष डॉ. फुरकान त्यागी ने आरोप लगाया कि प्रदेशभर में खाद की भारी किल्लत है। किसान घंटों लाइन में लगने को मजबूर हैं, फिर भी उन्हें खाद नहीं मिल रही। बाजारों में खुलेआम यूरिया की कालाबाजारी हो रही है, उसमें दवाइयां मिलाकर बेचा जा रहा है, वहीं डीएपी को ब्लैक कर ऊंचे दामों पर किसानों को बेचा जा रहा है। यह सरकार की घोर नाकामी और अन्नदाताओं के साथ किया जा रहा अन्याय है। इस दौरान अंकित गिरी, भरत लाल यादव, सलीम मंसूरी, रियाजुद्दीन, वैभव मलिक, रंजना तिवारी, हेम कुमार आदि मौजूद रहे।

# डीपीएम पब्लिक स्कूल में शिक्षक अभिभावक सम्मेलन का आयोजन

- अभिभावकों ने परीक्षा परिणाम देख व्यक्त की प्रसन्नता, सचिव व प्रधानाचार्य जिया जैदी ने रखे अपने विचार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** डीपीएम पब्लिक स्कूल में भव्य अभिभावक-शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कक्षा नर्सरी से लेकर कक्षा 12 तक के छात्रों के अभिभावक बड़ी संख्या में उपस्थित हुए।

बैठक में विद्यार्थियों की यूनिट टेस्ट परीक्षा के अंक अभिभावकों को दिखाये गये। बच्चों की शैक्षणिक प्रगति देखकर अभिभावकों ने विद्यालय की शिक्षा पद्धति और शिक्षकों की मेहनत की प्रशंसा की। इस मौके पर विद्यालय के सचिव जगदीश त्यागी ने सभी अभिभावकों का गर्मजोशी से स्वागत किया और कहा कि विद्यालय तभी तरक्की कर सकता है। जब शिक्षक विद्यार्थी और अभिभावक मिलकर कार्य करें। बच्चों का सर्वांगीण विकास अच्छे अंकों के साथ-साथ संस्कार, अनुशासन और व्यवहार में भी झलकना चाहिए। अभिभावकों का सहयोग विद्यालय की सबसे बड़ी पूंजी है और हम सभी का लक्ष्य है कि हमारे विद्यार्थी भविष्य में समाज और देश का नाम रोशन करें। विद्यालय के प्रधानाचार्य जिया जैदी ने भी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि विद्यालय सदैव बच्चों की शिक्षा की गुणवत्ता को सर्वोच्च प्राथमिकता देता है। शिक्षकों का परिश्रम तभी सार्थक होता है। जब घर पर अभिभावक बच्चों को सहयोग और सकारात्मक माहौल दें।

# गोकशी का आरोपी जानी पुलिस से मुठभेड़ में हुआ घायल

## शातिर पर कई थानों में चल रहे हैं मुकदमें

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** जानी पुलिस की शुक्रवार की देर रात पच्चीस हजार के इनामी गोकश से मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ में गोकश घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए अस्पताल भेज दिया। पुलिस के मुताबिक शुक्रवार की देर रात भोला रोड शेखपुरी रजवाहे के पास चेकिंग कर रहे थे तभी एक काले रंग की मोटर साइकिल पर एक संदिग्ध आता दिखाई दिया।

पुलिस ने उसे रोकना का प्रयास किया तो आरोपी ने अपनी मोटर साइकिल को दौड़ा दिया और पुलिस पर फायरिंग कर दी। पुलिस ने आत्मरक्षा में गोली चलाई जिससे आरोपी के गोली लग गई पुलिस ने उसकी तलाशी ली तो उसके पास से एक तमंचा व कारतूस और खोका मिला। पुलिस ने जब उसका अपराधिक इतिहास खंगाला तो आरोपी पर करीब आधा दर्जन गोकशी के मुकदमें दर्ज हैं। कुछ दिन पहले यानी गंग नहर पर गोकशी के अवशेष मिले थे जिसके बाद लगातार आरोपी वांछित चल रहा था एसएसपी विपिन ताडा ने आरोपी पर पच्चीस हजार रुपए का इनाम घोषित किया था आरोपी की पहचान वसीम कुरैशी पुत्र इरशाद के रूप में हुई।






# सिवालखास विस अध्यक्ष तसव्वर अली ने काशी टोल प्लाजा पर शिवपाल यादव का किया स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** शनिवार को सपा नेता शिवपाल यादव मुजफ्फरनगर किसी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए जा रहे थे तभी समाजवादी पार्टी के नेताओं का जमावड़ा काशी टोल प्लाजा पर लग गया, और सभी ने स्वागत किया। इस दौरान समाजवादी पार्टी के सिवालखास विधानसभा अध्यक्ष तसव्वर अली ने अपने समर्थकों के साथ सपा नेता शिवपाल यादव का फूलमाला से उनका स्वागत किया और राजनीतिक चर्चा भी हुई इस दौरान अशरफ अली, राणा चौधरी, अल्तमस राव आदि मौजूद रहे।



# आदर्श कन्या इंटर कॉलेज में बैठक आयोजित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फलावदा।** क्षेत्र के नैडू में स्थित आदर्श कन्या इंटर कॉलेज में शुक्रवार को कन्या गुरुकुल नारंगपुर की प्रबंधक डॉ. रश्मि आर्या ने पहुंच कर विद्यालय के प्रबंधक मास्टर परमाल सिंह की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की गई। जिसमें आगामी 7, 8 व 9 नवंबर को तीन दिवसीय 151 कुंडीय हवन यज्ञ आयोजित किया जाएगा। हस्तिनापुर के ग्राम सैफपुर करमचंदपुर में बालकों का गुरुकुल एवं चैरिटेबल अस्पताल खोलने हेतु गांव-गांव जाकर बैठक कर क्षेत्र वासियों को आमंत्रित किया जा रहा है। जिसमें समस्त क्षेत्र वासियों ने भारी संख्या में हवन यज्ञ में पहुंचने का एवं तन मन धन से सहयोग करने का आश्वासन दिया। आज ग्राम नैड़, गगसौना, दांदूपुर, तखावली, मीरपुर, अकबरपुर आदि गांव में संपर्क किया इस दौरान भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष विपेन्द्र सुधा वाल्मीकि, गन्ना समिति मवाना के उपसभापति ऋषिपाल सिंह, ग्राम भटोली के पूर्व प्रधान मलक सिंह गुर्जर, डॉ. ऋषिपाल सिंह, एमडी शीशपाल सिंह सहित सैकड़ो लोग एवं क्षेत्र वासी उपस्थित रहे।

# भारत ने एयर राइफल में दो मिश्रित टीम स्वर्ण जीते



● **एलावेनिल, शांभवी और नारायण ने अपने-अपने दूसरे स्वर्ण पदक जीते भारत ने सीनियर और जूनियर 10 मी. एयर राइफल मिश्रित टीम प्रतिस्पर्धाओं में जीत हासिल की**

**नई दिल्ली, वार्ता।** एलावेनिल वलारिवन, शांभवी क्षीरसागर और नारायण प्रणव ने अपने-अपने दूसरे स्वर्ण पदक जीते, भारत ने सीनियर और जूनियर दोनों 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम स्पर्धाओं में जीत हासिल की। इसके साथ ही शिमकेंट, कजाकिस्तान में चल रही 16वीं एशियाई निशानेबाजी चैंपियनशिप में भारत का स्वर्ण पदक आंकड़ा 22 हो गया।

एला (316-3) और अर्जुन बाबूता (317-7) ने मिलकर क्वालिफिकेशन में 634-0 स्कोर किया और ओलंपिक इवेंट में 27 टीमों में शीर्ष स्थान प्राप्त किया, जबकि भारत की दूसरी जोड़ी मेहुली घोष (317-7) और रुद्रांक्ष पाटिल (314-9) ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए 632-6 अंक बनाए और लीडरबोर्ड पर दूसरा स्थान हासिल किया। हालांकि, टूर्नामेंट के नियमों के अनुसार, मेहुली और रुद्रांक्ष को पदक मुकाबले से बाहर रहना पड़ा क्योंकि एला और अर्जुन ने चीनी जोड़ी पेंग शिनलू और लू डिंगके (632-3) के साथ स्वर्ण पदक मुकाबले की पात्रता हासिल की थी। भारतीयों ने 16 अंकों की दौड़ में जोरदार शुरुआत की, लेकिन चीनी खिलाड़ी भी तुरंत वापसी करते दिखे और 10वीं सीरीज तक स्कोर बराबर रहा। 11वीं सीरीज जीतकर भारतीयों ने 13-9 की बढ़त बनाई, जिसके बाद चीनी टीम ने टाइम आउट लिया और वापसी करते हुए दो बेहतरीन शॉट्स के साथ स्कोर 13-11 कर दिया। हालांकि, भारतीय खिलाड़ियों ने इसके बाद 10-5 से नीचे कोई स्कोर नहीं किया और अगले दो राउंड जीतकर मुकाबला अपने नाम कर लिया। एयर राइफल मिश्रित टीम जूनियर स्पर्धा में नारायण प्रणव और शांभवी क्षीरसागर ने क्वालिफिकेशन में 629-5 स्कोर कर तीसरे स्थान पर रहते हुए फाइनल में प्रवेश किया। उनके साथी ईशा टकसाले और हिमांशु ने 628-6 के स्कोर के साथ चौथे स्थान पर रहते हुए पदक मुकाबले से चूक गए। फाइनल में भारतीय जोड़ी का सामना एक और चीनी जोड़ी, तांग हुईकी और हान यिनान से हुआ। शुरुआती नौ सीरीज तक मुकाबला 9-9 से बराबरी पर रहा। इसके बाद भारतीयों ने लगातार उच्च स्कोरिंग शॉट्स के साथ छह अंकों की बढ़त बनाई और अंत में 14वीं और अंतिम सीरीज को बराबरी पर समाप्त कर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। भारत ने दिन का अंत 22 स्वर्ण, आठ रजत और 10 कांस्य पदकों के साथ किया और कुल 40 पदकों के साथ पदक तालिका में शीर्ष स्थान पर बना रहा।

## विश्व तीरंदाजी युवा चैंपियनशिप में भारत ने अंडर-18 व अंडर-21 वर्ग टीमों में जीते स्वर्ण पदक



● **भारतीय तीरंदाजी टीमों ने विश्व तीरंदाजी युवा चैंपियनशिप में भारत ने पुरुषों के अंडर-18 और अंडर-21 टीम वर्ग में क्रमशः जर्मनी और अमेरिका की टीम को हराकर स्वर्ण पदक जीते**

**कनाडा, वार्ता।** भारतीय तीरंदाजी टीमों ने विश्व तीरंदाजी युवा चैंपियनशिप 2025 में पुरुषों के अंडर-18 और अंडर-21 वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीते हैं।

विश्व तीरंदाजी युवा चैंपियनशिप 2025 में शुक्रवार को भारत ने पुरुषों के अंडर-18 और अंडर-21 कंपाउंड टीम वर्ग में क्रमशः जर्मनी और अमेरिका की टीम को हराकर स्वर्ण पदक जीते। कुशल दलाल, अपार मिहिर नितिन और गणेश मणिरत्नम थिरुमुरु की अंडर-21 तिकड़ी ने फाइनल में जर्मनी की टीम के साथ चार सेटों के अंत में स्कोर 233-233 रहने के बाद हुये एक तनावपूर्ण शूट-ऑफ में हराया। इससे पहले, भारत ने क्वार्टर फाइनल में इजरायल को 235-233 से और सेमीफाइनल में कोरिया गणराज्य को 233-228 से हराया था। वहीं अंडर-18 फाइनल में मोहित डागर, योगेश जोशी और देवांश लसह की टीम ने अमेरिका के खिलाफ हाफ टाइम तक नौ अंकों की बढ़त बना ली और मुकाबला 224-222 से जीत लिया। क्वालीफिकेशन से शीर्ष वरीयता प्राप्त होने के कारण टीम सीधे खिताबी मुकाबले में पहुंच गई थी। इस बीच, भारतीय अंडर-18 महिला कंपाउंड टीम कांस्य पदक के मुकाबले में मैक्सिको से 221-210 से हार गई। अंडर-21 टीम क्वार्टरफाइनल में बाहर हो गई। अगले दो दिनों में भारत व्यकितगत तीरंदाजी स्पर्धाओं में मुकाबला करेगा। अंडर-18 पुरुष कंपाउंड सेमीफाइनल में योगेश जोशी का सामना न्यूजीलैंड के हेक्टर मैकनेली से होगा, जबकि महिला अंडर-18 कंपाउंड सेमीफाइनल में पृथिका प्रदीप और सूर्या हमसिनी मदाला के बीच मुकाबला होगा। महिला अंडर-21 कंपाउंड ड्रॉ में, शीर्ष चार में चिकिथा तनिपर्थी का सामना मेक्सिको की पाउला डियाज मोरिलस से होगा। वहीं, अंडर-18 महिला रिकर्व सेमीफाइनल में शारवरी सोमनाथ शेंडे का सामना दक्षिण कोरिया की किम मिनजियोंग से होगा।

## कोहली-रोहित के फेयरवेल की चिंता न करें: शुक्ला

● **कहा: दोनों क्रिकेटर फिट हैं, वनडे क्रिकेट भी खेल रहे हैं, टेस्ट और टी-20 से संन्यास ले चुके**



**मुंबई, वार्ता।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने कहा, विराट कोहली और रोहित शर्मा पूरी तरह फिट हैं। वे अभी भी वनडे क्रिकेट खेल रहे हैं और अच्छे प्रदर्शन कर रहे हैं। ऐसे में उनके फेयरवेल (विदाई मैच) की बात करना जल्दबाजी है।

कोहली और रोहित पहले ही टेस्ट क्रिकेट और टी-20 इंटरनेशनल से संन्यास ले चुके हैं। कुछ दिनों पहले मीडिया रिपोर्ट्स में उनके फेयरवेल मैचों को लेकर चर्चा शुरू हो गई थी। डोमेस्टिक टी-20 लीग यूपी टी-20 को शुक्रवार को दिए गए इंटरव्यू में राजीव ने यह बात कही। फेयरवेल की चिंता करना गलत- राजीव राजीव शुक्ला से जब फेयरवेल मैच को लेकर सवाल किया गया, तब वे बोले उन्होंने अभी तक संन्यास लिया है क्या? रोहित शर्मा और विराट कोहली दोनों वन-डे खेल रहे हैं। उन्होंने संन्यास नहीं लिया है, तो आप उनके फेयरवेल को लेकर क्यों बात और चिंता कर रहे हैं? बीसीसीआई की नीति बिल्कुल स्पष्ट है, हम किसी को भी संन्यास लेने के लिए नहीं कहेंगे, उन्हें खुद अपना निर्णय लेना होता है। उन्होंने आगे कहा, फेयरवेल मैच के आयोजन के लिए जब समय आएगा, तब देखेंगे। आप पहले से ही उनका फेयरवेल आयोजित कर रहे हैं। विराट कोहली बहुत फिट हैं, और रोहित शर्मा बहुत अच्छा खेलते हैं। टेस्ट और टी-20 से संन्यास ले चुके हैं विराट कोहली और रोहित शर्मा टेस्ट और टी-20 इंटरनेशनल क्रिकेट से पहले ही संन्यास ले चुके हैं। उन्होंने 2024 टी-20 वर्ल्ड कप जीतने के बाद रिटायरमेंट का ऐलान किया था। इसके बाद 7 मई को रोहित और 12 मई को विराट ने टेस्ट क्रिकेट से भी संन्यास ले लिया था। आखिरी बार चैंपियंस ट्रॉफी में साथ खेले आखिरी बार वनडे में विराट और रोहित चैंपियंस ट्रॉफी दुबई में साथ खेले थे, जहां को. हली ने पाकिस्तान के खिलाफ शतक जड़ा और रोहित ने फाइनल में अर्द्धशतक बनाया था। प्ब्ज़ के बाद से दोनों ने कोई भी मैच नहीं खेला है। अगली वनडे सीरीज अक्टूबर में आस्ट्रेलिया में होनी हैं। दिसम्बर में शुरू होने वाली विजय हजारे ट्रॉफी और जनवरी 2026 में न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन वनडे मैच में कोहली-रोहित खेलते दिखेंगे। विराट कोहली वनडे में 51 और रोहित शर्मा 32 शतक लगा चुके हैं। दोनों के शतक मिला दिए जाएं तो ये संख्या 83 पहुंच जाती है।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### भारत ने सैफ अंडर-17 महिला चैंपियनशिप में बांग्लादेश को हराया

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत की अंडर-17 महिला फुटबॉल टीम ने सैफ अंडर-17 महिला चैंपियनशिप 2025 में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए भूटान के थिम्पू स्थित चांगलिमथांग स्टेडियम में बांग्लादेश को 2-0 से हरा दिया। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ द्वारा जारी एक बयान में कहा गया, ष्बराबरी के मुकाबले के रूप में देखे जा रहे इस मैच में, भारत की अंडर-17 महिला टीम ने संयमित और प्रभावशाली प्रदर्शन करते हुए सैफ अंडर-17 महिला चैंपियनशिप 2025 में अपनी लगातार दूसरी जीत हासिल की।

### एशिया कप दल से बाहर हुए बांग्लादेश के मेहदी हसन

**ढाका, वार्ता।** बांग्लादेश के विकेटकीपर बल्लेबाज नुरुल हसन और ऑलराउंडर सैफ हसन की एशिया कप टीम में वापसी हुई है। बांग्लादेश ने यूएई में होने वाले टूर्नामेंट के लिए 16-सदस्यीय दल की घोषणा की, जो 30 अगस्त से नीदरलैंड्स के खिलाफ तीन मैचों की टी20 सीरीज में भी हिस्सा लेगा। हालांकि इस दल में ऑलराउंडर मेहदी हसन मिराजऔर मोहम्मद नईम को जगह नहीं मिली है, जो पिछले महीने पाकिस्तान को 2-1 से हराने वाली बांग्लादेश टीम का हिस्सा थे। मेहदी निजी कारणों से नीदरलैंड्स के खिलाफ सीरीज का हिस्सा नहीं होने वाले थे, लेकिन इसके कारण उन्हें एशिया कप से भी बाहर कर दिया गया। गौरतलब है कि मेहदी बांग्लादेश के वनडे टीम के कप्तान हैं। उन्होंने हाल ही में टी20 टीम में वापसी की थी, लेकिन कोई असर नहीं डाल पाए थे। हालांकि वह चार स्टैंडबाय खिलाघ्यिों में शामिल हैं। वहीं नुरुल ने अपना पिछला टी20, 2022 के टी20 विश्व कप के दौरान खेला था, जब उन्होंने पांच पारियों में सिर्फ 41 रन बना पाए थे।

### भारतीय महिला टीम ने जीती उपविजेता ट्रॉफी

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय महिला कुश्ती टीम ने बुल्गारिया के समोकोव में आयोजित 2025 अंडर-20 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में एक बार फिर इतिहास रचते हुए उपविजेता ट्रॉफी जीती और कुल 7 पदक - 2 स्वर्ण, 3 रजत और 2 कांस्य - हासिल किए। स्वर्ण पदक (57 किग्रा): तपस्या ने नॉर्वे की फेलिसिटास डोमजेवा को 5-2 के स्कोर से हराकर भारत का पहला स्वर्ण पदक जीता। स्वर्ण पदक (72 किग्रा): काजल ने चीन की युकी लियू को 8-6 से कड़े मुकाबले में हराकर भारत के लिए दूसरा स्वर्ण पदक जीता। रजत पदक (55 किग्रा): रीना फाइनल में पहुंची, लेकिन अमे. रिका की शीया लेडेकर से 10-2 से हार गईं।

## नॉर्थ जोन गिल का दलीप ट्रॉफी में खेलना मुश्किल



● **ब्लड टेस्ट के बाद बीसीसीआई को रिपोर्ट सौंपी गई, 28 सितम्बर से शुरू होगा टूर्नामेंट**

**नई दिल्ली, वार्ता।** शुभमन गिल 28 सितम्बर से बेंगलुरु में शुरू होने वाली दलीप ट्रॉफी से बाहर हो सकते हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, गिल बीमार हैं। गिल को नार्थ जोन का कप्तान बनाया गया था। रिपोर्ट के मुताबिक, हाल ही में उनका ब्लड टेस्ट हुआ था। इसके बाद फिजियो और मेडिकल टीम ने उनकी रिपोर्ट बीसीसीआई को भेजकर सलाह दी है कि वे दलीप ट्रॉफी में हिस्सा नहीं ले पाएंगे।

फिलहाल, गिल (25) चंडीगढ़ में हैं और घर पर आराम कर रहे हैं। गिल को एशिया कप में भारतीय टीम का उपकप्तान चुना गया है। ऐसे में बोर्ड कोई जोखिम नहीं उठाना चाहेगा। टीम गिल वैसे भी पूरे दलीप ट्रॉफी में नहीं खेल पाते, क्योंकि उन्हें 9 सितम्बर से एशिया कप के लिए नेशनल टीम में शामिल होना था। टीम इंडिया एशिया कप के लिए 4 या 5 सितम्बर को दुबई के लिए रवाना होगी। वहीं, दलीप ट्रॉफी 28 अगस्त से 15 सितम्बर तक चलेगी। ऐसे में वे ज्यादा से ज्यादा एक मैच खेल सकते थे। इंग्लैंड में 4 सेंचुरी लगाई भारतीय टेस्ट कप्तान शुभमन गिल शानदार फार्म में हैं। उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ 5 मैचों की टेस्ट सीरीज में 4 शतकों की मदद से 754 रन बनाए थे। गिल ने पिछले साल भी दलीप ट्रॉफी में खेला था और पहले मैच में इंडिया ए टीम की कप्तानी की थी। हालांकि, उनकी कप्तानी में इंडिया ए को अभिमन्यु ईश्वरन की अगुआई वाली इंडिया बी टीम के खिलाफ 76 रनों से हार का सामना करना पड़ा था। गिल ने रणजी ट्रॉफी के पिछले सीजन में पंजाब की कप्तानी की थी। गिल ने हाल ही में इंग्लैंड के खिलाफ 5 मैचों की टेस्ट सीरीज में 4 शतकों के सहारे 754 रन बनाए थे। रिपोर्ट के मुताबिक, नार्थ जोन के सिलेक्टर्स ने गिल के रिप्लेसमेंट के तौर पर शुभम रोहिल्ला को टीम में शामिल कर सकता है। अंकित कुमार को टीम का उप-कप्तान बनाया गया है।

अब वह दलीप ट्रॉफी में गिल की गैरमौजूदगी में कप्तानी करेंगे। एशिया कप स्क्वाड में शामिल अर्शदीप सिंह और हर्षित राणा भी पहले मैच के बाद नेशनल टीम से जुड़ सकते हैं। नार्थ जोन का पहला मैच ईस्ट जोन होगा। जो बेंगलुरु स्थित बीसीसीआई के सेंटर आफ एक्सीलेंस ग्राउंड में 28 से 31 अगस्त तक खेला जाएगा। नार्थ जोन स्क्वाड नार्थ जोनरू शुभमन गिल (कप्तान), शुभम खजूरिया, अंकित कुमार (उपकप्तान), आयुष बदोनी, कन्हैया वधावन (विकेटकीपर), यश धुल, अंकित कलसी, निशांत सिंधु, साहिल लोत्रा, मयंक डागर, यु( वीर सिंह चरक, अर्शदीप सिंह, हर्षित राणा, अंशुल कंबोज, औकिब नबी। दलीप ट्रॉफी दलीप ट्रॉफी का आगाज 28 अगस्त से होने वाला है। इस साल दलीप ट्रॉफी फिर से जोन आधारित फार्मेट में खेली जाएगी। पिछली बार इसे चार टीमों (ए, बी, सी, डी) के बीच खेला गया था। इसके बाद इसे फिर से पुराने फार्मेट में कराने का फैसला लिया गया है। इस बार फिर दलीप ट्रॉफी के साथ भारत के डोमेस्टिक सीजन की शुरुआत हो रही है।

## इस बार यूएस ओपन 15 दिन खेला जाएगा

● **इस साल 70 हजार अतिरिक्त प्रशंसकों के आने की उम्मीद है**

**न्यूयॉर्क, वार्ता।** इस बार रविवार से शुरु हो रहा वर्ष का चौथा और आखिरी ग्रैंड स्लैम यूएस ओपन 15 दिनों तक खेला जायेगा। टूर्नामेंट आयोजकों ने कहा कि अतिरिकत दिन से न केवल खिलाड़ियों पर कार्यक्रम संबंधी दबाव में कमी आयेगी और बल्कि प्रशंसकों का अनुभव भी बेहतर होगा। पिछले साल 2024 के संस्करण 832,000 से अधिक रिकार्ड दर्शकों को आकर्षित किया था।

इस बार साल 70 हजार अतिरि. कत प्रशंसकों के आने की उम्मीद है। अमेरिकी सनसनी बेन शेल्टन आर्थर ऐश स्टेडियम में एक क्वालीफायर के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेंगे। गत चैंपियन और शीर्ष वरीयता प्राप्त आर्यना सबालेंका का मुकाबला रेबेका मासरोवा से होगा, जबकि रात के सत्र में 19 वर्षीय कैलिफोर्नियाई लर्नर टीएन और चार बार के यूएस ओपन विजेता नोवाक जोकोविच के बीच मुक. ाबला देखने को मिलेगा। लुई आर्मस्ट्रांग स्टेडियम में एम्मा राडुकानू अपने अभियान की शुरुआत एक क्वालीफायर के खिलाफ करेंगी, जबकि चौथी वरीयता प्राप्त टेलर फ्रिट्ज का सामना हमवतन अमेरिकी एमिलियो नवा से होगा। बाद में शाम कोउवर्तमान 13वीं वरीयता प्राप्त डेनियल मेदवेदेव का सामना फांस के बेंजामिन बोन्जी से होगा। पहले दिन जेसिका पेगुला, जैस्मीन पाओलिनी और एम्मा नवारो अपने-अपने मुक. ाबलों में स्पर्धा करेंगे। इस आयोजन को और अधिक समावेशी बनाने के लिए इस वर्ष ऑडियो-वर्णित मैच कमेंट्री, दृष्टिबाधित प्रशंसकों के लिए अनुकूल सुविधाएं और बहुभाषी कैप्शनिंग भी शुरू किया।

## अर्जेंटीना टीम केरल में खेलेगी एक अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल फ्रेंडली मैच

● **यह मेसी और अर्जेंटीना पुरुष फुटबॉल टीम की 2011 के बाद भारत में पहली यात्रा होगी**

● **कोलकाता के साल्ट लेक स्टेडियम में वेनेजुएनेला के खिलाफ फ्रेंडली मैच खेला था**

**ब्यूनस आयर्स, वार्ता।** लियोनेल मेसी की अर्जेंटीना टीम नवंबर में भारत आएगी और केरल में एक अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल फ्रेंडली मैच खेलेगी। भारत में अर्जेंटीना की विश्व चैंपियन टीम किस टीम के साथ मैच खेलेगी इसकी अभी घोषणा नहीं हुई है।

यह मेसी और अर्जेंटीना पुरुष फुटबॉल टीम की 2011 के बाद भारत में पहली यात्रा होगी। उस समय उन्होंने कोलकाता के साल्ट लेक स्टेडियम में वेनेजुएला के खिलाफ फ्रेंडली मैच खेला था। उस मैच में निक. ोलस ओटामेंडी ने गोल किया और अर्जेंटीना ने 1-0 से जीत दर्ज की थी। अर्जेंटीना फुटबॉल एसोसिएशन (एएफए) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी और ला अल्बिसेलेस्ते के इस साल होने वाले फ्रेंडली मैचों का शुरुआती प्रोग्राम जारी किया। नवंबर के मैच तीन मुकाबलों का हिस्सा होंगे, जो फीफा इंटरनेशनल लवडो के दौरान खेले जाएंगे।

बाकी दो मैच लुआंडा अंगोला में होंगे। एएफए ने बयान में कहा कि लियोनेल स्कालोनी के नेतृत्व वाली अर्जेंटीना टीम के पास 2025 में दो फीफा फ्रेंडली लवडो होंगी।

पहली अक्टूबर में (दस से 14 तारीख तक) अमेरिका में होगी, जहां प्रतिद्वंदी और शहर तय किए जाएंगे। दूसरी 10 से 18 नवंबर तक होगी, जिसमें लुआंडा (अंगोला) और केरल (भारत) में मैच खेले जाएंगे, प्रतिद्वंदी बाद में तय होंगे। फ्रेंडली मैच के लिए केरल में सटीक जगह और शहर का ऐलान भी बाद में किया जाएगा।

कोच्चि का जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम राज्य का सबसे बड़ा फुटबॉल मैदान है। मेसी दिसंबर में भारत के व्यकितगत दौरे पर भी आएंगे। यह प्रमोशनल इवेंट 'गोट टूर ऑफ इंडिया 2025' नाम से होगा, जिसमें कोलकाता, अहमदाबाद, मुंबई और नई दिल्ली शामिल रहेंगे। 38 साल के मेसी बीजिंग 2008 ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीत चुके हैं।

उन्होंने 2022 में अर्जेंटीना को फीफा विश्व कप जिताया और पिछले साल दूसरी बार कोपा अमेरिका भी जीता।

● **विमेंस वर्ल्डकप से पहले टीम इंडिया का कैंप विशाखापट्टनम में**

## 25 अगस्त से शुरू होगा महिला विश्व कप

● **साउथ अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया से इसी मैदान पर होगा भारत से मैच**

साउथ अफ्रीका और आस्ट्रेलिया से यहीं मैच होगा



**विशाखापट्टनम, वार्ता।** भारतीय विमेंस टीम की वनडे वर्ल्ड कप तैयारियों के लिए विशाखापट्टनम में ट्रेनिंग कैंप लगाया जाएगा। भारत इसी मैदान में साउथ अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ लीग मैच भी खेलेगा।

एक रिपोर्ट के मुताबिक कैंप 25 अगस्त से शुरू होगा और खिलाड़ियों को एक दिन पहले रिपोर्ट करने के लिए कहा गया है। 15 सदस्यीय वर्ल्ड कप टीम के अलावा इस कैंप में 6 स्टैंडबाय खिलाड़ी भी शामिल होंगे। इनमें सायली सातघारे भी हैं, जिन्हें आस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे टीम में चुना गया है, लेकिन वर्ल्ड कप में उनकी जगह आलराउंडर अमनजोत कौर वापसी करेंगी। इस कैंप इंडिया-ए टीम को भी शामिल किया जा सकता हैं। टीम इस समय ऑस्ट्रेलिया-ए के खिलाफ अनआफिशियल टेस्ट खेल रही है। इंडिया-ए टीम न्यूजीलैंड से बेंगलुरु के सेंटर आफ एक्सीलेंस में अपना पहला वार्म-अप मैच खेलेगी। वहीं श्रीलंका, पाकिस्तान, बांग्लादेश और साउथ अफ्रीका को-होस्ट शहर कोलंबो में रहेंगे और वहीं अपने वार्म-अप मैच खेलेंगे। राधा यादव 24 अगस्त को जुड़ेंगी आलराउंडर राधा यादव 24 अगस्त को मैच खत्म होने के बाद भारतीय टीम से जुड़ेंगी। वे फिलहाल ब्रिसबेन में रेड-बाल मैच में इंडिया-ए टीम की कप्तानी कर रही हैं। राधा यादव इंडिया-ए की आस्ट्रेलिया दौरे में कप्तानी कर रही हैं। विशाखापट्टनम में भारत के 2 लीग मैच कैंप का स्थान भी स्ट्रैटजी के तहत चुना गया हैं। भारत अपने दो लीग मैच, 9 अक्टूबर को अफ्रीका और 12 अक्टूबर को आस्ट्रेलिया के खिलाफ विशाखापट्टनम स्टेडियम में खेलेगा। भारतीय महिला टीम ने आखिरी बार 2014 में यहां वनडे खेला था। उस समय से अब तक वर्ल्ड कप टीम में हरमनप्रीत कौर, स्मृति मंधाना और स्नेह राणा ही शामिल हैं। विशाखापट्टनम के अलावा गुवाहाटी, इंदौर और नवी मुंबई का डीवाई पाटिल स्टेडियम भी इस आठ टीमों वाले टूर्नामेंट की मेजबानी करेंगे।

## राष्ट्रपति ट्रम्प की कठोर नीति का दिखने लगा कुप्रभाव

# अमेरिका में घटी अप्रवासी आबादी



■ विशेषज्ञ बोले: अर्थव्यवस्था को होगा नुकसान, गिरावट का असर श्रम बाजार पर भी पड़ रहा है
■ अमेरिका में जनवरी 2025 से लेकर जून 2025 के बीच अप्रवासियों की संख्या में करीब 15 लाख की कमी दर्ज की गई

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का अप्रवासियों के खिलाफ सख्त रुख रहा है। इसके चलते ट्रम्प प्रशासन में बड़े पैमाने पर अवैध अप्रवासियों को निर्वासित किया गया और सीमा पर सख्ती की गई।

अब उनकी कठोर नीतियों का असर दिखना भी शुरू हो गया है। दरअसल अमेरिका में रहने वाले अप्रवासियों की संख्या में भारी गिरावट दर्ज की गई है। प्यू रिसर्च सेंटर के एक ताजा अध्ययन के अनुसार, अमेरिका में जनवरी 2025 से लेकर जून 2025 के बीच अप्रवासियों की संख्या में करीब 15 लाख की कमी दर्ज की गई है। प्यू रिसर्च सेंटर के अनुसार अमेरिका में आप्रवासियों की कुल संख्या इस साल की शुरुआत में 5.33 करोड़ थी, जो अब घटकर लगभग 5.19 करोड़ रह गई है। प्यू रिसर्च सेंटर की यह रिपोर्ट हाल ही में जारी की गई। प्यू रिसर्च सेंटर के वरिष्ठ जनसांख्यिकीविद् जेफरी पासेल ने मीडिया को बताया कि हम जिस डेटा पर गौर कर रहे हैं, वह एक नाटकीय बदलाव दर्शाता है। इस गिरावट का असर श्रम बाजार पर भी पड़ रहा है। प्यू रिसर्च सेंटर के अनुसार, आप्रवासियों की संख्या में कमी के कारण कार्यबल ने 750000 से ज्यादा कर्मचारियों को खो दिया है। रिपोर्ट में पासेल के हवाले से बताया गया कि श्अमेरिका में कामकाजी उम्र के लोगों की आबादी नहीं बढ़ रही है। इसका मतलब है कि कार्यबल में वृद्धि का एकमात्र तरीका नए प्रवासियों का आना है। अगर कार्यबल नहीं बढ़ता है, तो अर्थव्यवस्था के लिए मुश्किलें खड़ी होंगी। पासेल ने कहा कि आप्रवासी आबादी में भारी गिरावट अभूतपूर्व है। दिलचस्प बात ये है कि अमेरिका में अवैध अप्रवासियों की संख्या में भी गिरावट आनी शुरू हो गई है। साल 2023 में यह आंकड़ा 1.4 करोड़ था। अमेरिका में अप्रवासियों की संख्या में गिरावट आई है, लेकिन अभी भी दुनिया में सबसे ज्यादा अप्रवासी आबादी अमेरिका की ही है। अमेरिका की कुल आबादी में अप्रवासियों की जनसंख्या का प्रतिशत 15.8 प्रतिशत था, जो अब घटकर 15.4 प्रतिशत रह गया है। टेक्सास और कैलिफोर्निया में सबसे ज्यादा अप्रवासी आबादी रहती है।

## भारत संग बिगड़ते रिश्ते पर एक और पूर्व अमेरिकी अधिकारी की ट्रम्प को लताड़

**वाशिंगटन।** भारत पर 50 फीसदी लगाने और बिगड़ते रिश्ते पर एक और पूर्व अमेरिकी अधिकारी ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को लताड़ लगाई है। ओबामा प्रशासन में विदेश मंत्री रहे जान केरी ने कहा कि किसी कूटनीतिक प्रयास के बिना अल्टीमेटम देना कोई महानता नहीं है।

■ किसी कूटनीतिक प्रयास के बिना अल्टीमेटम देना कोई महानता नहीं है: जॉन केरी

भारत और अमेरिका के संबंधों में तनाव बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। केरी ने कहा कि राष्ट्रपति ट्रम्प और पीएम मोदी के बीच टकराव सही नहीं है। हम इससे चिंतित हैं। बड़े राष्ट्र हमेशा लोगों को अल्टीमेटम देकर महानता प्रदर्शित नहीं करते हैं। बल्कि कूटनीतिक प्रयासों के जरिये काम करते हैं। ताकि आम सहमति बनाई जा सके। उन्होंने कहा कि ओबामा शासन के दौरान बातचीत सहयोग और सम्मान के साथ होती थी। लेकिन अब कुछ ज्यादा ही आदेश, दबाव और धक्का-मुक्की हो रही है। केरी ने कहा कि मुझे उम्मीद है कि भारत और अमेरिका मिलकर व्यापार विवाद सुलझा लेंगे। भारत ने स्पष्ट रूप से बेहतर पेशकश की है। पीएम मोदी और वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल हमारे मित्र हैं।



झारखंड। रांची में भारी बारिश के बाद पानी से भरे गैराज में खड़ी एक बस।

## जेलेंस्की के ऑफिस पर मिसाइल हमले को बेताब थे रूसी अधिकारी

बेलारूस। बेलारूस के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर लुकाशेंको ने दावा किया है कि रूस के कुछ अधिकारियों ने यूक्रेन की राजधानी कीव में राष्ट्रपति जेलेंस्की के आफिस पर ओरेशनिक मिसाइल से हमले का प्रस्ताव रखा था। हालांकि, राष्ट्रपति पुतिन ने इसे खारिज कर दिया। लुकाशेंको ने कहा: यह एक सीक्रेट जानकारी है। रूस में कुछ लोगों ने यह विचार रखा था। मैं यह नहीं बताऊंगा कि वे कौन थे। पुतिन ने इस प्रस्ताव को सिरे से खारिज कर दिया। अधिकारी हमला करने को तैयार थे। अगर 'ओरेशनिक' मिसाइल से हमला होता, तो कुछ भी नहीं बचता। इससे पहले, लुकाशेंको ने ऐलान किया था कि बेलारूस 2025 के अंत तक 'ओरेशनिक' मिसाइल सिस्टम तैनात करने की योजना बना रहा है। बता दें कि 'ओरेशनिक' एक मिडिल रेंज की बैलिस्टिक मिसाइल है, जिसकी मैक्सिमम रेंज 5500 किलोमीटर है। यह मिसाइल 10 मैक की स्पीड (12,400 किलोमीटर प्रति घंटा) से उड़ती है और 900 किलोग्राम तक का परमाणु हथियार ले जा सकती है।

## संक्षिप्त समाचार

### ईरान व पाक से 1693 अफगान शरणार्थी परिवार स्वदेश लौटे

**काबुल।** अफगानिस्तान के 1693 शरणार्थी परिवार हाल ही में पड़ोसी देश पाकिस्तान और ईरान से स्वदेश लौट आए हैं। शरणार्थियों की समस्याओं के समाधान के लिए गठित उच्चायोग ने शनिवार को बताया कि इन शरणार्थियों में 6202 लोग शामिल हैं। ये शरणार्थी पश्चिमी हेरात प्रांत में इस्लाम कला सीमा पार, पूर्वी नंगरहार प्रांत में तोरखम सीमा पार, दक्षिणी कंधार प्रांत में स्पिन बोल्डक सीमा पार और पश्चिमी निमरोज प्रांत में अबरीशाम सीमा पार करके अफगानिस्तान पहुंचे।

### न्यूयार्क में टूरिस्ट बस पलटी, पांच की मौत

**अल्बानी।** न्यूयार्क में शुक्रवार को नायग्रा फाल्स से न्यूयार्क सिटी जा रही एक टूरिस्ट बस पलट गई, जिससे 5 लोगों की मौत हो गई और कई घायल हो गए। न्यूयार्क स्टेट पुलिस के मेजर आंद्रे रे ने मीडिया को बताया कि बस के ड्राइवर ने कंट्रोल खो दिया जिससे बस पलट गई। यह हादसा स्थानीय समयानुसार दोपहर करीब 12:30 बजे हुआ। बस में 54 यात्री सवार थे। ज्यादातर यात्रियों ने सीट बेल्ट नहीं लगाई थी, जिससे हादसे के समय खिड़कियां टूटने से कई यात्री बस से बाहर गिर गए।

### जेलेंस्की और नाटो महासचिव मार्क रुटे के बीच वार्ता

**कीव।** यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लोदिमीर जेलेंस्की ने कहा है कि उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) के महासचिव मार्क रुटे से यूक्रेन की सुरक्षा गारंटी के विषय में उनकी बात हुई है। ज़ेलेंस्की ने कहा कि शुक्रवार को हुई बातचीत का उनका उद्देश्य उत्तरी अटलांटिक संधि के अनुच्छेद 5 के समान कोई सुरक्षा गारंटी प्राप्त करना है।

### अफगान में नदी में गिरा ट्रैक्टर, 12 लोगों की मौत

**काबुल।** दक्षिणी अफ़ग़ानिस्तान के हेलमंद प्रांत में शुक्रवार को एक ट्रैक्टर के नदी में गिर जाने से 12 लोगों की मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए। प्रांतीय सूचना एवं संस्कृति निदेशक हाफिज़ अब्दुल बारी राशिद ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि यह भीषण दुर्घटना गरमसिर जिले में हुई, जिसमें तीन महिलाओं और नौ बच्चों की मौके पर ही मौत हो गई और चार अन्य घायल भी बच्चे हैं। अधिकारी ने बताया कि सुरक्षाकर्मी समय पर घटनास्थल पर पहुंच गए और 14 अन्य लोगों को बचा लिया गया।

## ट्रम्प ने पुतिन को फिर से वार्ता के लिए 'कुछ हफ्ते' का समय दिया

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि वह रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को अपने यूक्रेनी समकक्ष वोलोदिमीर जेलेंस्की से मिलने के लिए 'कुछ हफ्ते' का समय और देंगे, जिससे रूस के खिलाफ संभावित नतीजों तक पहुँचने के लिए उनकी समय सीमा और बढ योजगी।

■ यूक्रेन शांति वार्ता शुरू होने का कोई संकेत नहीं

उल्लेखनीय है कि रूसी शीर्ष नेता से दोनों देशों के बीच संघर्ष समाप्त करने की उम्मीद से जेलेंस्की से मिलने और युद्ध समाप्त करने का आग्रह किया था। सीएनएन ने ट्रम्प से पूछा था कि यदि पुतिन मुलाकात के लिए तैयार नहीं हुए तो आप क्या करेंगे। इस पर ट्रम्प ने जवाब दिया कि मैं देखूंगा कि इसमें किसकी गलती है। अगर कोई वजह हैं तो मैं उसे समझूंगा। हम देखेंगे कि उनकी मुलाक़ात होती है या नहीं और अगर नहीं होती है तो उन्होंने मुलाक़ात क्यों नहीं की। मैंने उन्हें मुलाक़ात करने के लिए कहा था लेकिन मुझे दो हफ्ते में पता चल जाएगा कि मेरी कोशिश कहां तक पहुंची है। उल्लेखनीय है कि अमेरिकी राष्ट्रपति का बयान रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव द्वारा शुक्रवार को दिए गए बयान के बाद आया है, जिसमें उन्होंने कहा था कि दोनों नेताओं के बीच बैठक की कोई योजना नहीं है। ट्रम्प ने पिछले सप्ताह अलास्का में पुतिन से मुलाकात की थी और इस सप्ताह व्हाइट हाउस में जेलेंस्की और अन्य यूरोपीय नेताओं से मुलाकात की थी। इसके बाद शांति वार्ता जोर पकड़ती नजर आ रही थी लेकिन अब इस पहल में फिर से गतिरोध नजर आने लगा है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने पुतिन को यूक्रेनी समकक्ष से मिलने के लिए दो सप्ताह का समय दिया था जिसे ट्रम्प कई बार दोहरा चुके हैं।

## मैक्सिको ने ड्रग कार्टेल में अमेरिका हस्तक्षेप को फिर से किया खारिज


**मेक्सिको।** मैक्सिको की राष्ट्रपति क्लाउडिया शीनबाम ने एक बार फिर देश के ड्रग कार्टेल पर कार्रवाई करने में किसी भी अमेरिकी सैन्य हस्तक्षेप को खारिज किया है। सुशीनबाम ने एक कार मैक्सिको की संप्रभुता को दोहराया। ड्रग कार्टेल एक आपराधिक संगठन है जो अलग-अलग ड्रग माफियाओं से मिलकर बनता है, जो लाभ बढ़ाने और अवैध ड्रग व्यापार पर अपना प्रभुत्व जमाने के लिए आपस में गठजोड़ करते हैं। ये कार्टेल अवैध ड्रग्स की आपूर्ति और कीमतों को नियंत्रित करने का लक्ष्य रखते हैं मेक्सिको सिटी में राष्ट्रपति ने कहा कि मैक्सिको स्वतंत्र और संप्रभु है। किसी भी विदेशी सरकार को वह अपनी स्वायत्तता का उल्लंघन नहीं करने देगा। उनकी यह टिप्पणी अमेरिकी ड्रग प्रवर्तन प्रशासन प्रमुख टेरी कोल की उस टिप्पणी के जवाब में आई है जिसमें उन्होंने कहा था कि उनकी एजेंसी मैक्सिकन ड्रग कार्टेल पर हमला करने के अमेरिकी राष्ट्रपति के फैसले का समर्थन करेगी।

## SCO के इतिहास का सबसे बड़ा शिखर सम्मेलन होगा: चीन

### भारतीय पीएम मोदी समेत 20 विश्व नेता और 10 अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के अधिकारी भी होंगे शामिल

**बीजिंग।** चीन ने कहा कि इस महीने के अंत में होने वाला शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) का शिखर सम्मेलन संगठन के इतिहास का सबसे बड़ा आयोजन होगा। इस बैठक में 20 देशों के नेता भाग लेंगे, जिनमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी शामिल हैं। यह शिखर सम्मेलन 31 अगस्त से एक सितम्बर के बीच चीन के तियानजिन शहर में होगा। पांचवीं बार इस दस सदस्ईय समूह की मेजबानी चीन करेगा।

सहायक विदेश मंत्री लियू बिन ने मीडिया से बातचीत में कहा कि यह एससीओ के इतिहास का अब तक का सबसे बड़ा सम्मेलन होगा। लियू ने कहा कि इस सम्मेलन में चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग और उनके रूसी समकक्ष व्लादिमीर पुतिन के अलावा प्रधानमंत्री मोदी व कई अन्य वैश्विक नेता शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि इस सम्मेलन में तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोआन, इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबावो सुबिआंतो, मलयेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम और वियतनाम के प्रधानमंत्री फाम मिन्ह चिन्ह जैसे प्रमुख नेता भी शामिल होंगे। उपमहाद्वीप से पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ, नेपाल के प्रधानमंत्री केपी



■ पाक पीएम शहबाज शरीफ, नेपाल पीएम केपी शर्मा ओली और मालदीव के राष्ट्रपति मुइज्जू भी भाग लेंगे

शर्मा ओली और मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू भी इस सम्मेलन में भाग लेंगे। लियू ने बताया कि संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस और एससीओ महासचिव नुरलान यरमेकबायेव सहित 10 अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के अधिकारी भी इस सम्मेलन में भाग लेंगे। इस वजह से यह आयोजन एससीओ के इतिहास का सबसे बड़ा बन जाएगा। इस साल चीन एससीओ की अध्यक्षताकर रहा है। एससीओ के 10 सदस्य देश रूस, भारत, ईरान, कजाखस्तान, किर्गिस्तान, पाकिस्तान, ताजिकिस्तान, उज्बेकिस्तान, बेलारूस और चीन हैं। इस विस्तारित एससीओ प्लस सम्मेलन को चीन के वैश्विक प्रभाव को दिखाने की कोशिश के रूप में देखा जा रहा है। ज्यादातर नेता इस दो दिवसीय सम्मेलन के बाद भी कुछ समय रुकेंगे, ताकि तीन सितम्बर को बीजिंग में होने वाली चीन की सबसे बड़ी सैन्य परेड को देख सकें। यह परेड जापानी आक्रमण और फासीवाद विरोधी युद्ध में जीत की 80वीं वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित होगी। चीन इस परेड में चौथी पीढ़ी के टैंक और लड़ाकू विमान, ड्रोन आधारित खुफिया और सुरक्षा उपकरण और आधुनिक मिसाइलों का प्रदर्शन करेगा, जिनमें हाइपरसोनिक मिसाइलें भी शामिल हैं। यह जानकारी चीन के सरकारी मीडिया ने दी है। लियू ने बताया कि राष्ट्रपति शी जिनपिंग एससीओ के सदस्य देशों के प्रमुखों की परिषद की 25वीं बैठक की अध्यक्षता करेंगे। इसके साथ ही वह एससीओ प्लस बैठक का भी संचालन करेंगे और मुख्य भाषण देंगे। शी जिनपिंग सम्मेलन में आए नेताओं के लिए स्वागत भोज और द्विपक्षीय बैठकें भी आयोजित करेंगे।

## बांग्लादेश में मीडिया पर कसा गया शिकंजा

### शेख हसीना के बयानों को प्रसारित न करने की चेतावनी

**ढाका।** बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने मीडिया संस्थानों को अवामी लीग की नेता व अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना के किसी भी बयान का प्रसारण या प्रकाशन न करने की चेतावनी दी है। आदेश का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।



■ उल्लंघन पर होगी सख्त कार्रवाई

मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस के प्रेस विंग ने कहा, हम हसीना की बातों और बयानों को फैलाने वाले और भविष्य में ऐसा करने की मंशा रखने वाले मीडिया को चेता रहे हैं कि हम उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई करेंगे। उन्होंने कहा, टेलीविजन चौनलों, समाचार और ऑनलाइन पोर्टलों पर हसीना के ऑडियो चलाना आतंकवाद विरोधी कानून 2009 का उल्लंघन है। इसमें हसीना को एक दोषी अपराधी व सामूहिक हत्याओं और मानवता के खिलाफ अपराधों का भगोड़ा आरोपी बताया गया है। हसीना को को पांच अगस्त 2024 को सड़क आंदोलनों के बाद सत्ता से हटाया गया था। वे इस समय अंतर्राष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण में कई केस का सामना कर रही हैं, हालांकि अभी सजा नहीं हुई है। गौरतलब है कि बीते साल जुलाई 2024 में हुए जनविद्रोह के बाद शेख हसीना के नेतृत्व वाली अवामी लीग सरकार को सत्ता से बेदखल कर दिया गया था। इस जनविद्रोह में बड़ी संख्या में छात्रों ने हिस्सा लिया था। अंततः 5 अगस्त 2024 को हसीना सरकार गिर गई और वह भारत चली गईं। इसके बाद मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व में बनी अंतरिम सरकार ने देश में लोकतांत्रिक माहौल बहाल करने का वादा किया था। पिछले कई महीनों से बांग्लादेश में राजनीतिक दल नए सिरे से आम चुनाव कराने की मांग कर रहे थे। बांग्लादेश में अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस ने घोषणा की थी कि देश में फरवरी 2026 में आम चुनाव होंगे। यह घोषणा 5 अगस्त को शेख हसीना की अवामी लीग सरकार के सत्ता से बेदखल होने की पहली वर्षगांठ के अवसर पर की गई थी।

## श्रीलंका के पूर्व राष्ट्रपति विक्रमसिंघे को रिमांड पर भेजा गया

**कोलंबो।** श्रीलंका के पूर्व राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे को एक स्थानीय अदालत ने 26 अगस्त तक रिमांड पर भेज दिया है। विक्रमसिंघे को सरकारी धन के दुरुपयोग के आरोप में आपराधिक जांच विभाग (सीआईडी) ने गिरफ्तार किया था। श्रीलंका की स्थानीय मीडिया के अनुसार शुक्रवार रात कोलंबो फोर्ट मजिस्ट्रेट कोर्ट ने यह फैसला तब लिया जब सीआईडी की ओर से देश के अटॉर्नी जनरल विभाग के एक प्रतिनिधि ने अदालत को बताया कि विक्रमसिंघे के खिलाफ सार्वजनिक संपत्ति अधिनियम के तहत सबूत पेश किए जाएंगे। प्रतिनिधि ने अदालत से अनुरोध किया कि जांच पूरी न होने के कारण संदिग्ध को रिमांड पर लिया जाए।

## मस्क-ट्रम्प को लड़वाने वाले सर्जियो भारत में अमेरिकी राजदूत बने

**वाशिंगटन।** राष्ट्रपति ट्रम्प ने सर्जियो गोर को भारत में अमेरिका का अगला राजदूत नियुक्त किया है। उन्हें शुक्रवार को दक्षिण और मध्य एशियाई मामलों के लिए विशेष दूत की जिम्मेदारी भी सौंपी गई है।

सर्जियो गोर को मस्क और ट्रम्प के बीच लड़ाई शुरू कराने वाला माना जाता है। मस्क ने नाराज होकर गोर को 'सांप' तक कह दिया था। सर्जियो लंबे समय से ट्रम्प परिवार के भरोसमंद रहे हैं। पहले उनका काम ट्रम्प से जुड़े कार्यक्रमों को देखना था। वे यह भी देखते रहे हैं कि ट्रम्प से कौन मिल सकता है और कौन नहीं। इसलिए अमेरिकी मीडिया उन्हें ट्रम्प का 'गेटकीपर' भी कहती है। यानी कि ऐसा शख्स

**ट्रम्प के चौकरीदार कहे जाते हैं गोर, अमेरिकी राष्ट्रपति बोले: मुझे उन पर पूरा भरोसा, ट्रम्प ने 7 महीने बाद चुना भारत का राजदूत**

जो ट्रम्प तक पहुंचने के रास्ते पर पहरेदार की तरह खड़ा है। गोर को नई जिम्मेदारी मिलने को लेकर राष्ट्रपति ट्रम्प ने खुशी जताई है। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा-कि गोर ने एरिक गार्सेटी की जगह ली है। वे मई 2023 से जनवरी 2025 तक भारत में अमेरिका के राजदूत रहे। ट्रम्प ने भारत में अमेरिकी राजदूत के रूप में सर्जियो गोर को करीब 7 महीने की देरी के बाद नियुक्त किया है। जबकि ट्रम्प ने चीन समेत कई देशों में दिसंबर, 2024 में ही राजदूत नियुक्त कर दिया था। माना जा रहा है कि गोर भारत में अमेरिका फर्स्ट एजेंडे को आगे बढ़ाने में बड़ी भूमिका निभा सकते हैं। गोर ने राष्ट्रपति चुनाव के दौरान ट्रम्प के लिए फंड जुटाने में भी बड़ी भूमिका निभाई। वे ट्रम्प के खास माने जाते हैं उनकी 'अमेरिका फर्स्ट' नीति के कट्टर समर्थक हैं। गोर व्हाइट हाउस में नियुक्तियों की जांच-परख में भी शामिल रहे हैं। उन्हें ट्रम्प की टीम में पर्दे के पीछे सबसे ताकतवर शख्सियतों में से एक माना जाता है। गोर को ऐसे समय में भारत में अमेरिका का राजदूत बनाया जा रहा है जब टैरिफ को लेकर अमेरिका से उसका विवाद चल रहा है।

## चंद्रबाबू नायडू भारत के सबसे अमीर मुख्यमंत्री

**नई दिल्ली।** आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू भारत के सबसे अमीर मुख्यमंत्री हैं। उनके पास 931 करोड़ रुपये से ज्यादा की संपत्ति है।

■ 30 मौजूदा सीएम की कुल संपत्ति में 57 प्रतिशत सिर्फ नायडू के पास

देश के मौजूदा 30 मुख्यमंत्रियों के पास कुल 1632 करोड़ रुपये की संपत्ति है। इसका करीब 57 प्रतिशत हिस्सा चंद्रबाबू के पास है। उनके पास 810 करोड़ रुपये की चल संपत्ति (कैश डिपॉजिट, जेवर आदि) और 121 करोड़ रुपये की अचल संपत्ति (मकान, जमीन आदि) है। चंद्रबाबू पर 10 करोड़ रुपये का कर्ज भी है। वहीं, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के पास सबसे कम संपत्ति है। उनके पास सिर्फ 15.38 लाख रुपये की चल संपत्ति है। ममता के पास किसी प्रकार की अचल संपत्ति नहीं है। चुनाव सुधार के लिए काम करने वाले एनजीओ एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) और नेशनल इलेक्शन वॉच (एनईडब्ल्यू) की एक रिपोर्ट से इस बात की जानकारी मिली है। 27 राज्य और तीन केंद्र शासित प्रदेशों के सभी मौजूदा 30 मुख्यमंत्रियों के हलफनामों का एनालिसिस करके यह रिपोर्ट तैयार की है।

## भारत-चीन के बीच लिपुलेख दर्रे से रुपये-युआन में व्यापार होगा

**नई दिल्ली।** भारत और चीन ने उत्तराखंड के लिपुलेख दर्रे से फिर व्यापार शुरू करने पर सहमति जताई है। यह फैसला चीनी विदेश मंत्री वांग ई की भारत यात्रा के दौरान हुआ।

लिपुलेख के साथ शिपकी ला और नाथु ला दर्रों से भी कारोबार बहाल करने का फैसला लिया गया है। हिमालय के तीन दर्रों से शुरू होने जा रहा भारत-चीन व्यापार पहली बार पूरी तरह सड़क के जरिए होगा। सबसे अहम यह है कि व्यापार अब भारतीय रुपये और चीनी युआन में होगा। अब तक यह 'वस्तु विनिमय' आधारित था।

■ पहले सामान के बदले सामान का लेन-देने होता था यहां मनी एक्सचेंज भी खुलेगा

तिब्बत से व्यापारी नमक, बोराक्स, पशु उत्पाद, जड़ी-बूटियां और स्थानीय सामान बेचने आते हैं, जबकि भारतीय व्यापारी बकरी, भेड़, अनाज, मसाले, गुड़, मिश्री, गेहूं वहां ले जाते हैं। हालांकि, नेपाल ने इस समझौते पर आपत्ति जताई। उसका कहना है कि लिम्पियाधुरा, लिपुलेख और कालापानी उसके क्षेत्र का हिस्सा हैं। उसने भारत और चीन से इस इलाके में कोई एक्टिविटी न करने की अपील की है। ब्रिटिश काल में भी लिपुलेख दर्रा व्यापार और तीर्थयात्रा का प्रमुख केंद्र था। 1991 में भारत और चीन ने इसे औपचारिक व्यापारिक मार्ग बनाया था। भारत-चीन के बीच साल 2005 में 12 करोड़ रुपये का आयात और 39 लाख रुपये का निर्यात हुआ था। साल 2018 में 5.59 करोड़ रुपये का आयात और 96.5 लाख रुपये का निर्यात हुआ था। सदियों से तिब्बत के साथ हमारा व्यापार वस्तु विनिमय पर होता आया है। हम लंबे समय से स्थानीय मुद्रा में व्यापार की मांग कर रहे थे।

## अमेरिका ने फिर बढ़ाई टिकटॉक पर प्रतिबंध की समय सीमा

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि वह टिकटॉक को उसके चीनी मालिक बाइटडांस से अलग करने की समयसीमा को चौथी बार बढ़ाने के लिए तैयार हैं। अगर ऐसा नहीं हुआ तो टिकटॉक को अमेरिका में प्रतिबंध का सामना करना पड़ेगा।

एक संघीय कानून के तहत लोकप्रिय शॉर्ट-फॉर्म वीडियो एप को राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ी चिंताओं को दूर करने के लिए अपने मालिकाना हक में बदलाव करना होगा। इसके लिए टिकटॉक को सितम्बर के मध्य तक नया अमेरिकी मालिक ढूंढना है। इससे पहले प्रतिबंध की समयसीमा

■ टिकटॉक को सितम्बर के मध्य तक नया अमेरिकी मालिक ढूंढना है

जनवरी, फिर अप्रैल और बाद में जून में बढ़ाई गई थी। अब इसे एक बार और बढ़ाया गया है। ट्रम्प का कहना है कि टिकटॉक को खरीदने के लिए कई बड़े अमेरिकी खरीदार तैयार हैं, लेकिन यह सौदा अगले महीने तक पूरा नहीं हो पाएगा, क्योंकि इसमें चीन की मंजूरी भी जरूरी है। कांग्रेस पहले ही टिकटॉक पर प्रतिबंध की मंजूरी दे चुकी है, जब तक कि इसकी मूल कंपनी बाइटडांस अपनी नियंत्रक हिस्सेदारी नहीं बेच देती।



# पिता के खिलाफ जाकर एक्ट्रेस बनी थी वाणी कपूर

**मुंबई।** दिल्ली में पली-बढ़ी वाणी कपूर आज बॉलीवुड की एक मशहूर एक्ट्रेस हैं। फिल्मों में आने से पहले उन्होंने होटल में काम किया था। उनके परिवार का फिल्म इंडस्ट्री से कोई संबंध नहीं था और उनके पिता फिल्मों में आने के खिलाफ थे। हालांकि, उनकी मां ने सपोर्ट किया और फिर वह मुंबई आ गईं। वाणी ने अपने करियर की शुरुआत मॉडलिंग से की और इसके बाद सीधे यशराज फिल्म्स की फिल्म साइन कर ली। उन्हें पहली ही फिल्म से पहचान तो मिली, लेकिन 2016 में रिलीज हुई बेफिक्रे में रणवीर सिंह के साथ उनके 23 किसिंग सीन ने उन्हें चर्चा में ला दिया। वाणी ने इंदिरा गांधी नेशनल ओपन यूनिवर्सिटी (इग्नू) से टूरिज्म में ग्रेजुएशन करने के बाद जयपुर के ओबेराय होटल में इंटर्नशिप की। इसके बाद वह ITC के होटल में काम करने लगीं और यही से उन्होंने फिल्मों में काम करने का मन बना लिया। दरअसल, होटल में एक बार किसी फिल्म की शूटिंग हो रही थी, जिसे देखकर वाणी को फिल्मी दुनिया काफी अच्छी लगी और उन्होंने अपना आगे का करियर उसी में बनाने के बारे में सोच लिया। जब एक्ट्रेस ने अपने इस फैसले के बारे में परिवार को बताया तो वो काफी गुस्सा हो गए थे। वे बिल्कुल नहीं चाहते थे कि वाणी माडलिंग करें या फिल्मों में आएं। वाणी के पिता का हमेशा से यही मानना था कि लड़कियों की जल्दी शादी कर देनी चाहिए। उनकी बड़ी बहन की तो 18 साल की उम्र में ही शादी कर दी गई थी, लेकिन वाणी ने पूरा मन बना लिया था कि वह अपना करियर फिल्मों में ही बनाएंगी। ऐसे में उन्होंने पिता के खिलाफ जाकर माडलिंग की शुरुआत की और नौकरी भी छोड़ दी। इस फैसले में भले ही उनके पिता ने समर्थन नहीं दिया, लेकिन उनकी मां ने उनका पूरा साथ दिया। वाणी ने अपना मॉडलिंग करियर एलीट माडल मैनेजमेंट से शुरू किया था। इस दौरान उन्होंने कई जानी-मानी हस्तियों के साथ रैंप वाक किया। इसके साथ ही वाणी लगातार फिल्मों में काम पाने की कोशिश करती रहीं, लेकिन सफलता नहीं मिल पा रही थी। 2009 में वाणी ने टीवी पर डेब्यू किया। वह सोनी टेलीविजन की सीरीज स्पेशल 10 में बतौर लीड एक्ट्रेस नजर आईं। हालांकि, साल 2013 में फिल्म शुद्ध देसी रोमांस से वाणी ने बॉलीवुड में डेब्यू किया। यह फिल्म यशराज बैनर के तहत बनी थी। फिल्म में वाणी की एक्टिंग की काफी तारीफ हुई और इसी किरदार के लिए उन्हें फिल्मफेयर अवार्ड फार बेस्ट फीमेल डेब्यू से नवाजा गया।

# फराह खान का नाम सुनकर नर्वस हो गई थीं हरनाज संधु



**मुंबई।** मिस यूनिवर्स हरनाज़ संधू का कहना है कि जब उन्हें बताया गया कि फराह खान उनका गाना कोरियोग्राफ करेंगी, तो वह शॉक और नर्वस हो गई थी। मिस यूनिवर्स हरनाज़ संधू फिल्म बागी 4 से बॉलीवुड में डेब्यू कर रही हैं। फिल्म बागी का दूसरा गाना बहली सोनी रिलीज़ हो चुका है। इस गाने को बादशाह ने गाया है और कोरियोग्राफ फराह खान ने किया है। हरनाज़ का लुक भी इस गाने में जबरदस्त चर्चा बटोर रहा है। हरनाज़ ने कहा, जब मुझे बताया गया कि फराह खान मैम मेरा गाना कोरियोग्राफ करेंगी, तो मैं शॉक और नर्वस दोनों हो गई थी। वह एक संस्था हैं, जिनसे इंडस्ट्री के आइकॉनिक पल जुड़े हैं, लेकिन जैसे ही रिहर्सल शुरू हुई, मेरी टेंशन गायब हो गई। फराह मैम का स्टाइल ही अलग है,वो स्ट्रिक्ट भी हैं और इंस्पायरिंग भी। वो आपको आपके बेस्ट तक ले जाती हैं बिना दबाव महसूस कराए। हरनाज ने कहा कि यह सिर्फ डांस स्टेप्स की बात नहीं थी, उन्होंने मुझे कॉन्फिडेंट बनाया और फ्रेम को अपना बनाने का हौसला दिया। ए पूरा एक्सपीरियंस, साजिद नाडियाडवाला सर के विज़न और हर्षा सर की गाइडेंस के साथ, मेरी लाइफ का खज़ाना रहेगा। साजिद नाडियाडवाला की नाडियाडवाला ग्रैंडसन एंटरटेनमेंट के बैनर तले बन रही फिल्म बाग़ी 4 का निर्देशन ए-हर्षा ने किया है। इस फिल्म में टाइगर श्रॉफ, हरनाज़ संधू और संजय दत्त नज़र आएंगे। यह फिल्म 5 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# फिल्म धड़क 2 को लेकर गर्व महसूस करते हैं करण

**मुंबई।** बॉलीवुड फिल्मकार करण जौहर फिल्म धड़क 2 को लेकर गर्व महसूस करते हैं। करण जौहर निर्मित फिल्म धड़क 2 इस साल प्रदर्शित हुई है। धड़क 2 में सिद्धांत चतुर्वेदी और तृप्ति डिमरी की अहम भूमिका है। करण जौहर फिल्म धड़क 2 को लेकर गर्व महसूस करते हैं। करण जौहर इंस्टाग्राम पर अपनी पोस्ट में लिखा, मुझे फिल्म धड़क 2 पर बहुत गर्व है। राइटर, डायरेक्टर शाजिया इकबाल पर गर्व है। जिन्होंने एक पावरफुल फिल्म का रीमेक बनाने जैसा बहादुरी भरा काम किया। मैं धर्मा मूवीज, उमेश जी का भी थैंकफुल हूं। फिल्म की स्टार कास्ट, क्रू का भी मैं बहुत ग्रेटफुल हूं। सिद्धांत चतुर्वेदी, तृप्ति डिमरी ने बहुत ही मुश्किल किरदार निभाए। यह पूरी स्टार मेरे दिल के बहुत करीब है। उन्होंने फिल्म धड़क 2 से जुड़े हर शख्स को अपनी इंस्टाग्राम पोस्ट में धन्यवाद किया है। करण जौहर ने लिखा, 'जब मैं 2003 में फिल्म कल हो ना हो के साथ प्रोड्यूसर बना, तो मेरा एजेंडा साफ था कंपनी बनाओ और पैसा कमाओ। जिससे हम इन हाउस एंटरटेनर्स और मेनस्ट्रीम ऑडियंस के हिसाब से कहानियों को फंड कर सकें। एक फिल्म प्रोड्यूसर के तौर पर मैं क्लीयर था कि हमेशा लोगों को खुश करना है। इससे ही बॉक्स ऑफिस की सफलता मिलेगी। मेरी प्राथमिकता हमेशा से बॉक्स ऑफिस था। अब मैं इस बिजनेस में तीन दशक से हूं, ऐसे में मेरी सोच भी बदली है। मेरा मानना है कि एंटरटेनमेंट जरूरी है लेकिन अपने छोटे-छोटे तरीकों से सोशल चेंज लाने की कोशिश भी जरूरी है। जिससे दर्शकों की सामूहिक चेतना जागे।

# सुष्मिता ने शीना की दमदार शुरुआत की तारीफ की

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री सुष्मिता सेन ने संत तुकाराम में शीना चौहान की दमदार शुरुआत की तारीफ़ की है। सुष्मिता सेन, जिन्होंने अपने करियर के शुरुआती दिनों में शीना चौहान को मेंटर किया था, ने हाल ही में इंस्टाग्राम पर उनकी पहली हिन्दी फिल्म संत तुकाराम के लिए उनकी तारीफ़ की। एक भावुक पोस्ट में, सुष्मिता ने शीना के काम की सराहना की और लिखा, शीना एक शानदार अदाकारा और एक असाधारण इंसान हैं, मुझे आप पर बहुत गर्व है। सुष्मिता सेन ने लिखा, आपकी हमेशा कृतज्ञता और शालीनता दिखाने की क्षमता मुझे आपकी मेंटर होने का सौभाग्य पाकर बहुत गर्वित करती है। हमेशा अपने सफ़र को मेरे साथ साझा करने के लिए धन्यवाद, मैंने भले ही कोई प्रतिक्रिया न दी हो, लेकिन मैंने यह सब बड़े गर्व और खुशी के साथ देखा है। मुझे पता है कि आप लगातार आगे बढ़ती रहेंगी। हर सफलता ईमानदारी से अर्जित और पूरी तरह से हक़दार है। ट्रेलर बहुत पसंद आया, आपको और देखना चाहती थी। मैंने अपना गर्व साझा किया है। मैं आपसे प्यार करती हूं। इस संदेश पर प्रतिक्रिया देते हुए, शीना ने कहा कि मुझे याद है जब मैं पहली बार मुंबई आई थी और सुष्मिता सेन से मिली थी। एक सौंदर्य प्रतियोगिता में भाग लेते हुए मैंने उनसे प्रशिक्षण लिया और एक महीने से ज़डादा समय तक उनके साथ रही।

# यूजर की सर्जरी की सलाह पर मौनी राय का करारा जवाब

**मुंबई।** एक्ट्रेस मौनी राय को अक्सर अपने लुक्स को लेकर सोशल मीडिया पर ट्रोल किया जाता है। लेकिन शुक्रवार को उन्होंने अपनी शक्ल-सूरत पर किए गए एक कमेंट का यूजर को करारा जवाब दिया और कहा कि जिंदगी में नफरत की जगह प्यार बांटे। दरअसल, मौनी राय ने हाल ही में इंस्टाग्राम पर अपनी कुछ तस्वीरें शेयर कीं, जिसे कुछ लोगों ने पसंद किया तो कुछ ने एक्ट्रेस को फिर से ट्रोल करना शुरू कर दिया। एक यूजर ने कमेंट करते हुए लिखा, सच कड़वा होता है। चाहे आप कोई भी हों, उसे निगलना ही पड़ता है। आपकी सर्जरी ने आपको बहुत खराब स्थिति में ला दिया है। आप एक पब्लिक फिगर हैं, इसलिए जो भी अच्छा-बुरा इसके साथ आता है, उसे स्वीकार करना ही पड़ेगा। आपको कोई बेहतर सर्जन चुनना चाहिए था। मौनी ने भी उस यूजर्स के कमेंट का करारा जवाब देते हुए लिखा, अपनी जिंदगी में कुछ अच्छा और काम का कीजिए। सोशल मीडिया पर प्यार बांटने और अपने काम की बात करने के लिए आइए। वरना इसका कोई फायदा नहीं है। जिसे समझना है, वो खुद समझ जाएगा। वहीं, एक्ट्रेस के जवाब के बाद यूजर ने अपना कमेंट डिलीट कर दिया। हालांकि, तब तक उस कमेंट और मौनी के जवाब का एक स्क्रीनशाट सोशल मीडिया पर वायरल हो गया, जिस पर रिएक्ट करते हुए फैंस मौनी की तारीफ कर रहे हैं। मौनी राय हाल ही में जियो हाटस्टार के शो सलाकार में नजर आई हैं। इसमें उन्होंने पाकिस्तान में काम करने वाली एक भारतीय जासूस का किरदार निभाया है।



# सान्या मल्होत्रा का मेंस राइट्स ग्रुप को करारा जवाब



**मुंबई।** एक्ट्रेस सान्या मल्होत्रा हाल में फिल्म मिसेज में नजर आई थीं। इस फिल्म में एक घरेलू महिला की कहानी दिखाई गई थी, जो अपने अधिकारों के लिए लड़ती है। मिसेज के रिलीज के बाद इसे लेकर लोग दो ग्रुप में बंटे दिखे थे।

जहां महिलाएं इस फिल्म को पसंद कर रही थीं, वहां कई पुरुष संगठनों ने इसकी आलोचना की थी। मेंस राइट्स आर्गेनाइजेशन सेव इंडियन फैमिली फाउंडेशन ने फिल्म पर एक तरफा फेमिनिन नैरेटिव दिखाने का आरोप लगाता हुए, इसे टाक्सिक बताया था। हाल ही में सान्या ने इस मुद्दे पर अपनी राय रखी है। सीएनएन-न्यूज 18 शी शक्ति 2025 के एक सेशन के दौरान सान्या ने कहा कि लोग फिल्म की आलोचना करते रहे, क्योंकि इसमें कुछ घरों में महिलाओं की स्थिति की वास्तविकता को दिखाया गया है, जहां उन्हें काम करने की भी अनुमति नहीं है। सान्या की फिल्म मिसेज मलयालम फिल्म द ग्रेट इंडियन किचेन की रीमेक थी। सान्या ने कहा, समस्या यह नहीं है कि खाना नहीं बनना चाहती है। वो खाना बना रही थी। वो तो थाली में सजा के भी दे रही है, परिवार के जीरो एप्रिसिएशन के बावजूद।

# काजोल की वेबसीरीज द ट्रायलः प्यार, कानून, धोखा सीज़न 2 का ट्रेलर रिलीज

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री काजोल की आने वाली वेब सीरीज़ द ट्रायलः प्यार, क़ानून, धोखा सीजन 2 का ट्रेलर रिलीज़ हो गया है।

शो में नोयोनिका सेनगुप्ता के रूप में काजोल की वापसी पहले से भी ज्यादा दमदार, गहन और भावनाओं से भरी नज़र आ रही है। उमेश बिष्ट के निर्देशन और बनिजय एशिया के निर्माण में बना यह शो 19 सितम्बर 2025 से जियोहॉटस्टार पर विशेष तौर पर स्ट्रीम होगा। काजोल के साथ इस सीरीज़ में कलाकारों की एक मज़बूत टीम भी नज़र आने वाली है जिसमें जिशु सेन गुप्ता, सोनाली कुलकर्णी, शीबा चड्ढा, अली खान, कुब्रा सैत, गौरव पांडे और करणवीर शर्मा शामिल हैं। काजोल ने अपने किरदार नोयोनिका सेनगुप्ता की वापसी को लेकर कहा, ट्रेलर तो उस भावनात्मक तूफ़ान की बस एक झलक है, जिसमें नोयोनिका उतरने वाली है।

# उफ, ये लव है मुश्किल के आने वाले एपिसोड्स बेहद रोचक होंगे : आशी सिंह

**मुंबई।** अभिनेती आशी सिंह का कहना है कि सोनी सब के शो उफ यह लव है मुश्किल के आने वाले एपिसोड्स बेहद रोचक होंगे। सोनी सब का लोकप्रिय शो उफ ये लव है मुश्किल अपने उतार-चढ़ाव भरे जज्बाती सफ़र, ड्रामा और युग (शब्बीर आहलूवालिया) एवं कैरी के पेचीदा रिश्ते से लगातार दर्शकों का दिल जीत रहा है। हाल के एपिसोड्स में दर्शकों ने देखा कि कैरी ने भाइयों का झगड़ा सुलझाया, जिसके बाद सभी ने हर साल की तरह युग के साथ राखी का त्योहार मनाया। आने वाले एपिसोड्स में दर्शक देखेंगे कि युग और कैरी, आन्या की मां शालिनी को शौर्य और आन्या की शादी के लिए राज़ी करने की कोशिश करते हैं।

बिकाऊ है।
एक औद्योगिक भूखण्ड क्षेत्र 50850 वर्ग मीटर मय बाऊड्री औद्योगिक क्षेत्र ग्राम गगनोली तहसील लक्सर जिला हरिद्वार।
शीघ्र सम्पर्क करें-
9837333111, 9917200010

प्रवेश सूचना-पैरामेडिकल/वोकेशनल एण्ड यूनिवर्सिटी कोर्स
Admission Open
10th व 12th (OPEN Board) से करें (विषय-साइंस, आर्ट, कॉमर्स)
प्रवेश- 10th हेतु- 8th पास और 10th फेल, 12th-10th पास और 12th फेल
Fresh, Part Admission & TOC Facility Available) (Exam-Oct/Nov 2025)
NIOS(शिक्षा मंत्रालय) कोर्स- DNYS, Radiology(एक्स-रे टैक.), CCH(एलोपैथिक), CAT(आयुर्वैदिक-पंचकर्मा टैक), CHD(होम्यापैथिक), ECCE(प्री-प्राईमरी शिक्षक हेतु), Diploma in Yoga & YTTR, CCA(कम्पयूटर), ET (इलैक्ट्रिकल टैक.) ETC.
Contact for UGC Approved University Courses:-
Dip. in CMS&ED, DPT, DMLT, OPTOMETRY, OPHTHALMIC, OT TECH MPHW, DENTAL TECH. & HYGIENE, RADIOLOGY & BACHELOR (IN All Paramedical), (M.SC, B.SC, B.COM, M.COM) BA/MA/PGD YOGA ETC...
:-प्रवेश हेतु सम्पर्क करे:-
श्री कृष्ण वोकेशनल एण्ड पैरामैडिकल कॉलेज
गांधी कॉलोनी, मेन पचैण्डा रोड, निकट गऊशाला, मु.नगर
M.: 8505978850, 9634519104

ROOP® RAKSHAK
आप के रूप का रक्षक
क्या आप अपने चेहरे के मुहासों (Acne) से परेशान हैं। अपनाएं ....
क्या आप अपने चेहरे के दाग, धब्बे व झाईयों से परेशान हैं, अपनाएं
(भारत सरकार द्वारा रजिस्ट्रर्ड ब्रांड)
Customer Care No. 9457717311

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ
पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108